
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 244
लखनऊ, गुरुवार 7 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दिव्यांगों के लिए विशेष सहायता शिविर आयोजित 10
सद्गुरु जग्गी वासुदेव पहुंचे लखनऊ, संजय प्रसाद ने की मुलाकात 03

# रक्षा त्रिवेणी संगम से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई गति : योगी

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा त्रिवेणी संगम के रूप में टेक्नोलॉजी, ज्ञान और इनोवेशन को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को संगम नगरी में आयोजित नॉर्थ टेक सिंपोशियम के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम की तरह यह सिंपोशियम भी टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री और सैन्य शक्ति के संगम का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा वसुधैव कुटुंबकम की रही है, लेकिन उदारता की रक्षा के लिए शक्ति और सामर्थ्य भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और वायु तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर, स्पेस और डेटा आधारित मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का स्वरूप ले चुका है। ऐसे में तकनीकी आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन में स्वदेशी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद कानून-व्यवस्था में सुधार और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के कारण निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। इसी का परिणाम है कि राज्य में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर तेजी से विकसित हो रहा है। लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे नोड्स में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा उत्पादों के आयातक से निर्यातक देश बन रहा है और उत्तर प्रदेश इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य में स्किल्ड मैनपावर, एमएसएमई नेटवर्क और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डिफेंस सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। समापन सत्र में विंग कमांडर ने कहा कि नॉर्थ टेक सिंपोशियम ने पिछले दो दिनों में टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञता और इनोवेशन का प्रभावी मंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य क्षमता अब टेक्नोलॉजी आधारित तैयारी पर निर्भर है, जो केवल सेना, उद्योग, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार के मजबूत समन्वय से ही संभव है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में डिफेंस इंडस्ट्री के लिए तेजी से विकसित हो रहा इकोसिस्टम देश को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। बड़ी संख्या में उद्योगों, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश डिफेंस टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है। समापन अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सैन्य अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले संस्थानों और प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि रक्षा त्रिवेणी संगम की यह पहल भविष्य में देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई दिशा देगी।



नॉर्थ टेक सिंपोशियम के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने देखी रक्षा प्रदर्शनी, स्वदेशी क्षमता को सराहा

नॉर्थ टेक सिम्पोजियम-2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन कर देश की उभरती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की सराहना की। तीन दिवसीय इस आयोजन में आधुनिक युद्ध की जरूरतों के अनुरूप विकसित अत्याधुनिक तकनीकों, उपकरणों का व्यापक प्रदर्शन किया गया, सेना, उद्योग और स्टार्टअप्स की सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। मुख्यमंत्री ने बुलेटप्रूफ जैकेट, टैक्टिकल गियर, अत्याधुनिक हेलमेट और मल्टी-टेरेन ऑपरेशंस के लिए विकसित सैन्य उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विशेषज्ञों से तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली और उत्पादों की उपयोगिता पर चर्चा की। विशेष रूप से 'हेड-टू-बूट' सुरक्षा प्रणाली, अत्यधिक विषम तापमान में पहने जाने वाले कपड़े और मॉड्यूलर प्रोटेक्शन सिस्टम जैसे इनोवेशन आकर्षण का केंद्र रहे। सिम्पोजियम में प्रदर्शित तकनीकों में ड्रोन, स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, कम्युनिकेशन उपकरण और भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए विकसित एआई आधारित समाधान शामिल रहे। यह आयोजन इस बात का संकेत है कि भारत अब पारंपरिक युद्ध से आगे बढ़कर मल्टी-डोमेन वॉरफेयर यानी साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रॉनिक स्पेक्ट्रम में तैयारी मजबूत कर रहा है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में एमएसएमई, स्टार्टअप्स और रक्षा कंपनियों की भागीदारी ने 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती दी है। समापन अवसर पर समूह फोटो में सैन्य अधिकारियों, उद्योग प्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं की संयुक्त उपस्थिति इस बात का संकेत देती है कि भविष्य का युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और साझेदारी से तय होगा और प्रयागराज का यह मंच उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# भारतीय कंपनियां अमेरिका में करेंगी 20.5 अरब डॉलर का निवेश : सर्जियो गोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारतीय कंपनियां अमेरिका में टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा और अन्य क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश करने की योजना बना रही है। यह बयान बुधवार को भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की ओर से दिया गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोर ने लिखा कि एक ही दिन में 12 भारतीय कंपनियों ने 1.1 अरब डॉलर के नए निवेश की घोषणा की। साथ कहा कि यह निवेश अमेरिका में नौकरियां पैदा कर रहा है और दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह निवेश इस बात का प्रमाण है कि जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र आपस में व्यापार करते हैं, तो सभी को लाभ होता है। अमेरिकी राजदूत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका कई मोर्चों पर आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, और दोनों देशों की मौजूदा सरकारें तेजी से द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा सहयोग और प्रौद्योगिकी साझेदारी को आगे बढ़ा रही हैं। हालांकि, गोर ने उन 12 कंपनियों के नाम का ऐलान नहीं किया, जिन्होंने अमेरिका में निवेश का ऐलान किया है। अमेरिकी सरकार के आधिकारिक डेटा के मुताबिक, अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा मार्च 2026 में 3.8 अरब डॉलर रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के घाटे 7.4 अरब डॉलर से 48.64 प्रतिशत कम है। अमेरिकी सरकार की ओर से बताया गया कि मार्च 2026 में अमेरिका का भारत को निर्यात बढ़कर 4.3 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, भारत से आयात 8.4 अरब डॉलर रहा है। भारत के साथ आयात-निर्यात में अंतर कम होने के बावजूद अमेरिका के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी हुई है। मार्च में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार घाटा बढ़कर 60.3 अरब डॉलर हो गया, जो फरवरी के संशोधित 57.8 अरब डॉलर से 2.5 अरब डॉलर अधिक है।

# रेयर अर्थ व डिजिटल पेमेंट पर भारत-वियतनाम का फोकस



भारत-वियतनाम ने 13 अहम समझौते पर किये हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और वियतनाम के बीच राष्ट्रपति तो लम की भारत यात्रा के दौरान बुधवार को रणनीतिक क्षेत्रों खासतौर पर रेयर अर्थ और डिजिटल पेमेंट में सहयोग को नई दिशा देते हुए 13 महत्वपूर्ण समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्य समझौते के तहत आईआरईएल (भारत) लि. और वियतनाम के वियतनाम का रेडियोधर्मी और दुर्लभ तत्वों की प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआरआरई) के बीच करार हुआ। यह समझौता दुर्लभ मृदा (रेयर अर्थ) तत्वों और अन्य आधुनिक तकनीकों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए, दोनों पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप प्रदान करता है।

डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और स्टेट बैंक ऑफ़ वियतनाम (एसबीवी) के बीच भुगतान प्रणालियों और डिजिटल भुगतानों में नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य वित्तीय नवाचार और डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करना है। साथ ही एनपीसीआई इंटरनेशनल और वियतनाम की एनएपीएएस के बीच क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर कोड पेमेंट इंटरऑपरेबिलिटी पर सहमति बनी है।

भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय के औषधि प्रशासन (डीएवी) के बीच चिकित्सा उत्पादों के विनियमन के क्षेत्र में सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन हुआ। बृहन्मुंबई नगर निगम, मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी पीपल्स कमिटी के बीच मित्रता एवं सहयोग की स्थापना के लिए समझौता हुआ। नालंदा विश्वविद्यालय और वियतनाम की हो ची मिन्ह नेशनल एकेडमी ऑफ पॉलिटिक्स के बीच क्षमता निर्माण को लेकर समझौता हुआ। पर्यटन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए भी समझौते किए गए हैं।

साथ ही दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 25 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इसके अलावा द्विपक्षीय संबंधों को विस्तारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करना, वियतनाम का हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल होना, वियतनाम को भारतीय अंगूर और भारत को वियतनामी दुरियन के निर्यात की घोषणा और माई सन स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर साइट इंटरप्रिटेशन सेंटर की स्थापना की घोषणा की गई।

### डिजिटल टेक्नोलॉजी व आईटी क्षेत्र में दोनों देशों ने साझेदारी मजबूत करने का किया फैसला

डिजिटल टेक्नोलॉजी और आईटी क्षेत्र में भी दोनों देशों ने साझेदारी मजबूत करने का फैसला किया है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा वियतनाम के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ। यह एमओयू डिजिटल तकनीकों और आईटी क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए द्विपक्षीय प्रतिबद्धता को और गहरा करेगा। इसके अलावा ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग को और गतिशील बनाने पर सहमति बनी। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय और वियतनाम के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय के बीच सार्वजनिक क्षेत्र लेखा परीक्षा के क्षेत्र में समझौता हुआ। यह एमओयू भारत और वियतनाम के दो ऑडिट संस्थानों के बीच 2010 के एमओयू को नवीनीकृत करता है और इसे अधिक लचीला तथा गतिशील बनाता है।

# रवींद्र जयंती पर होगा पश्चिम बंगाल के नए सीएम का शपथ ग्रहण समारोह : शमिक

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीतने के बाद नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य ने ब्रिगेड परेड मैदान में भव्य शपथ ग्रहण समारोह की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित कई वरिष्ठ नेता और करीब 20 राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

शमिक भट्टाचार्य ने बताया कि आगामी 9 मई को रविंद्र जयंती के अवसर पर कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में राज्य के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें देश की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। इससे पहले आठ मई की शाम भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है, जिसमें विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा नेतृत्व सक्रिय हो गया है। इस सिलसिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, राष्ट्रीय महासचिव और अन्य नेता कोलकाता पहुंचे, जहां उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की।



इस दौरान उनके साथ प्रदेश भाजपा के नेता ज्योतिर्मय महतो और सौमित्र खां भी मौजूद रहे। नवान्न पहुंचने से पहले शमिक भट्टाचार्य ने चुनाव के बाद हो रही हिंसा पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने साफ कहा कि वोट के बाद किसी भी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### स्वस्थ भारत पोर्टल लॉन्च एक प्लेटफॉर्म से ही निपटेंगे सभी काम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को डिजिटल रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वस्थ भारत पोर्टल लॉन्च किया। यह पहल 10वें नेशनल समिट ऑन इनोवेशन एंड इन्क्लूसिविटी के दौरान किया गया। यह पोर्टल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विकसित किया गया है और आभा से जुड़कर मरीजों के हेल्थ डेटा का सुरक्षित आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक यह पोर्टल अलग-अलग स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बिखरे सिस्टम को एक साथ जोड़कर एक सिंगल प्लेटफॉर्म पर लाएगा। अब तक कई ऐप और पोर्टल अलग-अलग काम कर रहे थे, जिससे डेटा दोहराव और समय की बर्बादी हो रही थी। मंत्रालय ने बताया कि स्वस्थ भारत पोर्टल के जरिए एक ही जगह पर सभी डेटा एंट्री संभव होगी, कई लॉगिन की जरूरत खत्म होगी और रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग आसान होगी। इसके साथ स्वास्थ्य कर्मियों को राहत आशा, एएनएम, सीएचओ और मेडिकल ऑफिसर्स को अब अलग-अलग सिस्टम पर काम नहीं करना पड़ेगा। एक प्लेटफॉर्म से ही सभी काम निपटेंगे, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बचेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इससे इंफ्रास्ट्रक्चर लागत में 20-30 प्रतिशत तक कमी, डेटा एंट्री और स्टाफ दोहराव में 20-40 प्रतिशत तक कमी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेज इआएगी।



## 'अब हर घर शुद्ध पानी'—महिलाओं ने संभाली कमान



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ग्राम पंचायत लौकिहा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत अंबिका प्रेरणा स्वयं सहायता समूह द्वारा आरओ वाटर प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस पहल से अब ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इस तरह की योजनाएं न सिर्फ स्वास्थ्य सुधार में मदद करती हैं, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाती हैं। समूह की सक्रिय सदस्य शिवकुमारी जायसवाल जो फरवरी 2021 से इस समूह से जुड़ी हैं और वर्तमान में एफएलसीआरपी के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 2000 लीटर पानी शुद्ध करने की है। इससे आसपास के सैकड़ोंई परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि समूह का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

## रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध हालात में युवक का शव मिलने से सनसनी




**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़** थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत सरसा गांव के पास गोण्डा-बहराइच रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह स्थानीय लोगों ने ट्रैक किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 28 वर्षीय राम गोपाल, निवासी सरसा (पयागपुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन उपरगामी सेतु का डीएम ने किया निरीक्षण

- रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम द्वारा भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाय: अक्षय त्रिपाठी





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बहराइच-गोण्डा मार्ग पर निर्माणाधीन उपरगामी सेतु 40ए के कार्यस्थल का औचक निरीक्षण करते हुए रेलवे तथा सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की सुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। कार्यस्थल पर मौजूद रेलवे के साईट प्रभारी धर्मेश कुमार ने बताया कि बूस्टिंग गर्डर सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 60 मीटर स्पान विस्तार का कार्य होना है। मौके ही धनुषाकार डोरी गर्डर की ढलाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 02 से 04 दिनों में क्रास बैरियर कंक्रीट का काम पूरा कर लिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर डेक स्लैब बेयरिंग कोट कंक्रीट का काम तथा विस्तार जोड़ का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। डीएम ने कार्यस्थल पर मौजूद सेतु निगम के रवि कुमार को निर्देश दिया कि रेलवे द्वारा अपने हिस्से का कार्य पूरा होते ही सेतु निगम द्वारा भी शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाय। श्री कुमार ने डीएम को आश्वस्त किया कि रेलवे द्वारा कार्य पूर्ण करने के पश्चात सेतु निगम द्वारा अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। निरीक्षण के समय अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 93 श्रमिकों की बेटियों व अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का सामूहिक विवाह संपन्न

- बाबुल का आंगन बना गेंद घर मैदान





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** श्रम विभाग बहराइच द्वारा गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या विवाह अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, मंत्री श्रम, सेवा योजन एवं समन्वय उ.प्र. की प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गोण्डा बीना राय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, उप श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने नवविवाहित जोड़ों सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्शिवाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वीकृति पत्र का वितरण किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त श्री मोदियानी द्वारा उपस्थित सभी महानुभवों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित 93 जोडों के सापेक्ष वधु के माता/पिता (जो भी आवेदनकर्ता पंजीकृत श्रमिक हो) अथवा स्वयं पंजीकृत महिला श्रमिक के विवाह करने पर उनके बैंक खाते में 85000 (रू. पच्चासी हजार) मात्र की हितलाभ धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

## गन्ना सर्वेक्षण कार्य किसानों की उपस्थिति में जारी, किसानों को किया गया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** पेराई सत्र 2026-27 हेतु संचालित गन्ना सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 06 मई 2026 को विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ग़जाह्ववा मजरा भरहा रतोहा एवं सुदर्शनजोत मजरा नारायणपुर दयालीडीह में किसानों की उपस्थिति में गन्ना सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान पेड़ी गन्ना किसान अनिता पत्नी दुखहरण के गन्ना क्षेत्र का सत्यापन अधिकारियों एवं किसानों की मौजूदगी में किया गया। सर्वेक्षण कार्य के दौरान उपस्थित किसानों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें गन्ना सर्वेक्षण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा किसानों से अपील की गई कि वे अपनी उपस्थिति में ही गन्ना सर्वेक्षण कार्य कराएं।

## जिले के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया जागरुक

- 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के द्वितीय चरण के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा चलाया जा रहा है कार्यक्रम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया। 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

## खबरें एक नजर में

### आंधी के बाद देहात में 'बिजली आपात, सैकड़ों गांव अंधेरे में, फीडर फेल, बहाली में देरी

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** पिछले सोमवार की आंधी और मूसलाधार बारिश ने उतरौला तहसील में ऐसा असर छोड़ा है, जिसकी मार अब भी खासकर ग्रामीण इलाकों में साफ दिख रही है। शहर में जहां कड़ी मशक्कत के बाद करीब 30 घंटे में बिजली आपूर्ति पटरी पर आ गई, वहीं देहात के सैकड़ों गांव 48 घंटे बाद भी अंधेरे में डूबे हुए हैं। तेज हवाओं के झोंकों ने बिजली व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले खंभों और लाइनों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। पेड़ और पोल गिरने से तार टूटे और कई फीडर एक साथ ठप हो गए। इसका सीधा असर चमरूपुर, श्रीदत्तगंज, महुआ, गजपुर ग्रिड और मिश्रौलिया फीडर पर पड़ा, जिनसे जुड़े नयानगर, गोगाथर, पकड़ी बाजार, फकीरापुर, बनकटवा, बेथुइया, चीती, कुरथुवा, मझौव्वाकांद, बेलई बुजुर्ग, बकसरिया, हाशिमपारा, पुरैना बुलंद, पेहर, जाफराबाद समेत सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति बंद है। गांवों में बिजली गुल होने का असर अब रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। पानी के लिए मोटर पंप ठप हैं, भीषण गर्मी में पंखे-कूलर बंद पड़े हैं और मोबाइल चार्जिंग तक मुश्किल हो गई है। छोटे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित है, जबकि किसानों के कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। इस आपदा ने एक बार फिर ग्रामीण बिजली ढांचे की कमजोर कड़ियों को उजागर कर दिया है। लंबी दूरी तक फैली फीडर लाइनें, खुले इलाकों से गुजरते तार और जर्जर पोल तेज आंधी में सबसे पहले जवाब दे देते हैं। एक फीडर में खराबी आने पर उससे जुड़े कई गांवों की सप्लाई एक साथ बंद हो जाती है, जिससे बहाली में समय लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल आंधी-बारिश के बाद यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते। ग्रामीणों ने मांग की है कि जर्जर पोल बदले जाएं, लाइनों का नियमित रखरखाव हो और पेड़ों की छंटाई सुनिश्चित की जाए। कुल मिलाकर, शहर और गांव के बीच बिजली बहाली की रफ्तार का अंतर इस आपदा के बाद साफ नजर आ रहा है। जहां शहर में राहत मिल गई है, वहीं देहात अब भी इंतजार में है बिजली के साथ सामान्य जीवन लौटने का।

### गैस एजेंसी पर अनियमितताओं के आरोप मंडलायुक्त से जांच की मांग

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील क्षेत्र के पिपरी कोल्हुई गांव में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम से संबद्ध जय मां पाटेश्वरी वितरण गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल, गोंडा को शिकायत पत्र सौंपकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी की कार्यप्रणाली से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गैस सिलेंडर बुक कराने के बावजूद उन्हें समय पर होम डिलीवरी नहीं मिलती। आरोप है कि बुकिंग के तुरंत बाद एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं से ओटीपी प्राप्त कर लेते हैं और सिस्टम में डिलीवरी दिखा देते हैं, जबकि वास्तव में सिलेंडर घर तक पहुंचाया ही नहीं जाता। इससे उपभोक्ता न तो शिकायत दर्ज करा पाते हैं और न ही उन्हें समय पर गैस उपलब्ध हो पाती है। ग्रामीणों ने एजेंसी प्रबंधन पर कालाबाजारी का भी गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सिलेंडरों को बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

## सीएचसी अधीक्षक ने किया एएनएम सेंटर का निरीक्षण

**साफ-सफाई, टीकाकरण पर जोर, लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** फखरपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर के अधीक्षक डॉ. एन.के. सिंह ने गजाधरपुर एएनएम सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने केंद्र पर दवाओं के स्टॉक, रजिस्टरों के रख-रखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था और टीकाकरण कार्यों की स्थिति का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों से टीकाकरण अभियान की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। अधीक्षक डॉ. सिंह ने एएनएम सेंटर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने टीकाकरण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। डॉ. सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी कि इसमें कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय सीएचओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# आज से प्रारम्भ होने वाली स्वगणना में भागीदार बनें जनपदवासी: डीएम

- स्वगणना के बाद जनगणना कर्मी घर-घर दस्तक देंगे: अक्षय त्रिपाठी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत की जनगणना-2027 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस-वार्ता के माध्यम से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि 07 मई से 21 मई 2026 तक होने वाली स्वगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना में शामिल होने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। डीएम ने बताया कि स्वगणना के बाद जनगणना कर्मी घर-घर दस्तक देंगे। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 22 मई से 20 जून तक की जाएगी। जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 09 से 28 फरवरी, 2027 तक की जाएगी। इसके बाद 01 से 05 मार्च 2027 तक जनगणना का पुनरीक्षण किया जाएगा। इस बार जनगणना में मोबाइल ऐप और आनलाइन डाटा एंट्री प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जिससे आंकड़े सही और तत्काल सुरक्षित हो सकें। डीएम ने बताया कि प्रदेश में गुरुवार से जनगणना-2027 की शुरुआत होने जा रही है। पहली बार होने वाली डिजिटल जनगणना में सात मई से लोगों को स्वगणना की सुविधा दी गई है, जिससे वह घर बैठे जनगणना फार्म खुद भर सकेंगे। इस प्रक्रिया में मिलने वाली एच अक्षर से शुरू होने वाली 11 अंकों की एसई-आइडी सबसे महत्वपूर्ण होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। यह कोई ओटीपी नहीं है बल्कि आपके द्वारा दी गई जानकारी के सत्यापन की मुख्य कुंजी होगी, जिसे 22 मई से घर-घर पहुंचने वाले गणनाकर्मियों के साथ ही साझा करना है। स्वगणना का विकल्प 21 मई तक उपलब्ध होगा। जो लोग इस अवधि में आनलाइन विवरण नहीं भर पाएंगे, वे 22 मई से घर आने वाले गणनाकर्मियों को अपनी जानकारी दे सकेंगे। जनगणना सभी के लिए अनिवार्य है। डीएम ने बताया कि स्वगणना के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल एचटीटीपीएक. एसई डाट सीईएनएसयूएस डाट जीओवी डाट इन पर जाकर मोबाइल फोन नम्बर और नाम के जरिये पंजीकरण करना होगा। इसके बाद भाषा का चयन कर ओटीपी सत्यापन किया जाएगा। फिर पता दर्ज कर मानचित्र पर अपने घर को चिह्नित करना होगा। अंत में 33 सवालों की प्रश्नावली भरकर सबमिट करने पर एसई आइडी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 22 मई के बाद जब गणनाकर्मी घर पहुंचेंगे तो उनका पहचान पत्र देखने के बाद ही यह नंबर साझा करना होगा। यदि दी गई यह जानकारी रिकार्ड से मेल खाती है, तो डाटा स्वीकार कर लिया जाएगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं को सुरक्षा व योजनाओं की दी जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।**

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (पंचम चरण, द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना कोतवाली उतरौला पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाएं शामिल रहीं। पुलिस टीम ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता और सशक्तिकरण प्रदान करना है। इसके साथ ही टीम ने लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, एंबुलेंस सेवा 108, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, गर्भवती महिलाओं के लिए 102, साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रमुख हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या अपराध की आशंका होने पर इन नंबरों के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली में स्थापित महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि महिलाएं अपनी किसी भी समस्या या शिकायत के लिए सीधे यहां संपर्क कर सकती हैं और उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही महिलाओं को चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए, जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहना, आभूषणों को सुरक्षित रखना और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देना।

**एंटी रोमियो टीम ने हेल्पलाइन नंबरों और सतर्कता के उपाय बताए**

## बारात से लौटते समय पेड़ से टकरा कर दो दोस्तों की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



बेलसर मार्ग स्थित तिवारी बाजार के पास मंगलवार की बीती रात्रि में 20 वर्षीय विशाल पुत्र विद्याधर 22 वर्षीय विवेक पुत्र राजू दोनों एक बाइक पर सवार हो कर बारात से घर लौट रहे थे। रास्ते में आधी में गिरा हुआ पेड़ पड़ा था।अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।रात्रि का समय होने की वजह से दोनो काफी देर तक वही पर पड़े हुए थे। बाद में कुछ लोगो ने देखा तो इस की जानकारी पुलिस और एम्बुलेस को दिया। एंबुलेंस से दोनो को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर महराज गंज निवासी विशाल पुत्र विद्याधर और उस का दोस्त विवेक पुत्र राजू निवासी राजा मोहल्ला दोनो शोभित कुमार की बारात तरब गंज थाना क्षेत्र के माधव पुर ग्राम में मंगलवार की देर रात्रि को बाइक से गए हुए थे। दूल्हे का जय माल का कार्यक्रम होने के बाद रात्रि करीब एक बजे के बाद बाइक से ही दोनों घर लौट रहे थे। तिवारी बाजार के पास सोमवार के दिन आई आंधी में एक बड़ा सा पेड़ सड़क पर ही गिर गया था। बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिस से दोनो गम्भीर रूप से घायल हो कर वही पर पड़े हुए थे। कुछ लोगो ने जब देख तब पुलिस को सूचना दिया।मेडिकल कालेज भेजवाया गया तब तक दोनों की मौत हो गई। मृतक विवेक के भाई संजय कुमार ने बताया कि वह दो भाई तीन बहन थे। जिस में सब से छोटा विवेक था।तीनों बहन आंचल शिवानी रेणु की शादी हो चुकी है। मृतक विवेक शहर में एक चाय का होटल करता था। दूसरा मृतक विशाल दो भाई एक बहन थे। मृतक विशाल दर्जी का काम करता था। उस के साथ उस का छोटा भाई विवेक भी उसी के दुकान पर रहता था।

**एक साल पहले हुई थी विवेक की शादी**

मृतक विवेक के भाई संजय कुमार ने बताया कि उस के भाई की शादी करीब एक साल पहले प्रियंका के साथ हुई थी।विवेक की मौत की खबर घर पर मिलते ही कोहराम मच गया।

**भाई संजय ने लगाया लापरवाही का आरोप**

मृतक विवेक के भाई संजय कुमार ने बताया कि उस के भाई का दुर्घटना जब हुआ है तब काफी देर तक वही पर पड़े हुए थे।वहां के। लोगो ने 112नंबर पुलिस को फोन किया तब काफी देर के बाद पुलिस वहां पर पहुंची और इलाज के लिए भेजवाया। वन विभाग पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। संजय कुमार ने बताया कि 24 घंटा बीतने के बाद भी पेड़ सड़क से नहीं हटाया गया। पेड़ सड़क से हटा दिया जाता तो ये दुर्घटना नहीं होती।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। थानाध्यक्ष सादुल्लानगर सत्येंद्र वर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में पंजीकृत मामला संख्या 5249/ 26/ 2000, अपराध संख्या 232/ 2000, धारा 3/5/8 सीएस एक्ट से संबंधित अभियुक्त मौला बक्स पुत्र चैतू निवासी जिगनी थाना सादुल्लानगर, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था, जिसके अनुपालन में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## श्रावस्ती में 8 मई को प्रशासन उतरेगा गांवों तक, 'संध्या संवाद कार्यक्रम' में आयुक्त करेंगी सीधा संवाद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में 8 मई को जनपद श्रावस्ती में 'संध्या संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच तथा शासन की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई के साथ होगी, जहां आयुक्त आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर समाधान के निर्देश देंगी। इसके बाद कर्मचारियों, पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय और पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। दोपहर में आयुक्त विभिन्न निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। इस दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के समय सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ मौके पर उपस्थित रहें। शाम के समय चयनित ग्राम पंचायत में 'संध्या संवाद कार्यक्रम' आयोजित होगा, जिसमें ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। साथ ही गांव में विशेष शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा और प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। आयुक्त ने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## जल भराव पर गायत्री पुरम मोहल्ले की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** शहर से सटे गायत्रीपुरम मोहल्ले व गिर्द गोण्डा ग्रामसभा में जल निकासी व्यवस्था न होने और रास्ते पर जल भराव को लेकर मोहल्ले की तमाम महिलाओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया।

महिलाओं ने बताया कि गायत्री पुरम मोहल्ले के मौहरिया गिर्द गोण्डा ग्रामसभा स्थित अमित ज्वेलर्स के बगल की गली में विगत कई वर्षो से सड़क और नाली निर्माण न होने के कारण हल्की सी बरसात से रास्ते पर जल भराव हो जाता है। जिससे मोहल्ले वालों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जल भराव के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं और उनकी पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। महिलाओं ने यह भी बताया कि जल भराव से कई लोगों के घरों में भी बरसात का पानी भर जाता है। उन्होंने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार उनको समस्या के बारे में बताया गया, किन्तु वे बजट का हवाला देकर मामले को टाल देते हैं। सभी महिलाओं ने जिलाधिकारी से शीघ्र ही समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है। इस मौके पर पूजा त्रिपाठी, रितु मिश्रा, सुमन, रूबी श्रीवास्तव, पिंकी, रेखा यादव, प्रीति, गुड्डी एवं अर्चना सहित दर्जनभर से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं।

# हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 फरियादियों से मुलाकात की और उनके पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने फरियादियों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित करते हुए आदेश दिये कि सभी समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद निस्तारण होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा, साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से इलाज पर होने वाले खर्च का अनुमान मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी।

▸ जनता दर्शन में सीएम योगी ने लोगों को दिया भरोसा

### सीएम ने काशी विश्वनाथ एवं बाबा कालभैरव का किया दर्शन-पूजन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को वाराणसी पहुंचे और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं बाबा कालभैरव मंदिर जाकर दर्शन पूजन किया। मुख्यमंत्री बड़ा लालपुर स्थित चांदमारी निवासी राजीव कृष्ण के आवास पर गए। जहां आयोजित शादी के अवसर पर उन्होंने परिवार जनों को बधाई दी। प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन समन्वय मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ. अवधेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महापौर ने जोन एक का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार सुबह 07 बजे नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-1 क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शहर की साफ-सफाई, रोड स्वीपिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान इन्दिरा भवन के सामने साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। महापौर ने अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं के कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान बालाकदर रोड स्थित ओल्ड एलडीए ऑफिस के पास अवैध रूप से खड़ी क्रेनों को लेकर महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वाहनों को तत्काल कब्जे में लेने के निर्देश दिए। साथ ही जोनल अधिकारी को प्रत्येक वाहन पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश भी दिए गए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अव्यवस्था दोबारा न हो।

महापौर एवं नगर आयुक्त ने अमीनाबाद मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं रोड स्वीपिंग व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को नाइट स्वीपिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर समय से कूड़ा उठान न होने की शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कार्यदाई संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान पर 01 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### सद्गुरु जग्गी वासुदेव पहुंचे लखनऊ, संजय प्रसाद ने की मुलाकात



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सद्गुरु जग्गी वासुदेव बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुँचे। अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद ने ताज होटल में सद्गुरु से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

### कांग्रेस नेताओं ने पंडित मोतीलाल नेहरू को याद कर मनाई जयंती



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर मनाई गयी। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने पं. मोतीलाल नेहरू के गौरवशाली व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक नींव को सशक्त बनाने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। पं. मोतीलाल नेहरू का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्र भक्ति का प्रतीक है, उन्होंने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया, बल्कि अपने विचारों और कार्यों से भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राष्ट्र निर्माण के लिए पंडित मोतीलाल नेहरू का समर्पण और उनके आदर्श सदैव कांग्रेस परिवार के मार्गदर्शक रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश मिश्रा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डा. शहजाद आलम, सुरेन्द्र यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश अवैध खनन में 385 वाहनों पर कार्रवाई, 1.85 करोड़ की हुई वसूली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में उप खनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग को रोकने लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने 1 से 3 मई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान विभाग की सचिव और निदेशक माला श्रीवास्तव के निर्देशों के तहत संचालित किया गया। इस क्रम में प्रदेशभर में कुल 385 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 1 करोड़ 85 लाख रुपये की धनराशि वसूली गई। माला श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में 06 मई से निदेशालय स्तर से पुनः 20 विशेष टीमें विभिन्न जनपदों के लिए रवाना की जा रही हैं। अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन आईएसटीपी के माध्यम से ही सुनिश्चित कराया जाए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने दी जाए। साथ ही, खनन क्षेत्रों में सोर्स प्वाइंट पर ही निर्धारित लोडिंग मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदेश में खनन गतिविधियों में पारदर्शिता एवं विधिसम्मत व्यवस्था बनी रहे।

### युवक पर लाठी-रॉड से हमला, मारपीट का केस दर्ज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक पर हमला हुआ। निवाजीखेड़ा गांव में सुदेश रावत को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटा गया। इस मामले में पुलिस ने डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुदेश रावत ने बताया कि यह घटना 5 मई 2026 की रात करीब 9 बजे हुई। वह निवाजीखेड़ा गांव जा रहा था, तभी अमन, आकाश, विकास और 15 अन्य अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमलावरों ने सुदेश के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और उसके बाएं पैर पर भी गंभीर चोटें पहुंचाई। पीड़ित ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बंथरा पुलिस ने सुदेश रावत की तहरीर के आधार पर अमन, आकाश, विकास और 15 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# देश के कुल दुग्ध उत्पादन में यूपी की 16 प्रतिशत हिस्सेदारी : मेश्राम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ डेयरी सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार

▸ मिनी नंदिनी योजना, गांव में रोजगार, युवा कमा रहे सालाना 10-12 लाख



उत्तर प्रदेश में गो सेवा अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरी है। योगी सरकार में डेयरी सेक्टर ने जिस तेजी से विस्तार किया है, किसानों और युवाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, गांवों में रोजगार के स्थायी अवसर भी पैदा हुए हैं।

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और नंद बाबा दुग्ध मिशन जैसी पहल ने बदलाव को जमीनी स्तर पर साकार किया है। आज प्रदेश के हजारों युवा डेयरी उद्यम के माध्यम से सालाना 10 से 12 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं, जो पहले कभी पारंपरिक पशुपालन में आसान नहीं माना जाता था।

मथुरा के गांव रदोई निवासी देवेन्द्र सिंह का चयन नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में हुआ। उन्होंने आठ साहिवाल एवं दो गिर गोवंश खरीदकर डेयरी यूनिट स्थापित की। सरकार ने उन्हें योजना लागत का 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया। वर्तमान में उनकी डेयरी से औसतन 100 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन हो रहा है, जिससे उनका व्यवसाय लगातार बढ़ रहा है।


अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी अब 16 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यूपी वर्तमान में देश का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य बन गया है।

साहिवाल और गिर नस्ल की गायें अधिक दूध उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता के लिए जानी जाती हैं। योगी सरकार ने इन नस्लों को बढ़ावा देकर डेयरी सेक्टर को नई दिशा दी है। प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर युवाओं को डेयरी सेक्टर से जोड़कर आर्थिक मुख्यधारा में लाया गया है। अपर मुख्य सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम ने बताया कि वृद्धि योजनाबद्ध विकास और मुख्यमंत्री के जमीनी प्रयासों का परिणाम है।

डेयरी सेक्टर में आई यह तेजी उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर का प्रतीक बन चुकी है। आय बढ़ने से युवा गांवों से पलायन नहीं कर रहे हैं। ग्रामीण युवाओं का कहना है कि पहले पशुपालन सीमित आय का जरिया माना जाता था, लेकिन अब यही क्षेत्र सम्मानजनक, स्थायी रोजगार का बड़ा माध्यम बन गया है। बड़े पैमाने पर युवा डेयरी यूनिट स्थापित कर खुद के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। गांवों में गो सेवा अब आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बनती दिखाई दे रही है।

# चौधरी अजित सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और उनकी आवाज थे : रामाशीष

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर किसानों के प्रेरणा स्रोत, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों के सच्चे हितैषी और उनकी आवाज थे। उन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके सिद्धांत, विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चौधरी साहब के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चौधरी अजीत सिंह के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अनिल दुबे, वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, मनोज सिंह चौहान, रामावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, अंकुर सक्सेना, केजीवर्मा, अफसर अली, प्रमोद शुक्ला, चौधरी राम सिंह पटेल, पीके पाठक, सत्य प्रकाश तिवारी, सरताज मालिक, आरिफ महमूद, अनीता यादव, माया देवी, शहजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओडीओसी योजना में यूपी के 75 जिलों का स्वाद

### हर जनपद का पारंपरिक व्यंजन बनेगा पहचान

▸ आगरा का पेठा से बनारस की लस्सी तक हर जिले के खास व्यंजन बनेगा ब्रांड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद और समृद्ध खानपान परंपरा को नई पहचान देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। ओडीओपी की तर्ज पर 'एक जनपद एक व्यंजन ओडीओसी' के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के प्रमुख पारंपरिक व्यंजनों की व्यापक मैपिंग कर ली गई है, जिससे अब हर जिले की अपनी एक खास फूड आइडेंटिटी तय हो गई है। आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, वाराणसी की लस्सी, जौनपुर की इमरती, गोरखपुर के समोसे, मेरठ की रेवड़ी-गजक, लखनऊ का मलाई मक्खन, सहारनपुर का शहद और मुजफ्फरनगर का गुड़ जैसे प्रसिद्ध व्यंजनों को प्रमुखता दी गई है। अन्य जिलों के स्थानीय और पारंपरिक स्वाद कासगंज की सोन पापड़ी, अयोध्या की दही-जलेबी, बलिया का सत्तू, चित्रकूट का मावा और बागपत का घेवर भी इस सूची में शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में ओडीओसी को लागू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई है। योजना के तहत ब्रज क्षेत्र की मिठास, अवध की समृद्ध कचौड़ी-समोसा संस्कृति, पूर्वांचल का देसी स्वाद और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजन, इन सभी को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर 'टेस्ट ऑफ यूपी' की अवधारणा को मजबूत किया जा रहा है। इससे प्रदेश के खानपान की विविधता को एकीकृत पहचान मिलेगी। इस पहल का सीधा फायदा स्थानीय कारीगरों, हलवाई, छोटे दुकानदारों और फूड उद्यमियों को मिलेगा।योगी सरकार ओडीओसी को पर्यटन से जोड़कर फूड टूरिज्म को बढ़ावा देने की रणनीति पर काम कर रही है। अब पर्यटक किसी जिले में जाएंगे तो वहां के प्रसिद्ध व्यंजन का अनुभव लेना भी उनकी यात्रा का हिस्सा होगा। आगरा का पेठा नमकीन गजक पराठा फिरोजाबाद का आलू टिक्की,कचौड़ी मैनपुरी की सोहन पापड़ी भुना हुआ आलू मथुरा का पेड़ा छप्पन भोग माखन मिश्री तुलसी की रबड़ी अलीगढ़ डेयरी उत्पाद कचौड़ी इमरती इंगलास की चमचम हाथरस रबड़ी कासगंज मूंग का दलमा कलाकंद सोन पपड़ी सोरों की मोठ की चाट एटा चिकोरी घेवर पूड़ी अयोध्या कचौरी टिकिया पेड़ा कुल्हड़ वाली दही जलेबी सुलतानपुर पेड़ा समोसा पूड़ी और कोहड़े की सब्जी लाल पेड़ा बाराबंकी चंद्रकला मिठाई लाल पेड़ा अमेठी समोसा गुड़ की खीर गुलगुला बड़ी वाली पूड़ी अंबेडकर नगर बालूशाही चाट खजाना लाल गन्ने की गोटी आजमगढ़ तहरी मूंग दाल की सफेद गाजर का हलवा लौंगलता बलिया सत्तू आधारित उत्पाद बाटी-चोखा मऊ लिट्टी-चोखा गोंठा की भेली बरेलीसेवइयां बर्फी छोले-भटूरे चाट बदायूं खोआ आधारित मिठाई पेड़ा पेड़े लौंज पीलीभीत जलेबी खोआ मिठाई लस्सी लौंजशाहजहांपुर लौंग बर्फी गुड़ समोसे खुरचन बस्ती ठेकुआ पूरी-सब्जीसिरका गुड़ संत कबीर नगर खोआ आधारित मिठाई समोसा पेड़ा जैसे हर जनपद के खास प्रॉडक्ट की पहचान होगी।

# चुनाव में भाजपा ने की बेईमानी, सैकड़ों वीडियो व शिकायतों के बंडल मेरे पास मौजूद : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में आखिरी वक्त तक मजबूती से खड़ा रहा और जीत हासिल की, लेकिन अल्पमत की सरकार बनने के बाद भी विपक्षी दलों के साथ बेईमानी की गई।

अखिलेश यादव ने चंडीगढ़ और कुंदरकी सहित विभिन्न स्थानों पर हुई कथित अनियमितताओं को लेकर भाजपा के 10 नम्बरी मॉडल का जिक्र किया। आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में धांधली कर सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है। उपचुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया का खेलकुंदरकी और रामपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन चुनावों में भारी धांधली हुई है। उन्होंने इसे मल्टी लेयर इलेक्शन माफियाश् का खेल बताया और आरोप लगाया कि वोटों की डकैती की गई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने वोट की शर्मनाक लूट की। पुलिस प्रशासन का अवैध इस्तेमाल करने में उसे कतई संकोच नहीं किया। उत्तर प्रदेश में पीडीए की काट भाजपा के पास नहीं है।

पीडीए का वोट सबसे ज्यादा है। इसलिए भाजपा बौखलाई हुई है। अखिलेश बुधवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान दोनों को बचाने की बड़ी लड़ाई होगी। सपा आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने के लिए संकल्पित है। महिलाओं का आरक्षण पार्टी आधारित होना चाहिए। पहले जातीय जनगणना हो, फिर आबादी के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू हो। इस दौरान सपा अध्यक्ष ने प्रतापगढ़ के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर छात्रों सत्यम यादव एवं ईशान शुक्ला को लैपटॉप देकर सम्मानित किया।


### मतगणना के सीसीटीवी फुटेज हो सार्वजनिक

अखिलेश ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के हालिया चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय से इस मामले का संज्ञान लेने और इस राज्य में हुई मतगणना के सीसीटीवी फुटेज पूरे देश के सामने जारी करने की बुधवार को मांग की। सपा प्रमुख ने बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर धांधली किये जाने और बड़ी संख्या में वोट काटे जाने का आरोप लगाया।

# 500 छात्राओं को सेल्फडिफेंस की मिली ट्रेनिंग

▸ एनसीसी कैडेट्स को किया गया जागरूक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ में एनसीसी छात्राओं को सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग दी गई। ग्यारहवीं गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल में रेड ब्रिगेड ने एनसीसी लखनऊ ग्रुप के कैडेटों के लिए प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'महिला उत्पीड़न और छेड़छाड़ के खिलाफ दृढ़ता से खड़े होने का साहस', जिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स और एनसीसी अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल गौरव गौतम शामिल हुए। संगोष्ठी का संचालन रेड ब्रिगेड की अध्यक्षा ऊषा विश्वकर्मा ने किया। उन्होंने अपने सशक्त वक्तव्यों और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से कैडेटों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। ऊषा विश्वकर्मा ने बताया कि महिलाएं किस तरह आत्मरक्षा कर सकती हैं। किसी भी आपात स्थिति में खुद को सुरक्षित कैसे रखें, सुनसान जगह पर खतरे की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया दें और अपने सम्मान की रक्षा कैसे करें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 500 एनसीसी कैडेटों को महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास, और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के विषय में जागरूक किया गया। ऊषा विश्वकर्मा ने उदाहरणों और लाइव डेमो के जरिए बताया कि किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों में साहस और समझदारी से काम लिया जा सकता है। कैडेटों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ इस प्रशिक्षण को समझा। मेजर जनरल गौरव गौतम ने कहा कि हम लोग हर तरह से प्रयास कर रहे हैं अपने एनसीसी की छात्राओं को मजबूत बनाया जाए। सामान्य जीवन में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है उसी को ध्यान में रखकर इन्हें ट्रेनिंग दी जाती है।

### ताकत के बल पर बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में नकली विजय प्राप्त की : भाकपा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। केन्द्रीय बलों की छत्र छाया में चुनाव आयोग के मूक समर्थन से संघियों के बल पर पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा सरकार पर कब्जा किया है। यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ रामचन्द्र सरस ने बाराबंकी में बयान जारी करते हुए कहा कि एसआईआर से चुनाव धांधली की शुरुआत हुई और मतगणना तक ताकत के बल नकली विजय प्राप्त किया गया है। हद यहां तक हो गई है कि ढाई लाख केन्द्रीय सशस्त्र बलों के सामने लेनिन की मूर्ति जियागंज में तोड दी गई। जगह -जगह संघी आगजनी तोडफोड़ मारपीट कर रहे हैं। केन्द्रीय बल खामोश है। न्याय पालिका खामोश है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए देश भर में जनजागरण और आंदोलन की करेगी।

**सराहनीय** — 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को मिला प्रशिक्षण

# ओबीसी युवाओं को फ्री कम्प्यूटर ट्रेनिंग, बदल रही जिंदगी

▸ आर्थिक कमजोर परिवारों के इंटर पास युवाओं को प्रशिक्षण का अवसर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के युवक-युवतियों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरी है।

इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 29 हजार से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। डिजिटल युग में यह योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। इंटरमीडिएट पास ओबीसी वर्ग के ऐसे युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये या उससे कम है। सरकार द्वारा यह प्रशिक्षण भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत 29,191 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

इनमें 22,407 युवाओं ने ओ लेवल और 6,784 युवाओं ने सीसीसी कोर्स पूरा किया है। ये आंकड़े इस योजना की सफलता और युवाओं में इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाते हैं।प्रदेश में वर्तमान समय में 299 संस्थाएं इस योजना के तहत चयनित हैं। इनमें 52 संस्थान केवल ओ लेवल, 43 संस्थान केवल सीसीसी और 204 संस्थान दोनों कोर्स संचालित कर रहे हैं। यह व्यापक नेटवर्क राज्य के विभिन्न जिलों में युवाओं को आसानी से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहायक है। ओ लेवल कोर्स की अवधि एक वर्ष होती है, जबकि सीसीसी कोर्स मात्र तीन महीने में पूरा होता है।

ओ लेवल प्रशिक्षण के लिए सरकार अधिकतम 15,000 रुपये प्रति प्रशिक्षार्थी और सीसीसी कोर्स के लिए 3,500 रुपये तक की राशि सीधे संस्थान को भुगतान करती है। कोई लाभार्थी पहले ही फीस जमा कर देता है तो सत्यापन के बाद राशि सीधे खाते में भेज दी जाती है।

प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी और संस्थाएं निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करते हैं, जिससे चयन प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहती है। वहीं संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी है। प्रशिक्षण संस्थानों का चयन निदेशक की अध्यक्षता में किया जाता है, जबकि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाता है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है।

# अंतर्देशीय गैंग के पांच तस्कर चढ़े हुसैनगंज पुलिस के हत्थे

▸ थाना प्रभारी हुसैनगंज शिवमंगल सिंह व उनकी टीम की कामयाबी, दो करोड़ 76 लाख की अनुमानित कीमत का आर्गेनिक व अवैध गांजा बरामद

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मध्य ज़ोन की हुसैनगंज पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में बुधवार को एक बेहतरीन सफ़लता हासिल की है जो अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस टीम जुर्म की रोकथाम और अपराधियों की तलाश में बाल विद्या मन्दिर चारबाग के सामने चेकिंग में मशगूल थी तभी एक संदिग्ध स्कॉर्पियो आती दिखी जो पुलिस चेकिंग देख भागने की जुगत में लग गए, किन्तु हुसैनगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्कॉर्पियो सवारों को पकड़ लिया। जिनकी पहचान (1) प्रियांशु तिवारी गोरखपुर (2) राहुल शर्मा गोरखपुर (3) बृजेश राठौर गुजरात (4) रविकांत त्रिपाठी कोलकाता (5) दीपक त्यागी गोरखपुर के रूप में हुई जिनके कब्जे से दो किलो 700 ग्राम नाजायज आर्गेनिक गांजा व 5 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। साथ ही कारोबार में इस्तेमाल किए जाने वाले 8 अदद मोबाइल फोन और स्कॉर्पियो गाड़ी भी पुलिस ने जब्त कर ली। प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह ने बताया कि अभियुक्त रविकांत बैंकॉक थाईलैंड में रहता है जो 4 मई को लखनऊ फ़्लाइट से आया और योजना के मुताबिक इसी दिन बरामद गांजा अपने साथी बृजेश को बैंकॉक में दिया और बृजेश फ्लाइट के जरिए अवैध गांजा लेकर लखनऊ में उतरा था। और माल को अलग अलग शहरों में सप्लाई करने के लिए अपने अन्य साथियों को बुलाकर स्कॉर्पियो में माल भर के निकले थे तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाने में मुक़दमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### गलत दवा देने से मरीज की मौत का आरोप, भाई ने डॉक्टर के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम चकौरा निवासी बालकराम की गलत दवा खाने से मौत का आरोप लगाते हुए उनके भाई रक्षपाल ने डॉक्टर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। ग्राम चकौरा निवासी रक्षपाल पुत्र पूरन लाल ने बताया कि उनके भाई बालकराम को 3 मई को हल्का बुखार आया था। इलाज के लिए वह परसरा परसरी निवासी डॉ. सर्वेश कुशवाह पुत्र लल्लन बाबू से दवा लेने गए थे। आरोप है कि डॉ. सर्वेश कुशवाह की दवा खाने के बाद बालकराम की तबियत और अधिक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने परिजन उन्हें निगोही सीएचसी ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। 5 मई को शाम लगभग 7 बजे जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बालकराम की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सर्वेश कुशवाह द्वारा दी गई गलत दवा के कारण बालकराम की मृत्यु हुई है। रक्षपाल ने थाना निगोही में तहरीर देकर डॉ. सर्वेश कुशवाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांवों में तीन दिवसीय कैंप लगाकर फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाएं: एसडीएम

**तिलहर-शाहजहांपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कार्य की धीमी गति पर एसडीएम जीत सिंह राय ने राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों से कड़ी नाराजगी जताते हुए गांवों में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। एसडीएम जीत सिंह राय ने बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री कार्य प्रगति की समीक्षा की। फार्मर रजिस्ट्री किए जाने की कार्य गति अत्यंत धीमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित लेखपालों से नाराजगी जताई और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि तहसील क्षेत्र के 12 राजस्व निरीक्षकों के नेतृत्व में तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री कैंप गांव में आयोजित किया जाना सुनिश्चित कर कार्य में तेजी लाएं। सभी राजस्व निरीक्षक 6 मई से 8 मई तक फार्मर रजिस्ट्री को लेकर लगने वाले विशेष कैंप मैं लेखपालों की मदद से अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराएं। उन्होंने कहा कि कैंप में फार्मर रजिस्ट्री बनवाने के लिए ग्राम प्रधान, आशा बहुओं, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक से भी सहयोग लें। इसके बावजूद भी यदि मानक से कम फार्मर रजिस्ट्री होती है तो संबंधित लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र में बुधवार को रामलीला मैदान के सामने एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक मोटरसाइकिल और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार नेत्रपाल निवासी जियासमई, जिला कासगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, नेत्रपाल ग्राम कंधरापुर में अपने रिश्तेदारी में आए हुए थे और वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उनके एक पैर में गंभीर चोट आई है और एक हाथ में फैक्चर हो गया। वहीं, टक्कर के बाद प10 कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर बेहद तेज थी, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को परिजनों के साथ इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### विकसित भारत युवा संसद में शाहजहांपुर के युवाओं ने रखे सशक्त विचार



**शाहजहांपुर।** भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत 2047 के विजन पर केंद्रित विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन उत्तर प्रदेश विधानसभा में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित युवाओं ने भाग लेकर देश के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शाहजहांपुर जनपद से चयनित प्रतिभागियों में ऐनुल हुदा अंसारी, स्वर्णिमा गुप्ता, विनीत कुमार, कोमल पांडे और ललित हरि मिश्रा शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समानता और नवाचार जैसे विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य दिए। इस अवसर पर ऐनुल हुदा अंसारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह अधिक से अधिक युवाओं को ऐसे मंचों पर भाग लेने के लिए 'प्रेरित करना चाहती हैं'। उन्होंने बताया कि युवा संसद जैसे कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक समझ को मजबूत करते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस मंच से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला जैसे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखना, टीमवर्क, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना। अंत में उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे बढ़कर ऐसे अवसरों का लाभ उठाएं, क्योंकि 'युवा ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं।

### 7 मई से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणना, डीएम की अपील, जन-जन जुड़ें, सही आंकड़े दें

**शाहजहांपर।** भारत की जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बीच जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आम जनमानस से अपील करते हुए सभी नागरिकों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक पूरा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि मकान सूचीकरण से पहले 7 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना की सुविधा दी जा रही है। इस दौरान नागरिक स्वयं वेब पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल हिंदी, अंग्रेजी समेत 14 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है और परिवार का कोई भी सदस्य मात्र 15 से 20 मिनट में यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है। स्व-गणना पूरी होने के बाद एक SE ID प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना और प्रगणक के साथ साझा करना आवश्यक होगा। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों, शिक्षण संस्थानों और संगठनों के कर्मचारियों के लिए भी स्व-गणना अनिवार्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार के साथ-साथ पड़ोसियों और रिश्तेदारों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, जनगणना से जन कल्याण की अवधारणा को साकार करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सही जानकारी से ही बेहतर योजनाएं बनती हैं। अंत में जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से निर्धारित तिथियों के भीतर स्व-गणना कर जनहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# गर्मी की दस्तक: अमृत सरोवरों में पानी भरवाने का अभियान शुरू

- गांवों में पेयजल व्यवस्था को वाटर कूलर, मटका आदि रखवाने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गर्मी ने दस्तक दे दी है और तापमान में बढ़ोत्तरी से जहां आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो रखा है। वही बेजुबान मवेशियों के लिए भी गर्मी मुसीबत से कम नहीं है। हालांकि जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन की ओर से लगातार हीटवेब, लू से बचाव व उससे होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए लोगों को जहां जन जागरूक किया जा रहा है। वही लोगों को पीने के पानी के लिए न भटकना पड़े, इसके भी प्रबंध किए गए हैं। सरकारी दफ्तरों में आने वाले फरियादियों के लिए वाटर कूलर, मटका आदि रखवाएं जा रहे हैं। साथ साथ साथ रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की व्यवस्था जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं। इसी क्रम में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा भी ग्राम पंचायतों, सार्वजनिक स्थानों, गोशालाओं में गर्मी से निपटने के इंतजाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सीडीओ ने बताया कि गर्मी की शुरुआत हो गई है, ऐसे में आमजन के साथ साथ हम लोगों को बेजुबान पशु पक्षियों की भी चिंता करनी चाहिए। इसके लिए जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी अमृत सरोवरों को पानी से भरवाया जा रहा है और जहां जहां गंदगी अमृत सरोवरों में हो रखी है। उनकी विशेष साफ सफाई भी कराई जा रही है। सीवीओ को निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी गोशालाओं में पशुओं के पानी की व्यवस्था व भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही सीडीओ ने किसानों से भी अपील की कि वह अपनी फसलों के अवशेषों को गोशालाओं को दान करे। जिससे पशुओं के चारा की दिक्कत न हो। गोशालाओं की व्यवस्था दुरस्त रखने को विकास भवन स्थित वार रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लाइव रिपोर्टिंग भी कराई जा रही है। जिससे कि कोई दिक्कत उत्पन्न न हो सके।

## घर से सबमर्सिबल मोटर, पाइप चोरी, पुलिस ने किया मुआयना



**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम गिरगिचा निवासी अवधेश ने निगोही स्टेशन के पास नया मकान बनाया है और उसमें सबमर्सिबल लगवाई थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने नल, पाइप और सबमर्सिबल मोटर चोरी कर ली। सुबह जब अवधेश उठा तो देखा कि नल, सबमर्सिबल और पाइप गायब हैं। सूचना मिलने पर अवधेश ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर निगोही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एडीएम ने निगोही में सफाई कर्मियों के वेतन अनियमितता की जांच एसडीएम तिलहर को सौंपी

- नगर निगमन के प्रश्न की शिकायत का एडीएम प्रशासन ने लिया संज्ञान

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर पंचायत निगोही में सफाई कर्मियों के भुगतान और कार्य व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के मामले में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने एसडीएम जीत सिंह राय को जांच संपति हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम शाहजहांपुर के पार्षद रामनिवास वाल्मीकि ने बीती दो मई की गई शिकायत में बताया कि नगर पंचायत निगोही में पिछले पांच वर्षों से 70 सफाई कर्मियों का भुगतान किया जा रहा है। जबकि वर्ष 2021 से मात्र 38 सफाई कर्मी ही कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि सफाई कर्मियों से अध्यक्ष द्वारा निजी कार्य कराए जाते हैं। पिछले छह माह से ईपीएफ जमा न किए जाने का भी मामला उठाया। आरोप है कि नगर पंचायत का एक बाबू कई घोटालों में लिप्त होते हुए भी ईओ की कुर्सी पर बैठकर बैठक को संबोधित करता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने उक्त मामले की जांच एसडीएम तिलहर जीत सिंह राय को सौंपी है। उन्होंने आरोपो के आधार पर संबंधित सफाई कर्मियों, शिकायतकर्ता तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। साथ ही आरोपी बाबू के खिलाफ विभागीय कार्रवाही कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## पुलिस ने 171 मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपा



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सर्विलांस सेल, एसओजी और थानों की साइबर हेल्प डेस्क की संयुक्त टीम ने 171 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। मोबाइल पाने के बाद सभी के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। बताया जा रहा है कि इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख है। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए गए अभियान में लगातार मॉनीटरिंग और तकनीकी सर्विलांस के जरिए सफलता मिली। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मोबाइल पाकर लोगों ने खुशी जताते हुए पुलिस की प्रशंसा की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत पोर्टल पर ब्लॉक करें और 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें ताकि साइबर अपराध रोके जा सकें और मोबाइल की शीघ्र बरामदगी हो सके।

### नौकरी के नाम पर आठ लाख रूपए की ठगी का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने सरकारी नौकरी के नाम पर लगभग 8 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव धारा निवासी सुनील कुमार पुत्र सुखलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह धारा फिलिंग स्टेशन के नाम से चल रहे पेट्रोल पंप पर 17 वर्षों से मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पेट्रोल पंप का खाता आइसीआइ बैंक की शाखा पुवायां में है। इसलिए पीड़ित का आईसीआई बैंक की शाखा पुवायां में लेनदेन के संबंध में आना-जाना रहता है। बैंक में जनपद इटावा के कोटिहार मैथपुरा निवासी निलेश कुमार पुत्र चंद्रभान सिंह गार्ड की नौकरी करता है। लगातार बैंक में आने जाने से निलेश कुमार से जान पहचान हो गई। जिसके बाद निलेश कुमार ने कहा कि पेट्रोल पंप की मैनेजर की नौकरी छोड़ दो। मेरी रेलवे विभाग में अच्छी खासी जान पहचान है। मैं तुम्हारी नौकरी रेलवे विभाग में लगवा दूंगा। जिसके बाद उक्त व्यक्ति नौकरी का प्रलोभन देकर रुपए की ठगी करने लगा। पीड़ित ने ऑनलाइन के माध्यम से 249500 रुपए उक्त व्यक्ति के खाते पर तथा जनपद आगरा निवासी उसका साथी बंटू के खाते पर 75480 रुपए भेजें। इसके बाद निलेश ने कहा कि फार्म सभी जगह से पास हो गया है बस एक जगह से और पास होना है। जिसके लिए 4लाख रूपए और देने होंगे। पीड़ित ने जब रुपए देने से इनकार किया तो उक्त व्यक्ति ने कहा कि जो रुपए अभी तक दिए है वह भी वापस नहीं मिल पाएंगे। जिसके चलते पीड़ित ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पुवायां में गोल्ड लोन कराकर 16 मई 2025 को 2 लाख रूपए तथा 26 सितम्बर 25,को पुनः 2 लाख रूपए निलेश को दिए। इसके बाद पीड़ित ने नौकरी की बात की तो उक्त व्यक्ति झांसा देता रहा। तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर रुपए वापस दिलाए जाने तथा उक्त व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## ट्यूबवेल के खराब होने से रेलवे आवासों में पेयजल संकट

- नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने रेल प्रशासन के विरूद्ध किया प्रर्दशन

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा स्टेशन से जुड़े रेलवे आवासीय परिसरों में रहने वाले कर्मचारियों को इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। करीब 600 आवासों वाली प्रेमनगर कॉलोनी, अस्पताल कॉलोनी, कोयला कॉलोनी और स्टेशन कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। पेयजल के लिए चार ट्यूबवेल स्थापित हैं, लेकिन इनसे नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कुछ आवासों तक पानी पहुंच भी रहा है तो वह बहुत धीमी गति से, जबकि कई घरों में पानी बिल्कुल नहीं पहुंच रहा है। इससे कर्मचारियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। रेलवे कालोनियों का भार नहीं उठा पा रहें हैं वो भी अक्सर खराब पड़े रहते हैं। हालात यह हैं कि लोगों को अपनी जरूरत पूरी करने के लिए पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है। पेयजल की समस्या को देखते हुए रेल प्रशासन ने बुधवार को पानी के टेंकर की व्यवस्था की, लेकिन लेकर रेलकर्मियों को पेयजल नहीं मिल पाया। पेयजल की समस्या को लेकर नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी व रेलकर्मी बुधवार की सुबह रेलवे पावर हाऊस में एकत्र हुए और रेल प्रशासन के विरूद्ध जमकर प्रर्दशन किया। दूसरी ओर, कालोनियों में लगे अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। जो कुछ हैंडपंप चालू हैं, उनसे निकलने वाला पानी दूषित बताया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। प्रर्दशन में नरमू रोजा अध्यक्ष अवधेश सक्सेना, शाखा सचिव अमित भागवत मिश्र, चंदन कुमार, फसाद हुसैन, एसए खान, मनीष, निर्मल कुमार, सुशील भट्ट, आशीष राठौर, संदीप, राजकुमार, मनदीप सिंह, सुमेन्द, आदित्य आदि मौजूद थे।

**जल्द ठीक होंगे ट्यूबवेल**

रोजा के वरिष्ठ खण्ड अभियंता कार्यालय केके अवस्थी ने बताया कि प्रेमनगर कालोनी का ट्यूबवेल संख्या एक मंगलवार की रात खराब हो जाने से पेयजल संकट उत्पन्न हो गया हैं। इस संबंध में मुरादाबाद डिवीजन को सूचना दे दी गई हैं। वहां से इंजीनियर आकर ट्यूबवेल को ठीक कर देंगे।

## मानसिक संतुलन बिगड़ने पर ग्रामीण फांसी के फंदे पर झूला, मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक रूप से परेशान ग्रामीण ने पेड़ पर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

कोतवाली क्षेत्र केगांव ढकिया शोभा में नरेंद्र कुमार 52 ने घर के बाहर खड़े आम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। समीपस्थ मंदिर के पुजारी ने परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम को भिजवाया। मृतक के भाई संजय सिंह ने पुलिस को बताया कि नरेंद्र कुमार शराब नशे के आदी थे। इस लत से परेशान होकर वह शराब छोड़ने की दवाई भी लाए थे। जिसे खाने के बाद से ही उनका दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। मृतक के दो बेटे राज गौतम और राज गौरव दिल्ली में काम करते हैं। तीसरा बेटा आकाश घर पर ही रहता है। बड़ी बेटी सपना की शादी हो चुकी है। वही छोटी बेटी कल्पना मेरठ में रहकर डिप्लोमा कर रही है। नरेंद्र की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

## बेधड़क दौड़ते ओवरलोड वाहन, पुलिस-प्रशासन मौन, हो रहे हादसे

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों का संचालन इन दिनों बड़ी समस्या बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की उदासीनता के चलते ये वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों का उपयोग सरकारी नियमों के तहत केवल कृषि कार्यों के लिए होना चाहिए, उनका इस्तेमाल धड़ल्ले से भूसा, धान की भूसी और लकड़ी जैसी सामग्रियों की ढुलाई में किया जा रहा है। यह पूरी तरह व्यावसायिक उपयोग की श्रेणी में आता है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। कटरा-खुदागंज हाईवे सहित नगर के प्रमुख चैराहों पर इन ओवरलोड वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ओवरलोड ट्रालियों में अचानक ब्रेक लगाने पर संतुलन बिगड़ने से पलटने का खतरा अधिक रहता है, जो गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे ओवरलोड वाहनों पर तत्काल सख्ती बरती जाए, नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**सूचना**

मेरा अंकपत्र में नाम TEHSEEN MANSOORI दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में गलती से Tahasin अंकित हो गया है, जोकि गलत है। तहसीन मंसूरी पुत्र बबलू निवासी-ग्राम-गंगसरा, तहसील -पुवायां, शाहजहांपुर।

**अदालती सूचना**

**ता. पेशी 07-05-2026**
**इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) पुवायां जिला-शाहजहांपुर**

उत्तराधिकार वाद संख्या 01 वर्ष 2026 सत्यवती
बनाम
उमा देवी शुक्ला बनामः-1. उमा देवी शुक्ला पत्नी रामबाबू नि. ग्रा. सिरखिड़ी तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण।

अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी सत्यवती वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. सरवती पुत्री परवत मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी सत्यवती वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 07-05-2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है। लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 07-05-2026 पेश होकर उजर पेश करे। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 06-05-2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार वाद लिपिक सिविल जज (जू.डि.) पुवायां जि. शाहजहांपुर।**

## हार्टफुलनेस मेडीटेशन को घर घर तक पहुंचाएं मिशन के अभ्यासी: दाजी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- आठ दिवसीय आध्यात्मिक महाकुंभ का समापन
- रामचंद्र मिशन आश्रम में देश विदेश के हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर किया गुरुसत्ता को प्रणाम



श्रीराम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में दो चरणों आयोजित आठ दिवसीय बाबूजी महाराज की 127 वीं जयंती समारोह का आज समापन हो गया इस अंतिम चरण में अभ्यासियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातःकाल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशदृविदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की तथा बाबूजी महाराज के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि इस उत्सव का मूल उद्देश्य, जैसा कि हमारे मिशन के गुरुओं ने कामना की है कि अहंकार का त्याग करें। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करने के लिए, हमें अपने अहंकार को त्यागना होगा। ऐसा करने से भाईचारा स्वतः विकसित होगा और शिकायतें दूर हो जाएँगी। दाजी ने कहा कि अभ्यासियों को अपने माता-पिता और गुरु के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए। हम सभी अपने महान गुरुओं की आध्यात्मिक संतान हैं। दाजी ने मतभेदों को दूर कर आपसी सद्भाव के साथ बाबूजी के संदेश को घर घर तक पहुंचाने का आवाहन करते हुए कहा कि बाबू जी का संदेश था कि अभ्यासियों को सिंह के समान बनने और अपने मिशन की प्रगति के लिए भाइयों की तरह जुड़े रहे। उन्होंने उत्सव में बड़ी संख्या अभ्यासियों के आगमन के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए आगे भी बड़ी संख्या में आश्रम में उपस्थित होकर आश्रम की जीवंतता बनाए रखने का आह्वान किया। आयोजन को सफल बनाने में मिशन संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, शालिनी श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, अविरल तिवारी, कृष्णा भारद्वाज, राकेश सक्सेना, आदि का विशेष सहयोग रहा। उत्सव समाप्त होने के बाद दाजी मिशन के आदि गुरु लाला जी महाराज की जन्मस्थली फतेहगढ़ आश्रम के लिए रवाना हो गए।

### वारंटी को किया गिरफ्तार, लंबे समय से था फरार

**खुदागंज शाहजहाँपुर।** पुलिस टीम ने न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) और 83 सीआरपीसी की कार्रवाई के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त प्रभु सिंह पुत्र रतिभान सिंह निवासी ग्राम बमियाना, थाना खुदागंज के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वाद संख्या 5146/25 (अ.सं. 32/96) धारा 324 भादवि के तहत वारंट व 83 सीआरपीसी की नोटिस जारी की गई थी। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में बुधवार 6 मई 2026 को उप-निरीक्षक राजेन्द्र सिंह व पुलिस टीम ने अभियुक्त के आवास पर दबिश दी। अभियुक्त घर पर मौजूद मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी की विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## खबरें एक नजर में

### किसान यूनियन की पंचायत स्थगित

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी) द्वारा 8 मई 2026 को प्रस्तावित विशाल किसान महापंचायत को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष गुलजार सिंह एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनेश्वर दयाल कठेरिया ने दी। नेताओं के अनुसार, किसानों की मूलभूत और ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर ब्लॉक सिंधौली में महापंचायत आयोजित की जानी थी। इसी क्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिला अधिकारी शाहजहांपुर तथा पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के साथ वार्ता हुई। बैठक में प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा महापंचायत न करने का अनुरोध भी किया गया, जिसे संगठन ने स्वीकार कर लिया। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन के आश्वासन को देखते हुए फिलहाल 8 मई को प्रस्तावित महापंचायत को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। संगठन का कहना है कि यदि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ, तो भविष्य में पुनः आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### स्थापना दिवस पर तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने आयोजित कराया भंडारा

**शाहजहांपुर।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर वृहद भंडारा आयोजित किया गया। टॉपर वाले बाबा के चित्र के समक्ष भोग लगाकर शुभांरभ किया गया। इस पुनीत कार्य में स्कूल स्टाफ और प्रबंध तंत्र ने सहभागिता की। रोड पर राहगीरों और स्कूल के अंदर बच्चों, स्टाफ और शहर के गणमान्य लोगों के लिए प्रसाद के स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर राजकुमार खंडेलवाल, अरुण खण्डेलवाल, अशोक अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, चंद्रशेखर खन्ना धीरू, शिल्पी गुप्ता, स्वाती सिंह, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक खंडेलवाल, मनु खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल, सौरभ खंडेलवाल, पलक खंडेलवाल, राजकुमार सक्सेना, अमृत लाल, पवन रस्तोगी, पंकज चड्ढा, संतोष रस्तोगी, विवेक तुली, गौरव अरोरा, मोहित मिड्ढा आदि मौजूद रहे। आभार प्रखर खंडेलवाल ने व्यक्त किया।

### आल सेंट्स स्कूल में मनाया गया रेड डे, एप्पल, गाजर, टमाटर की वेशभूषा में सजे नन्हे मुन्ने बच्चे

**शाहजहांपुर।** महानगर के मोहल्ला भारद्वाजी स्थित आल सेंट्स स्कूल में आज रेड डे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को लाल रंग का महत्व समझा कर उससे परिचित करवाया इसकी तत्पश्चात बच्चों ने स्ट्रॉबेरी, सेब को क्राफ्ट के द्वारा बनाकर अपनी पुस्तक में लगाया। कार्यक्रम के लिए एक्टिविटी कक्ष को लाल रंग के गुब्बारों व हृदय की आकार से कटे लाल रंगे कागजों आदि से सजाया गया बच्चे यह सब देख कर बहुत आनंद उठा रहे थे इसके पश्चात लाल रंग से संबंधित एक्टिविटीज करवाई गई तथा अंत में बच्चों को जूस और फलो को बांटा गया। कार्यक्रम का संचालन रूबी, दीपिका और फरीन ने किया इस मौके पर सुपरवाइजर श्रुति पांडेय और शिक्षिकाएं अल्फिया , दीपिका, शगुफ्ता और आफिया आदि मौजूद रहीं।

### निगम के तीन प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क पर तकरार, व्यापारियों ने जताया विरोध

**शाहजहांपुर।** व्यापार मंडल मिश्रा गुट की कोर ग्रुप बैठक में नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी किराए पर तय शुल्क के अतिरिक्त 3 प्रतिशत वसूले जाने का मुद्दा जोर-शोर से उठा। पदाधिकारियों ने इसे अनुचित बताते हुए व्यापक स्तर पर विरोध करने की चेतावनी दी। बहादुरगंज स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला महामंत्री नाजिम खान ने कहा कि निगम द्वारा अतिरिक्त शुल्क लेना व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। इस पर जल्द ही आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने प्रदेश सरकार का आभार जताते हुए कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता समाप्त किया जाना सराहनीय कदम है। उन्होंने मांग की कि विद्युत विभाग सभी उपभोक्ताओं के यहां लगे प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाकर पोस्टपेड मीटर लगाए, क्योंकि वर्तमान में इन्हें परिवर्तित करने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने एक्सप्रेसवे को शीघ्र चालू कराने पर धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा पाइपलाइन लीकेज ठीक करने के बाद सड़कों को अधूरा छोड़ दिया जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री सुल्तान अहमद, युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नगर महामंत्री अतुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतनाम चावला, युवा महामंत्री कमल फहीम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सुरेंद्र सेठी, अभिषेक गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम व सीओ ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- व्यवस्थाओं को रात में ही दुरुस्त किए जाने के दिए निर्देश
- गुरुवार सुबह आठ बजे से सीसीटीवी कैमरों व भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी मतगणना



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम जीत सिंह ने सीओ ज्योति यादव के साथ ब्लॉक परिसर में बनाए गए मतगणना स्थल का जायजा लेते हुए सारी व्यवस्थाएं रात तक दुरुस्त किए जाने के अधीनस्थों को निर्देश दिए । गुरुवार (आज) सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी मतगणना ।

गौर तलब है कि तिलहर क्षेत्र की कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को हुए उपचुनाव की मतगणा के लिए तिलहर ब्लॉक मुख्यालय परिसर में मतगणना स्थल बनाया गया है । चूंकि गुरुवार सुबह मतगणना शुरू होनी है। सो इसी क्रम में बुधवार शाम छह बजे एसडीएम जीत सिंह राय व सीओ ज्योति यादव मतगणना स्थल पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि मतगणना में छह टेबल लगाई गई हैं। पांच टेबल पर छह राउंड तथा तीन टेबल पर पांच राउंड में वोटो की गिनती की जाएगी । उन्होंने बताया कि भरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने इस दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह व अव्यवस्था उत्पन्न करने बालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की भी हिदायत दी है। इस दौरान कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# कई दिनों से युवक लापता

**सिधौली शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता रामनरेश ने कोतवाली सिंधौली तथा रौंजा थाने में तहरीर देकर अपने बेटे की तलाश की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि उनका लगभग 20 वर्षीय बेटा शिवम एक मई को घर से यह कहकर निकला था कि वह रौजा स्थित आदर्श नगर कॉलोनी में अपनी बहन पूनम के यहां जा रहा है, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। परिजनों ने युवक की काफी तलाश की, रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में भी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इससे परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है। पिता ने पुलिस से जल्द से जल्द बेटे को खोजने की मांग की है। गुमशुदा शिवम का कद करीब साढ़े चार फीट है, रंग सांवला, चेहरा लंबा है। घटना के समय वह हरे रंग की चेकदार शर्ट और आसमानी रंग की पैंट पहने हुए था तथा पैरों में जूते थे। परिजनों के अनुसार शिवम का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव, गांव में मचा हड़कंप

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



परौर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां कुबेरपुर और कुइयां दांडी के बीच एक आम के पेड़ पर प्रेमी युगल के शव फंदे से लटके मिले। दोनों ने एक ही फंदे से आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब पेड़ पर शव लटके देखे तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। मृत युवक की पहचान 18 वर्षीय शुभेन्द्र के रूप में हुई है, जबकि युवती भी उसी गांव की बताई जा रही है। पेड़ की जिस डाल पर दोनों के शव लटके मिले, उसी के पास दूसरी डाल पर युवती की चुनरी रखी मिली, जिसने घटना को और रहस्यमय बना दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**बरात में होने का समझकर नहीं की तलाश:** युवक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात गांव में दो बरातें आई थीं। उन्हें लगा कि शुभेन्द्र बरात में गया होगा, इसलिए उसकी तलाश नहीं की गई। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिवार सदमे में आ गया।

**बदनामी के डर से नहीं पहुंचा लड़की पक्ष:** घटना एक ही गांव की होने के बावजूद युवती पक्ष के लोग मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि बदनामी के डर से परिवार ने दूरी बना ली। पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

# खरीदारी कर लौट रहा युवक लहूलुहान मिला

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हमें सूचना मिली थी कि एक युवक सड़क किनारे घायल पड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा।
**राजीव तोमर, थाना प्रभारी, जलालाबाद**

जलालाबाद थाना क्षेत्र के टापर गांव के पास बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक युवक को खून से लथपथ तड़पते हुए देखा। युवक की हालत इतनी गंभीर थी कि वह बोलने की स्थिति में भी नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मानवता दिखाते हुए तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की पहचान पेहना गांव निवासी 28 वर्षीय अमित सिंह उर्फ देसू पुत्र दिनेश के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि घर में खुशियों का माहौल था, क्योंकि आगामी 7 मई को अमित के छोटे भाई आकाश का विवाह तय है। अमित बुधवार को इसी सिलसिले में बाजार से खरीदारी करने और बैंक से रुपये निकालने गया था। शाम को जब वह वापस लौट रहा था, तभी टापर गांव के पास अज्ञात कारणों से वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिना समय गंवाए स्थानीय लोगों की मदद से अमित को अस्पताल पहुंचाया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में जहां शादी के मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां अब चीख-पुकार मची है। परिजन अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि यह कोई सड़क हादसा है या किसी ने रंजिश के चलते अमित पर हमला किया है।

### सूखा एवं बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**शाहजहांपुर।** वर्तमान वर्षा काल 2026 जनपद में सूखा एवं बाढ़ के अनुश्रवण के लिए 1 जून से 31 अक्टूबर तक शारदा नहर खण्ड के पुवायां मार्ग स्थित कार्यालय में सूखा एवं बाढ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 05842-222910 है। सूखा एवं बाढ से सम्बन्धित किसी भी समस्या अथवा शिकायत की सूचना नियंत्रण कक्ष को दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष 1 जून से चौबीस घन्टे खुला रहेगा। सूखा एवं बाढ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी सतपाल सिंह, कार्यवाहक सहायक अभियन्ता तृतीय रहेंगे, जिनका मोबाइल 8218667819 नम्बर है।

# गैंगरेप के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




बहला फुसला कर भगाई गई युवती द्वारा कोर्ट में उसके साथ गैंग रेप किए जाने के बयानों के चलते पुलिस ने बुधवार को सर्विलांस के जरिए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बता दें कि एक सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र एक ग्रामीण ने उसकी 20 वर्षीय बेटी को एक युवक द्वारा बहला फुसला कर भगा लिए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी । उक्त मामले में पुलिस ने युवती को हाल ही में बरामद कर कानूनी प्रक्रिया के चलते वन स्टॉप सेंटर भेज दिया । जहां से कोर्ट में उसके बयान कराए गए । जिसमें उसने गांव निजामपुर निवासी अंकित पुत्र राजवीर समेत तीन युवकों के खिलाफ गैंग रेप किए जाने के बयान दिए । इसी क्रम में मुख्य आरोपी आरोपी अंकित को पुलिस ने सर्विलांस के जरिए बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे नगर के बाई पास चौराहे से कहीं जाने की फिराक में वाहन का इंतजार करने के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने बाली टीम में कोतवाल जुगुल किशोर पाल, एसआई प्रदीप राजोरिया व कांस्टेबल जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# स्थान परिवर्तन विवाद में घिरी नुमाइश, प्रशासन ने अनुमति की निरस्त

**शाहजहाँपुर।** शहर की वर्षों पुरानी परंपरा और आमजन के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र रही नुमाइश इस बार विवादों में घिर गई है। प्रस्तावित स्थल को लेकर उठे विरोध के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए नुमाइश की अनुमति फिलहाल निरस्त कर दी है। इस फैसले के बाद आयोजन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। **स्थान बदलने पर उठा विवाद:** अब तक नुमाइश का आयोजन ओसीएफ रामलीला मैदान (खिरनीबाग) में होता रहा है, लेकिन इस बार आयोजकों ने इसे ईदगाह स्थित मैदान में आयोजित करने की तैयारी की थी। इसी बदलाव को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया। समाजसेवी राजेश अवस्थी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित स्थल पर कई आपत्तियां दर्ज कराईं। उनका कहना था कि नए स्थान पर नुमाइश लगने से मुख्य मार्ग बाधित हो सकता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी होगी। साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से खिरनीबाग में नुमाइश आयोजित होती रही है, ऐसे में बिना ठोस कारण के स्थान परिवर्तन उचित नहीं है।ह्ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से नुमाइश की अनुमति निरस्त कर दी। इस फैसले की जानकारी राजेश अवस्थी ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करते हुए इसे जनहित में लिया गया निर्णय बताया।

# मिर्जापुर के रिटायर्ड कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह का निधन

- सैन्य सम्मान के साथ ढाईघाट गंगातट पर हुआ अंतिम संस्कार



**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** कस्बे के समीपवर्ती ग्राम बहेरिया निवासी भारतीय सेना के रिटायर्ड कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह का बीती रात निधन हो गया। वे लगभग 85 वर्ष के थे। सैकड़ों नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार ढाईघाट गंगातट पर किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र छोटू ठाकुर ने दी। रिटायर्ड कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह के निधन की सूचना पर राजपूत रेजिमेंट फतेहगढ़ के सैन्य अधिकारियों की टीम ने यहां ग्राम बहेरिया आकर अपने रिटायर्ड जाबांज सैन्य अधिकारी (कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह) के पार्थिव शरीर को तिरंगा ओढ़ाकर पूरे सैन्य सम्मान के साथ पुष्प चक्र चढ़ा कर अंतिम सलामी दी। सैन्य अधिकारियों ने मृतक कैप्टन के पुत्र छोटू ठाकुर को सम्मान स्वरूप राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया। स्वर्गीय कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह की अंतिम यात्रा में जिले के तमाम पूर्व सैनिक,छुट्टी पर आए सेवारत सैनिक, समाजसेवी और सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कैप्टन महेन्द्रपाल सिंह ने सेना में रहते हुए देश की सेवा करने के साथ ही ग्रामीणों की हमेशा मदद की। वे ग्रामीणों की मदद के लिए निस्वार्थ भाव से हर समय तत्पर रहते थे। वे बेरोजगार युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए न केवल प्रेरित करते थे,बल्कि उन्हें शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण देकर सेना में भर्ती होने के योग्य भी बनाते थे। उनकी प्रेरणा और सहयोग से क्षेत्र के तमाम युवा भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# रोडवेज परिसर में अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम बिक रहा धूम्रपान,एआरएम बोले जानकारी नहीं

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में नियमों को ताख पर रखकर प्रतिबंधित क्षेत्र में धूम्रपान बेचने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बतादे कि तस्वीरों में दिख रहा नजारा शाहजहांपुर रोडवेज परिसर का है। जहाँ नियमानुसार रोडवेज परिसर में धूम्रपान बेचना प्रतिबंधित है। लेकिन शाहजहांपुर रोडवेज परिसर में कुछ भी प्रतिबंधित नही है। यहाँ खुलेआम धूम्रपान बेचा जा रहा है। इसे अधिकारियों की मेहरबानी कहे या अनदेखी ये तो वही जान सकते है। फिलहाल ऑन कैमरा एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि रोडवेज परिसर में धूम्रपान बेचना प्रतिबंधित है। अगर कोई बेच रहा है तो ये गलत है। वही जब उनको रोडवेज परिसर में स्थित दुकानों पर धूम्रपान रखने और बेचने की तस्वीरें दिखाई गई तो उनका कहना था कि उनको इसकी जानकारी नही है। वही उन्होने बताया कि इन दुकानों का ठेका पानी नमकीन बिस्किट आदि सामान बेचने का हुआ था। फिलहाल उन्होंने दुकानदार को बुलाकर चेतावनी दी है कि भविष्य में धूम्रपान की बिक्री न की जाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। अब देखने वाली बात होगी क्या उनकी चेतावनी का असर होगा या नहीं।

# मीरानपुर कटरा में भीषण सड़क हादसाः टैंकर-ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटा, एक गंभीर घायल



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पीराने के सामने ओवरब्रिज पर टैंकर और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर में पीछे दो ट्रालियां जुड़ी हुई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के बीच से दो टुकड़े हो गए। हादसे के बाद टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रैक्टर चालक प्रेमचंद पुत्र ओमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पत्नी मीना और दोनों बच्चे सुखवीर व अनूप को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार घायल प्रेमचंद निवासी ईश्वरीगंज थाना मदनापुर बताए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए भेजा। गंभीर रूप से घायल प्रेमचंद को इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और वह दो हिस्सों में बट गया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी।

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावः शिक्षा सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा किसी भी समाज के समग्र विकास की आधारशिला होती है। यह न केवल व्यक्ति के ज्ञान और कौशल को बढ़ाती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में भी सहायक होती है। विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के लिए शिक्षा का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि यह उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। सरकार द्वारा इसी उद्देश्य से विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लक्ष्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। जनपद शाहजहांपुर में भी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से हजारों छात्रों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी शिक्षा को बिना किसी बाधा के जारी रख सकें। कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक छात्रवृत्ति योजनाओं का सुव्यवस्थित संचालन किया गया है। इस अवधि में विद्यार्थियों को न केवल छात्रवृत्ति प्रदान की गई, बल्कि उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में भी सहयोग किया गया। यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन शिक्षा के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। वर्ष 2017-18 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) के अंतर्गत 2659 छात्रों को 5659050 की धनराशि प्रदान की गई। इसी वर्ष दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 2799 छात्रों को 7222924 तथा कक्षा 11-12 को छोड़कर अन्य वर्गों में 3284 छात्रों को 30661210 की धनराशि वितरित की गई। इस प्रकार कुल 8742 छात्रों को 43543184 की सहायता प्रदान की गई। यह वर्ष योजनाओं के सफल प्रारंभिक क्रियान्वयन का उदाहरण रहा। वर्ष 2018-19 में भी इन योजनाओं का प्रभाव निरंतर बना रहा। इस वर्ष पूर्वदशम योजना के अंतर्गत 2041 छात्रों को 5752350, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 2279 छात्रों को 6932716 तथा अन्य वर्गों में 2592 छात्रों को 24186572 की धनराशि दी गई। इस प्रकार कुल 6912 छात्रों को ?36871638 की सहायता प्रदान की गई। यह दर्शाता है कि योजनाएं निरंतर विद्यार्थियों तक पहुंच रही थीं।

वर्ष 2019-20 में छात्रवृत्ति वितरण में और अधिक विस्तार देखने को मिला। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1956 छात्रों को रु.5603400, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 2614 छात्रों को ?7968412 तथा अन्य वर्गों में 3399 छात्रों को रु.28988677 की धनराशि वितरित की गई। इस प्रकार कुल 7969 छात्रों को रु.42560489 की सहायता प्राप्त हुई।

वर्ष 2020-21 एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा, क्योंकि इस दौरान कोविड-19 महामारी का प्रभाव पूरे देश में देखने को मिला। इसके बावजूद योजनाओं का संचालन जारी रखा गया। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1612 छात्रों को रु.4107450, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1380 छात्रों को रु.4203845 तथा अन्य वर्गों में 2008 छात्रों को रु.17612485 की धनराशि प्रदान की गई। कुल 5000 छात्रों को ?25923780 की सहायता दी गई। यह विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2021-22 में योजनाओं का लाभ पुनः अधिक संख्या में छात्रों तक पहुंचा। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1679 छात्रों को रु.4296300, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1394 छात्रों को रु.4043710 तथा अन्य वर्गों में 2451 छात्रों को ?20676781 की धनराशि दी गई। इस प्रकार कुल 5524 छात्रों को रु.29016791 की सहायता प्राप्त हुई। वर्ष 2022-23 में भी योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहा। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1491 छात्रों को रु.4192425, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1510 छात्रों को 4748679 तथा अन्य वर्गों में 1957 छात्रों को 16041549 की धनराशि प्रदान की गई। कुल 4958 छात्रों को 24982653 की सहायता मिली। वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम के अंतर्गत 1627 छात्रों को रु.4804725, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1835 छात्रों को रु.5393379 तथा अन्य वर्गों में 1228 छात्रों को 10561625 की धनराशि वितरित की गई। इस प्रकार कुल 4690 छात्रों को रु.20759729 की सहायता प्राप्त हुई। वर्ष 2024-25 में योजनाओं का प्रभाव फिर से बढ़ता हुआ दिखाई दिया। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1268 छात्रों को रु.3736725, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1939 छात्रों को रु.5825512 तथा अन्य वर्गों में 2310 छात्रों को रु.23074849 की धनराशि दी गई। इस प्रकार कुल 5517 छात्रों को 32637086 की सहायता प्रदान की गई। वर्ष 2025-26 में भी छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ निरंतर जारी रहा। इस वर्ष पूर्वदशम के अंतर्गत 1823 छात्रों को रु.5406900, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के अंतर्गत 1704 छात्रों को 5085338 तथा अन्य वर्गों में 2722 छात्रों को ?26786257 की धनराशि वितरित की गई। इस प्रकार कुल 6249 छात्रों को रु.37278495 की सहायता प्रदान की गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, तिलहर शाहजहांपुर।

पत्रांक- 784/न.पा.परि.ति./ई.नि.सू./2026-27 दिनांक- 05.05.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद तिलहर, शाहजहाँपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत नगर तिलहर के सभी बड़े नालों की सिल्ट सफाई के कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक पूर्ण प्रतिशत आधार दरों पर ई-निविदा पद्धति से ई-टेण्डर की वेबसाईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शेड्यूल के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि | 08.05.2026 समय 02:00 बजे से | 14.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि व समय | - | 14.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 3. | बिड खोलने की तिथि | 15.05.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से | - |

नोट-1. कार्यों से संबंन्धित निविदा सूचना एवं शर्तें नगर पालिका परिषद तिलहर कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. निविदादाता को वेबसाईट https://etender.up.nic.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना संभव नहीं होगा।
3- ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
4- एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, तिलहर**
**शाहजहांपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,तिलहर**
**शाहजहांपुर।**

## भगवा हुआ बंगाल

बंगाल में भाजपा का खेला काम कर गया। ऐसा भी नहीं है कि तीन बार से सत्ता पर काबिज बंगाल की शेरनी ममता से जनता का मोहभंग हाल–फिलहाल की घटना है। भाजपा ने दशकों से आक्रामक रणनीति से चुनावी तैयारी की है। केंद्र सरकार के तमाम संसाधनों का गाहे–बगाहे प्रयोग किया। बंगालियों को रास आने वाले तमाम विमर्श गढ़े और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये लाखों मतदाताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। मोदी–शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है, वहीं तमिलनाडु में थलापति के नाम से चर्चित सुपरस्टार विजय की दमदार एंट्री हुई है। उन्होंने भी परंपरागत राजनीतिक दलों की घोषणाओं से बढ़कर लोकलुभावने वायदे किए हैं। फलत: दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। स्टालिन न केवल हारे हैं, बल्कि उनकी सरकार भी गई। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिये टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा।

भाजपा के लिये भी पत्ते खेलने के अवसर हैं। जहां बंगाल, केरलम व तमिलनाडु में सत्ता विरोधी लहर में सरकारें धराशायी हुई हैं, वहीं असम में भाजपा की हैट्रिक बनी है। हेमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने भरपूर बहुमत पाया है। पुडुचेरी में फिर एनडीए सत्ता पर काबिज हुआ है। लेकिन भाजपा की इस जीत की खुशी के बीच केरलम में कांग्रेस नीत गठबंधन की वापसी हुई है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दुरूस्वप्न ही साबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिर गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है।

इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, बंगाल में भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति से महज 8 फीसदी वोट प्रतिशत की वृद्धि से 131 सीटें बढ़ा ली हैं। इतना ही नहीं टीएमसी के मजबूत गढ़ों में 53 सीटें कब्जा ली हैं। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है।

वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल– ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल, विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। नि:संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए। विश्वास करें कि नयी सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

# पश्चिम बंगाल 2026 : परिवर्तन की राजनीति नहीं, ये विचार-तप की ऐतिहासिक परिणति

*कैलाश चन्द्र*



*अक्सर कहा जाता है कि किसी भी चुनावी विजय को अंतिम सिद्धि मान लेना भूल है। यह बात इस संदर्भ में और भी सत्य है। 2026 का परिणाम किसी विचारधारा की परिपूर्ण विजय नहीं, बल्कि उसके दीर्घ साधना–मार्ग की प्रथम उपलब्धि है। इस विजय का स्वर क्रोध का नहीं; यह आत्मजागरण का स्वर है। यह बदले का उभार नहीं, बल्कि समन्वय की पुनर्स्थापना है; यह चुनावी लहर नहीं, विचार–तप की परिणति है। अब चुनौती यह है कि सत्ता का उपयोग सत्ता–स्थापन के लिए नहीं, समाज–निर्माण की दिशा में हो—शिक्षा में सुधार, युवाओं के चरित्र–निर्माण, बंगाली–भारतीय संस्कृति के रचनात्मक उत्थान, जनजातीय और पिछड़े समुदायों में आत्मगौरव का पोषण, विज्ञान और उद्योग को गति, रोजगार के अवसर, सीमा–पार असुरक्षा पर नियंत्रण और समाज में धार्मिक–सांस्कृतिक एकात्मता की सुदृढ़ता। वास्तविक विजय तो तब होगी जब बंगाल पुन: वह भूमिका निभाए, जो उसने 19वीं और 20वीं सदी में निभाई थी—राष्ट्र के वैचारिक नेतृत्व की। 2026 का जनादेश अंतत: यह स्पष्ट संदेश देता है कि बंगाल का परिवर्तन बदले की राजनीति का परिणाम नहीं है। यह भारतीयता के पुनर्जागरण की वह मौन, किंतु प्रचंड लहर है जिसे वर्षों की साधना का बल मिला है। यह उस विचार का उदय है जो सत्ता की सीढ़ियों से नहीं, समाज की नसों से उठता है। यह किसी एक दल या संगठन की सफलता नहीं; बल्कि उन लाखों अनाम स्वयंसेवकों के श्रम, त्याग और तप का फल है, जो बिना नाम चाहे, बिना पद की इच्छा, बिना प्रचार की आकांक्षा, प्रत्येक दिन समाज को संस्कारित करने में लगे रहे।*

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम भारत की राजनीति में केवल संख्यात्मक उलटफेर नहीं हैं; वे उन अदृश्य धाराओं का सतही प्रकट रूप हैं जिनकी गति दशकों से इस प्रदेश की मिट्टी में प्रवाहित हो रही थी। 294 सीटों वाले इस राज्य में दो चरणों- 23 और 29 अप्रैल में हुए मतदान ने 92.93 प्रतिशत का अभूतपूर्व जनसहभाग दर्ज कराया, और 4-5 मई को आए परिणामों ने लगभग असंभव प्रतीत होने वाला परिदृश्य रचा। भारतीय जनता पार्टी लगभग 206 सीटों पर विजय या बढ़त के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त करती है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 81 के आसपास सिमट जाती है।

यदि इस घटना को केवल राजनीतिक गणित के संदर्भ में पढ़ा जाए, तो यह विश्लेषण अधूरा रह जाएगा। क्योंकि बंगाल में सत्ता-परिवर्तन सामान्यतः राजनीतिक रणनीतियों से नहीं, सांस्कृतिक चेतना के परिवर्तन से होता है और 2026 का यह जनादेश, वस्तुतः, उसी चेतना के पुनरुत्थान की कथा कहता है।

बंगाल ने कभी केवल राजनीतिक बदलाव नहीं देखे; उसने वैचारिक हलचलों को जन्म दिया है। यह वह भूमि है जिसने राजा राममोहन राय के सामाजिक नवजागरण, स्वामी विवेकानंद के आत्मजागरण, बंकिमचंद्र के राष्ट्रजागरण, श्री अरविन्द के आध्यात्मिक-राजनीतिक दृष्टिकोण और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अदम्य राष्ट्र-नेतृत्व को जन्म दिया, इसलिए बंगाल में विचार की आहट, अक्सर राजनीति के कदमों से पहले सुनाई देती है। 2026 का परिणाम इसी गहरे अंतर्संचरण का संकेतक है। वस्तुतः एक ऐसा संचरण जो न किसी दल विशेष की तात्कालिक रणनीति से बना, न किसी नेता की व्यक्तिगत लोकप्रियता से; बल्कि उस दीर्घ सांस्कृतिक-सामाजिक तप से, जिसे लाखों स्वयंसेवकों, शिक्षकों, विचारकों, छात्रों, किसानों और गृहस्थों ने दशकों तक ऋषि-धैर्य के साथ साधा।

इन दशकों में वाम मोर्चे का शासन रहा, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का प्रभुत्व। परंतु राजनीतिक सत्ता जहाँ ऊपर बदलती रही, वहीं समाज की गहराइयों में कोई अन्य कथा शांत गति से अपना पथ बना रही थी। सांस्कृतिक राष्ट्रभावना से प्रेरित कार्यकर्ताओं की यह कथा किसी अख़बार की सुर्खियों में नहीं थी, उनके कार्यों के होर्डिंग नहीं लगे, वे टीवी बहसों में नज़र नहीं आए। फिर भी वे गांवों के चौपालों में, कस्बों के विद्यालयों में, आदिवासी बस्तियों में, पुस्तकालयों और संस्कार केन्द्रों में, योग-प्रार्थना समूहों में, और चाय की दुकानों पर होने वाली सहज संवाद-परंपरा में अपनी जड़ों को फैलाते रहे।

इस परिश्रम का स्वरूप राजनीतिक नहीं था; वह मन-निर्माण की प्रक्रिया थी, इतनी धीमी कि उसके परिणाम झटके से दिखाई नहीं देते, इतनी गहरी कि जब दिखाई देते हैं तो परिदृश्य ही बदल गया होता है। उनका काम मतदाता बनाना नहीं था; वे मानदाता तैयार कर रहे थे। ऐसे नागरिक, जिनका मन स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो, जो भय या प्रलोभन से प्रभावित न हों, और जो समाज के दीर्घकालिक हितों को राजनीतिक तात्कालिकता से ऊपर रख सकें। 2026 के चुनावों से तीन या छह महीने पहले शुरू किए जाने वाले संपर्क-प्रयास इस परिवर्तन को नहीं घड़ सकते थे। यह जनादेश वर्षों, कभी-कभी दशकों से चल रहे संवाद, सेवा, संस्कार और अध्ययन की उस परंपरा का परिणाम है जिसे प्रतिदिन हजारों स्थानों पर दोहराया गया- शाखाओं में प्रार्थना और व्यायाम, बौद्धिक सत्रों में राष्ट्रीय विचार का पुनर्पाठ, सेवा-बस्तियों में चिकित्सा शिविर, पुस्तकालयों में भारतीय साहित्य का अध्ययन, युवा-कार्यक्रमों में नेतृत्व का प्रशिक्षण, और मातृ-शक्ति के जागरण के लिए चलाए गए अभियान। बाढ़, चक्रवात और महामारी जैसी आपदाओं में इन स्वयंसेवकों ने जब सबसे पहले राहत पहुँचाई, तब उनकी बातों में विश्वास का आधार भी निर्मित हुआ।

राजनीतिक विश्लेषण भले यह कहे कि भाजपा का वोट-शेयर 45.85 प्रतिशत तक पहुँचा और टीएमसी में 7.22 प्रतिशत की गिरावट आ गयी, परंतु जनमानस की दृष्टि से यह बदलाव सूखते तालाब में अचानक उभर आए पानी का नहीं, बल्कि भूमिगत जलस्रोतों के पुनर्जीवित होने का संकेत है। राजनीतिक दलों ने जहाँ मुद्दों- हिंसा, भ्रष्टाचार, सन्देशखली प्रकरण, आरजीकर मेडिकल केस, रोजगार, अवैध घुसपैठ पर अपनी राजनीति की, वहीं समाज के भीतर चल रही चेतना ने इन मुद्दों की व्याख्या एक व्यापक सांस्कृतिक–परिप्रेक्ष्य में की।

इस जनादेश को मनोवैज्ञानिक धरातल पर देखें तो बंगाल एक थकान की अवस्था से निकलकर स्थिरता की ओर बढ़ना चाहता था; सांस्कृतिक धरातल पर देखें तो वह अपनी मूल जड़ों 'भारतीयता की स्मृति' से पुनः जुड़ने का अवसर खोज रहा था; संगठनात्मक परिप्रेक्ष्य से देखें तो यह घर-घर संपर्क का नहीं, बल्कि घर-घर संबंध का परिणाम था; और वैचारिक धरातल पर देखें तो 2026 में सत्ता नहीं, सत्ता-समर्थ विचार विजयी हुआ।

अक्सर कहा जाता है कि किसी भी चुनावी विजय को अंतिम सिद्धि मान लेना भूल है। यह बात इस संदर्भ में और भी सत्य है। 2026 का परिणाम किसी विचारधारा की परिपूर्ण विजय नहीं, बल्कि उसके दीर्घ साधना-मार्ग की प्रथम उपलब्धि है। इस विजय का स्वर क्रोध का नहीं; यह आत्मजागरण का स्वर है। यह बदले का उभार नहीं, बल्कि समन्वय की पुनर्स्थापना है; यह चुनावी लहर नहीं, विचार-तप की परिणति है। अब चुनौती यह है कि सत्ता का उपयोग सत्ता-स्थापन के लिए नहीं, समाज-निर्माण की दिशा में हो—शिक्षा में सुधार, युवाओं के चरित्र-निर्माण, बंगाली-भारतीय संस्कृति के रचनात्मक उत्थान, जनजातीय और पिछड़े समुदायों में आत्मगौरव का पोषण, विज्ञान और उद्योग को गति, रोजगार के अवसर, सीमा-पार असुरक्षा पर नियंत्रण और समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक एकात्मता की सुदृढ़ता। वास्तविक विजय तो तब होगी जब बंगाल पुनः वह भूमिका निभाए, जो उसने 19वीं और 20वीं सदी में निभाई थी—राष्ट्र के वैचारिक नेतृत्व की। 2026 का जनादेश अंततः यह स्पष्ट संदेश देता है कि बंगाल का परिवर्तन बदले की राजनीति का परिणाम नहीं है। यह भारतीयता के पुनर्जागरण की वह मौन, किंतु प्रचंड लहर है जिसे वर्षों की साधना का बल मिला है। यह उस विचार का उदय है जो सत्ता की सीढ़ियों से नहीं, समाज की नसों से उठता है। यह किसी एक दल या संगठन की सफलता नहीं; बल्कि उन लाखों अनाम स्वयंसेवकों के श्रम, त्याग और तप का फल है, जो बिना नाम चाहे, बिना पद की इच्छा, बिना प्रचार की आकांक्षा, प्रत्येक दिन समाज को संस्कारित करने में लगे रहे।

अंत में यही कि इतिहास अक्सर नेताओं को याद रखता है, पर इतिहास बदलता उन लोगों के कारण है, जिन्हें इतिहास याद नहीं रखता। 2026 में बंगाल ने एक बार फिर यही सत्य सिद्ध किया है।

*(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)*

## विचार

# मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान से बदल रही उन्नाव की तस्वीर



उत्तर प्रदेश की पावन धरा पर युवाओं की ऊर्जा और उनकी उद्यमिता को नया आकाश प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान' आज एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह योजना मात्र सरकारी आंकड़ा भर नहीं है बल्कि उन हजारों युवाओं के संकल्प की सिद्धि है जिन्होंने अभावों के बीच भी स्वरोजगार का जज्बा पाल रखा था। विशेष रूप से जनपद उन्नाव के संदर्भ में बात करें, तो यहाँ की मिट्टी के सपूतों ने इस योजना का लाभ उठाकर न केवल स्वयं को स्वावलंबी बनाया है, बल्कि अन्य लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलकर एक नए आर्थिक युग का सूत्रपात किया है। मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान का मूल मंत्र युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले ऋण और तकनीकी मार्गदर्शन ने ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के बीच की उस खाई को पाटने का काम किया है, जहाँ अक्सर पूंजी के अभाव में प्रतिभाएं दम तोड़ देती थीं। उन्नाव में इस अभियान की सफलता की गूँज अब हर गली-मोहल्ले में सुनाई दे रही है, जहाँ के युवा अपनी सफलता की गाथा स्वयं लिख रहे हैं।

इसी कड़ी में शिव नगर, उन्नाव के निवासी संतोष कुमार की कहानी अत्यंत प्रेरणादायी है। संतोष ने अपनी उद्यमिता के सफर को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान का सहारा लिया और बैंक ऑफइंडिया से ऋण प्राप्त कर सोलर पैनल मरम्मत एवं बिक्री का कार्य सुचारु रूप से संचालित करना प्रारंभ किया। आज वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानजनक ढंग से कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने अपने साथ पाँच अन्य स्थानीय युवाओं को भी रोजगार प्रदान किया है। वे एक ऐसा उदाहरण हैं जिन्होंने सरकार के सहयोग से अपनी उद्यमशीलता को साकार किया है। इसी प्रकार, उन्नाव के ही रहने वाले नितेश वर्मा ने कोचिंग सेंटर के संचालन हेतु पाँच लाख रुपये का ऋण लेकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना शुरू किया है, जिससे वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर समाज को शिक्षित करने का पुनीत कार्य कर रहे हैं। उद्यमिता का यह विस्तार केवल तकनीकी या शैक्षणिक क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कलात्मक क्षेत्रों में भी इसकी गहरी पैठ दिखती है। उन्नाव निवासी मनी सभाकानी ने मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान के तहत बैंक ऑफ इंडिया से ऋण प्राप्त कर एक आधुनिक फोटो स्टूडियो और प्रिंटिंग का कार्य शुरू किया। उन्होंने न केवल डिजिटल फोटोग्राफी में अपनी पहचान बनाई, बल्कि चार अन्य लोगों को भी अपनी इकाई में रोजगार से जोड़ा। उद्यमिता की इसी लहर में स्वास्थ्य और फिटनेस के क्षेत्र को भी नया आयाम मिला है। आदर्श गंज, उन्नाव के कुलदीप कुमार ने फिटनेस के प्रति अपनी रुचि को व्यवसाय में बदलते हुए पाँच लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और एक जिम एवं फिटनेस सेंटर की स्थापना की। आज उनके इस केंद्र से चार अन्य लोग जुड़े हुए हैं, जो रोजगार के साथ-साथ समाज को स्वस्थ रहने का संदेश भी दे रहे हैं। वहीं, शिव नगर के ही अरुण वर्मा ने सीएससी (जन सेवा केंद्र) के संचालन के लिए ऋण लिया, जिससे वे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और स्वयं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुए हैं। इन व्यक्तिगत सफलताओं का संकलन यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान ने हर क्षेत्र के युवाओं को उनकी अभिरुचि के अनुसार कार्य करने की स्वतंत्रता और सामर्थ्य प्रदान किया है। यह योजना पूरी तरह से ब्याज मुक्त है, जो इसकी सबसे बड़ी विशेषता है और इसी कारण युवा बिना किसी मानसिक दबाव के अपने व्यवसाय को विस्तार दे पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की यह दूरगामी सोच प्रदेश को उत्तम प्रदेश से आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। जिला प्रशासन उन्नाव के माध्यम से इस योजना का प्रचार-प्रसार और क्रियान्वयन जिस तत्परता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। जिला प्रशासन द्वारा भी इस बात पर बल दिया जा रहा है कि अधिक से अधिक युवा इस योजना से जुड़कर अपने सपनों को साकार करें। योजना की पारदर्शिता और सुलभता के कारण ही आज जनपद का प्रत्येक युवा स्वयं को इस अभियान से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। यह केवल एक ऋण योजना नहीं, बल्कि युवाओं के प्रति सरकार के विश्वास का प्रतीक है। जब एक युवा आत्मनिर्भर बनता है, तो वह केवल अपना भविष्य नहीं सुधारता, बल्कि पूरे समाज की क्रय शक्ति और आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्नाव के इन युवाओं की सफलता की कहानियाँ प्रदेश सरकार की सुदृढ़ नीतियों का परिचय देती हैं। सही समय पर सही मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग से आज उत्तर प्रदेश का युवा वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हो रहा है। मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान की यह अविरल धारा आज उन्नाव के घर-घर में खुशहाली का दीप जला रही है।

## साहित्य



### पसीने की बूंद में विश्वास...!

**संजय एम तराणेकर**

वो मिट्टी की खुशबू, हाथों  
में रखती पानी,  
थाली में झलकी थी मेहनत की कहानी।  
सुबह की किरण संग काम  
पर थी जाती,  
यूं अपनों के सपनों को चुपचाप सजाती।

कलिता कभी घर–घर बर्तन  
धोती थी वो,  
हर एक चोट को हंसकर संजोती थी वो।  
बहते पसीने की हरेक बूंद  
में यहीं विश्वास,  
हाँ एक दिन बदलेगा जीवन का  
इतिहास।

इस छोटे से आंगन में बहुत बड़े अरमान,  
थकान के पीछे छिपा विशाल  
आसमान।  
लोगों की नज़रों में थी एक आम–सी  
नारी, यूं दिल ने भरी उड़ान जलें चिंगारी  
प्यारी।


चलते–चलते राहें मंज़िल जो खुद बन  
गईं, उसके कदमों की  
आहट पहचान बन गई।  
आज वही हाथ जो बर्तनों  
को चमकाते थे,  
वो सपनों के दीपक रात में टिमटिमाते  
थे।

अब मेहनत रंग लायी  
हैं व बदली तक़दीर,  
संघर्ष की गूंज है राजनीति  
उसकी तासीर।  
बंगाल की आसग्राम से बनी है विधायक,  
वो ढाई हजार जुटाने वाली माझी  
नायक।

*(संदर्भ–बर्तन धोनेवाली कलिता माझी बनी विधायक)*



## राशिफल



**मेष:**– नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभ:**– शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:**– कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क:**– कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंह:**– कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:**– नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुला:**– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:**– कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:**– सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:**– विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:**– अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:**– पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# घर बैठे खतौनी की प्रमाणित नकल : डिजिटल इंडिया की दिशा में यूपी का सशक्त कदम

*आशिया खातून*

भारत तेजी से डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जहां शासन और प्रशासन की पारंपरिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है-खतौनी की प्रमाणित नकल को पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराना। यह पहल न केवल आम नागरिकों के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। पहले जहां किसी व्यक्ति को अपनी जमीन से संबंधित खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए तहसील या कचहरी के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब यह प्रक्रिया बेहद सरल हो गई है। लंबी कतारों में लगना, समय की बर्बादी, दलालों का हस्तक्षेप और अनावश्यक खर्च जैसी समस्याएं अब अतीत की बात हो गई हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपने घर बैठे, कभी भी, मात्र भूमि का विवरण फीड कर एक क्लिक में खतौनी की प्रमाणित नकल प्राप्त कर सकता है।

इस नई व्यवस्था के तहत नागरिक राजस्व विभाग के आधिकारिक पोर्टल https:// upbhulekh. gov.in/ या https:// bor. up. gov.in/ पर जाकर लॉगिन करते हैं। इसके बाद 'खतौनी की नकल' विकल्प का चयन कर उन्हें अपने जिले, तहसील और ग्राम की जानकारी भरनी होती है। फिर संबंधित गाटा संख्या का चयन किया जाता है। जैसे ही निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया जाता है, प्रमाणित प्रति तुरंत डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो जाती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी सहज और तेज है कि इसे कोई भी सामान्य नागरिक बिना किसी विशेष तकनीकी ज्ञान के भी आसानी से पूरा कर सकता है। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध है। पहले जहां सरकारी दफ्तरों के समय पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब यह सेवा दिन-रात कभी भी उपयोग की जा सकती है। इससे खासकर उन लोगों को काफी सुविधा मिली है जो नौकरी या अन्य कारणों से दिन में समय नहीं निकाल पाते थे। साथ ही, यूपीआई सहित विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों के कारण भुगतान की प्रक्रिया भी बेहद सरल और सुरक्षित हो गई है।

डिजिटल खतौनी सेवा का एक महत्वपूर्ण पहलू पारदर्शिता है। पहले कई बार दस्तावेजों में गड़बड़ी, देरी या भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती थीं। लेकिन अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण हर चरण रिकॉर्ड में रहता है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना कम हो जाती है। इससे आम नागरिकों का विश्वास भी शासन व्यवस्था में और अधिक बढ़ा है। इसके अलावा, यह पहल समय और संसाधनों की बचत भी सुनिश्चित करती है। लोगों को अब अपने काम के लिए छुट्टी लेने, लंबी दूरी तय करने या बार-बार कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे न केवल उनका समय बचता है, बल्कि यात्रा और अन्य खर्चों में भी कमी आती है। यह पहल पर्यावरण के लिए भी सकारात्मक है क्योंकि इससे कागज के उपयोग में कमी आती है और अनावश्यक यात्रा घटती है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह सेवा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर गांवों में रहने वाले लोगों को सरकारी दफ्तरों तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती थी। लेकिन अब इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ वे भी इस सुविधा का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की डिजिटल खाई भी धीरे-धीरे कम हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल 'डिजिटल इंडिया' के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। डिजिटल इंडिया का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को नागरिकों तक इलेक्ट्रॉनिक रूप में पहुंचाना और उन्हें सशक्त बनाना है। खतौनी की ऑनलाइन प्रमाणित नकल इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जो दर्शाता है कि कैसे तकनीक का उपयोग कर शासन को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाया जा सकता है। इस पहल का एक और सकारात्मक प्रभाव यह है कि इससे सरकारी कर्मचारियों पर कार्यभार भी कम हुआ है। पहले जहां एक-एक आवेदन को मैन्युअल रूप से प्रोसेस करना पड़ता था, वहीं अब अधिकांश काम स्वचालित हो गया है। इससे कर्मचारी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर अधिक ध्यान दे सकते हैं और सेवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। डिजिटल व्यवस्था के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। जैसे कि सभी नागरिकों के पास इंटरनेट की उपलब्धता या डिजिटल साक्षरता नहीं है। खासकर बुजुर्ग और कम पढ़े-लिखे लोग इस प्रक्रिया को समझने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। लेकिन सरकार द्वारा डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के प्रयास और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) जैसे विकल्प इन चुनौतियों को काफी हद तक कम कर रहे हैं। भविष्य में इस सेवा को और अधिक उन्नत बनाने की संभावनाएं भी हैं। जैसे कि मोबाइल ऐप के माध्यम से और सरल इंटरफेस, बहुभाषी समर्थन, और अधिक सुरक्षित डिजिटल सत्यापन प्रणाली। इससे यह सेवा और अधिक व्यापक और उपयोगकर्ता-अनुकूल बन सकती है। समग्र रूप से देखा जाए तो खतौनी की प्रमाणित नकल को ऑनलाइन उपलब्ध कराने की यह पहल एक क्रांतिकारी बदलाव है। यह न केवल प्रशासनिक सुधार का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की सुविधा और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयास कर रही है। इससे न केवल लोगों का जीवन आसान हुआ है, बल्कि शासन व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता भी और अधिक बढ़ी है।

उत्तर प्रदेश सरकार की यह डिजिटल पहल आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल वर्तमान में लाभकारी है, बल्कि भविष्य में भी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

*सूचना अधिकारी*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### फतेहपुर में आदिगुरु शंकराचार्य का 27 मई को होगा आगमन



फतेहपुर। सनातन धर्म के धर्माचार्य शंकरा चार्य अविमुक्तेश्वरानंद के द्वारा प्रदेश में की जा रही धर्म यात्रा को लेकर एक रेस्टोरेंट में बैठक हुई। गौ वध बंद करने, गौ माता को राष्ट्र माता राज्य माता घोषित करने हेतु ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य द्वारा गौ रक्षार्थ गविष्ठि धर्म यात्रा निकाली गयी है यह यात्रा फतेहपुर में सताईस व अट्ठाइस मई को छः विधान सभाओं में निकाले जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में लिये गए निर्णय को काशी से आये शंकराचार्य के शिष्य सचिन द्विवेदी ने बताया कि दिनांक सताइस मई को तिंदवारी बाँदा से फतेहपुर गविष्ठी यात्रा प्रवेश करेगी जो मुत्तौर, बहुआ, गाजीपुर, जागेश्वर धाम, असोथर, नरैनी, विजयीपुर, खागा होते हुए संवत ग्राम में रात्रि विश्राम करेगी इन स्थानों में स्वामी जी का स्वागत किया जाएगा दूसरे दिन अट्ठाइस मई को थरियांव, लोधी गंज, ताम्बेश्वर मंदिर, मलवां, बिन्दकी, बावनी इमली, खजुहा होते हुए जहानाबाद में गविष्ठि धर्म यात्रा सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि गविष्ठि धर्म यात्रा सनातन धर्म की धुरी गौ माता की दुर्दशा को दूर करने व गौ वध को बंद करने हेतु जन जागरण के लिये ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में निकाली जा रही है। बैठक में गविष्ठी जिला संयोजक शिवाकांत तिवारी, सुधाकर अवस्थी, ब्राह्मण चेतना मंच के अध्यक्ष संजय तिवारी पप्पू, सुरेश शुक्ला, हिमांशु अवस्थी, डी. पी. दुबे, शीलू अवस्थी, अशोक दुबे, कुलदीप शास्त्री, उदित अवस्थी, आदित्य शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी पर लापरवाही पड़ी भारी, बीएसए ने प्रधानाध्यापकों के वेतन रोकने के आदेश किये जारी



महोबा। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी लगवाने में बरती जा रही लापरवाही पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी प्राथमिक ,कंपोजिट व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। बता दे कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए प्रेरणा एप पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था की गई है, मगर विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। जिसको लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने प्रेरणा एप में छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी में लापरवाही पर चारों विकास खंडो के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिए हैं। बीएसए ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में प्रेरणा एप के द्वारा छात्रों की उपस्थिति दर्ज करना का नियम है, मगर शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिसको लेकर वेतन रोकने की आदेश जारी किए गए। शिक्षा विभाग की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया है।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा मध्य रात्रि में यूपी-112 पीआरवी वाहनों की चेकिंग कर परखी व्यवस्था



महोबा। जनपद में मध्य रात्रि को पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा कानून–व्यवस्था को सुदृढ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से भ्रमण कर यूपी–112 पीआरवी वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पीआरवी वाहनों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की सतर्कता का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित कर्मियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, सदैव सतर्क रहते हुए ड्यूटी करने एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी रिस्पांस सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः प्राप्त किसी भी सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाई सुनिश्चित करते हुए जनता में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ किया जाए। इस अभियान के माध्यम से जनपद में पुलिस की सक्रियता, सतर्कता एवं तत्परता का सशक्त संदेश प्रसारित किया गया है।

### उरई-बारा परियोजना के टोल प्लाजा पर नेत्र परीक्षण शिविर, 53 लोगों की हुई जांच




उरई (जालौन)। उकासा (चमारी) स्थित टोल प्लाजा पर सोमवार को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों, विशेषकर ट्रक चालकों और परिचालकों की दृष्टि क्षमता की जांच कर उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करना था। शिविर में कुल 53 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें अधिकांश ट्रक चालक शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आधुनिक उपकरणों की सहायता से उपस्थित लोगों की आंखों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कई चालकों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें तत्काल परामर्श दिया गया। कुछ लोगों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई, जबकि अन्य को आंखों की नियमित देखभाल, समय-समय पर जांच और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि लंबी दूरी तक वाहन चलाने वाले चालकों के लिए अच्छी दृष्टि अत्यंत आवश्यक होती है। आंखों की छोटी-सी समस्या भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। ऐसे में समय पर जांच और उचित उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित नेत्र परीक्षण से न केवल दृष्टि क्षमता में सुधार होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी काफी हद तक कम की जा सकती है। शिविर के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहेगा, ताकि वाहन चालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और वे सुरक्षित रूप से अपने कार्य का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन से ही नहीं, बल्कि चालक के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी निर्भर करती है। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख उत्तम सिंह, प्रबंधक इंगलेश शर्मा, रखरखाव प्रबंधक अनिकेत एवं अभिषेक पाराशर, रोहित सहित टोल प्लाजा का समस्त स्टाफमौजूद रहा। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों एवं कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। विशेष रूप से ट्रक चालकों के लिए यह पहल सराहनीय है, जो दिन-रात सड़कों पर रहते हैं और अक्सर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। समापन के दौरान आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

# बूथ अध्यक्ष सेनापति व समिति के सदस्य हमारे सैनिकः प्रकाश पाल

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- भाजपा जिला कार्य समिति बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ ही जिला प्रशिक्षण वर्ग पर हुई चर्चा



बुधवार को जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला कार्य समिति बैठक आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा सम्बोधित करते हुए पश्चिम बंगाल, असम के साथ ही पांडुचेरी में पार्टी विजय पर शुभकामनाएं दी गई, उन्होंने कहा कि जिस जिस राजनीतिक दलों के द्वारा मातृशक्ति वन्दन् विल का विरोध किया है वह अब सत्ता से दूर होते जा रहे हैं स्टालिन के साथ ही ममता बनर्जी की पराजय सभी के सामने है अब आने वाले उत्तर प्रदेश चुनावों में मातृशक्ति वन्दन् विल का विरोध करने वाले अखिलेश यादव की बारी है आने वाले समय में हमारी माताएं बहनें लोकतांत्रिक ढंग से सपा को सबक सिखाने के लिये आतुर हैं संगठनात्मक संरचना के विषय पर श्री पाल ने कहा कि हमारे बूथ अध्यक्ष सेनापति और समिति के सभी सदस्य सैनिक के रूप में लोकतांत्रिक व्यवस्था में रह कर विधिसम्मत लड़ाई लडता है और वही संगठन के लिए मजबूत नींव के रूप में होते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह द्वारा उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित किया गया, उनके द्वारा आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के विषयों पर चर्चा की गई, जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय द्वारा अपने सम्बोधन में संगठनात्मक संरचना पर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए, कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा जिला कार्य समिति के प्रस्तावना को रखते हुए जिले के शौर्यशाली इतिहास के साथ ही सांस्कृतिक विरासत की चर्चा की गई, वहीं संगठनात्मक दिशा-निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों की सकारात्मक गतिविधियों को क्रमशः रखा गया, जिसे उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों द्वारा कर्तलध्वनि से स्वागत किया गया। जिला कार्य समिति बैठक में विधायक कृष्णा पासवान, विकास गुप्ता, राजेंद्र पटेल, रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, आदित्य पांडेय, मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, प्रमोद द्विवेदी, आशीष मिश्रा, मुखलाल पाल, हर्ष द्विवेदी, पुष्पराज पटेल, सुशीला मौर्या, पंकज त्रिवेदी, नीरज सिंह,उदय लोधी,कुलदीप भदौरिया, अपर्णा सिंह गौतम, पंकज त्रिपाठी ,मधुराज विश्वकर्मा, सन्तोष गुप्ता,रेखा सरोज, सुनीता गुप्ता, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, विमलेश पान्डेय, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर मिश्रा, राजबहादुर पासवान, सुमित द्विवेदी, विवेक श्रीवास्तव, प्रसून तिवारी, गौरव शुक्ला, शिवाकांत तिवारी, ओमप्रकाश पाल, सिद्धार्थ दीक्षित, ओमजी मिश्रा, जयंती वर्मा, ज्योति प्रवीण, अभिजीत भारती, विजय प्रताप सिंह जसवंत गिहार, अमित शिवहरे, प्रेमा सिंह राठौर, अर्चना त्रिपाठी, राधा साहू, गीता सिंह, सुरेन्द्र सोनकर, राहुल सिंह, नीरज सेंगर, बलराम द्विवेदी, लवकुश मौर्या सहित सभी पार्टी के जिलापदाधिकारीगण, समस्त मंडल अध्यक्षगण, पार्टी के ब्लाक प्रमुखगण, जिलापंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय कलेक्ट्रेट में लाने की उठी मांग



**फतेहपुर।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव व महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें इन लोगों ने मांग किया कि वर्तमान समय में सब रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय पुरानी तहसील में कार्यरत है उसे हटाकर राजस्व ग्राम माहपुर में स्थापित किए जाने हेतु नगर पालिका द्वारा भूमि का आवंटन किया गया है जिसमें सब रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय पुरानी तहसील एवं आयकर कार्यालय नप्पी का हाता हरिहरगंज में कार्यरत है। जिनके द्वारा अपने विभाग के नाम भूमि भी क्रय कर ली है।बिक्रीकर व आयकर कार्यालय स्थापित होने हेतु प्रस्तावित किया है जो मुख्यालय से 6 किलोमीटर की दूरी बीरान स्थान पर है। जहां पर आने जाने व रुकने पर किसी तरह की कोई सुरक्षित जगह नहीं है। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर पर अतिरिक्त भूमि उपलब्ध है। जिस पर उपरोक्त सब रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय एवं बिक्री कर एवं आयकर कार्यालय खोले जा सकते हैं। जिससे आम जनमानस को एवं अधिवक्ताओं को तथा क्रय विक्रय व पंजीयन हेतु आने जाने वाले आम नागरिकों को उसका उचित लाभ मिलेगा तथा दूरस्थ जगह पर कार्यालय स्थापित होने से भ्रष्टाचार व अवैध वसूली की आशंका भी रहेगी। इन लोगों ने कहा कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए मौजा माहपुर में प्रस्तावित स्थल सब रजिस्ट्रार निबंधन कार्यालय एवं बिक्री कर तथा आयकर कार्यालय के प्रस्ताव को समाप्त करके कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित करने हेतु नया प्रस्ताव बनाकर एवं अनुमोदित कराकर मुख्यमंत्री को उक्त प्रस्ताव प्रेषित करने की मांग किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिये 21-22 मई को चयन ट्रायल्स आगरा में

उरई (जालौन)। क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि विभिन्न स्पोर्ट्स कालेजो में कक्षा-6, 9 व 11 में प्रवेश के लिये विभिन्न खेलों की 518 सीट के लिये चयन ट्रायल्स 21 व 22 मई 2026 को एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगारा में आयोजित किये जायेंगे। कालेज में प्रवेश के लिये खिलाडी बालक एवं बालिका ऑनलाइन खेल साथी पोर्टल पर जाकर स्पोर्ट्स कालेज एडमीशन पर क्लिक कर आवेदन शुल्क 200 रुपए जमा करके निर्धारित प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर अपना आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला खेल कार्यालय उरई में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है। इसके साथ ही आवेदन हेतु किसी भी सहायता के लिये मोबाइल नंबर 9230992739 एवं 9506843789 पर सम्पर्क करें।

# मां रामश्री उदयभान सिंह इंटर कॉलेज में जल संरक्षण के प्रति बच्चों को किया जागरूक



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज बजे इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश एवं आरोग्य भारती कानपुर प्रांत पर्यावरण प्रमुख तथा जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा मां रामश्री उदयभान सिंह इंटर कॉलेज आबूनगर व श्री डीपी सिंह पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन हटाओ इकोब्रिकस बनाओ एवं सीपीआर प्रशिक्षण, नशामुक्ति जागरूकता, चिकनपॉक्स व हीटवेव बचाव अभियान चलाया गया। डॉ अनुराग द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों को जल संरक्षण हेतु वाटर बेल लगाने, सड़कों को सींचने में न बहाने के लिए निवेदन करने के लिए कहा साथ ही स्वयं व अपने रिश्तेदारों को आरओ से निकलने वाले व्यर्थ पानी को एकत्र कर उपयोग में लेने के लिए जागरूक किया। साथ ही विद्यालय के सभी अध्यापकों को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक इस आशय से दिया कि इस पत्रक को व्हाट्सएप के माध्यम से सभी बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाय एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथिन हटाने के लिए इकोब्रिकस बनाने की विधि बताई जिससे हमारे घरों में आने वाली पॉलिथीन भूमि में वापस नहीं जा पाएगी। फिर डॉ अनुराग द्वारा सभी बच्चों व अध्यापकों को सीपीआर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया कि 1 वर्ष से ऊपर किसी भी उम्र के व्यक्ति को 30 बार दबाव व 2 बार सांस देकर तथा 1 वर्ष के बच्चे को 15 बार दबाव व 2 बार सांस देकर अस्पताल पहुंचने से पहले देकर जान बचा सकते हैं व नशामुक्ति अभियान के तहत नशे की वस्तुओं से दूर रहने हेतु जागरूक किया। अंत मे सभी 325 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई एवं हीट वेव से बचाव हेतु सिर में टोपी लगाने व तरल पदार्थों के अधिक उपयोग हेतु बताया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक ध्यान सिंह, प्रधानाचार्य केशभान सिंह अध्यापक ज्ञान सिंह, संदीप कुमार, माया द्विवेदी, सुमन यादव सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल/इण्टर बोर्ड परीक्षा में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

- सम्मान समारोह में डीएम ने छात्रों को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं बैग आदि देकर किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 की परीक्षा में जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र, शील्ड एवं बैग देकरब सम्मानित किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी तथा उनके विचार एवं अनुभव साझा किये गये तथा अध्ययनरत विद्यालय में संसाधनों की कमी एवं शिक्षण को और अच्छा बनाये जाने पर मेधावी छात्र-छात्राओं से सुझाव माँगे गये। बेसिक शिक्षा विभाग में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 40 छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट ईसरो संस्थान अहमदाबाद के बारे में छात्र-छात्राओं के विचार साझा किये गये तथा उनको शिक्षा में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद में हाईस्कूल प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्रा वैष्णवी ने अपने विचार व्यक्त किये तथा इण्टरमीडिएट में प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्रा अन्या गुप्ता ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु सुझाव दिये। इस अवसर पर बलराम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रेमचन्द यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक,एवं राहुल मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तथा सम्बन्धित छात्र-छात्राओं के विद्यालय के प्रधानाचार्य व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई वित्तीय वर्ष 2026-27 लोकनिर्माण विभाग की बैठक

- बैठक में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों व जनपदीय अधिकारियों ने की सहभागिता



**महोबा।** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मार्गों, सेतुओं एवं भवन के निर्माण हेतु कार्य योजना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रतिभाग करने हेतु जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान विधायक महोबा राकेश गोस्वामी व प्रतिनिधि रोहित शर्मा, बृजभूषण राजपूत विधायक चरखारी के प्रतिनिधि उदित राजपूत, अजेन्द्र सिंह लोधी सांसद के प्रतिनिधि महेश राजपूत एवं जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), विकास कुमार जौहरी अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख. लोक निर्माण विभाग, अनिल कुमार अधिशासी अभियन्ता नि.ख.-1, लोक निर्माण विभाग, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों के आधार पर लोक निर्माण विभाग द्वारा गठित की गयी कार्य योजना में सम्मिलित प्रत्येक कार्यों पर चर्चा की गयी। शीघ्र ही कार्ययोजना जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित कर दी जायेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी यह बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुयी।

### भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन



जालौन (उरई)। ग्राम महिया खास के रामजानकी मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला सहित अन्य प्रसंगों का श्रवण कर भावविभोर हो उठे। कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने गोवर्धन पर्वत लीला की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर धारण किया था। उन्होंने बताया कि उस समय इंद्र देव ने घमंड में आकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार वर्षा कराई थी, जिससे जन-जीवन संकट में पड़ गया था। तब भगवान श्रीकृष्ण ने समस्त ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत उठाकर उन्हें उसके नीचे आश्रय दिया। यह लीला हमें सिखाती है कि भगवान अपने भक्तों की हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और अहंकार का अंत निश्चित है। गोवर्धन पूजा का संदेश प्रकृति के संरक्षण और गौसेवा से भी जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत और प्रकृति की पूजा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है। कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग मिलता है। इस मौके पर परीक्षित आशा-मन्ना सिंह सेंगर, मालखान सिंह, राजेंद्र सिंह, यतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नरेंद्र, हरेंद्र, कालका प्रसाद, नीलम, सोनम, रानी, अर्चना, मालती, माया देवी, सुशांत सिंह, राका, फुर्तीले कक्का आदि रहे।

### तमंचा-कारतूस के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार

जालौन (उरई)। कोतवाली जालौन पुलिस को अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी को 315 बोर के देशी तमंचे और 2 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। 5 मई 2026 को थाना जालौन पुलिस द्वारा रोकथाम जुर्म-जरायम एवं संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान छेपुला के पास बंगरा रोड, कस्बा व थाना जालौन क्षेत्र में पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिंकू पुत्र परशुराम बाल्मीकि (34 वर्ष), निवासी मोहल्ला कछोरन, कस्बा व थाना जालौन के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना जालौन में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफअन्य मुकदमे दर्ज हैं। तमंचाधारी को पकड़ने में उप निरीक्षक मनीष कुमार तिवारी, सिपाही विश्वनाथ प्रताप सिंह आदि शामिल थे।

# हरियाणा सड़क हादसे में शहीद पुलिस कर्मियों को दी गई अंतिम सलामी

- पुलिस लाइन उरई स्थित डीजी, आईजी ने पुलिस कर्मियों के शवों को दिया कंधा
- शहीद पुलिसकर्मी के परिवार को 1.90 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मृतक पुलिस कर्मियों के प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की घोषणा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**









जनपद जालौन के लिए बुधवार का दिन बेहद भावुक और शोकपूर्ण रहा जब हरियाणा सड़क हादसे में जान गंवाने वाले चार पुलिस कर्मियों को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सुबह करीब 7.30 बजे चारों वीर जवानों के पार्थिव शरीर हरियाणा से उरई स्थित पुलिस लाइन पहुंचे जहां शोक की लहर दौड़ गई। वहां मौजूद हर पुलिस कर्मियों की आंख नम थी और माहौल गमगीन हो उठा। पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जनपद के सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डीजी आलोक सिंह और आईजी आकाश कुलहरी ने सबसे पहले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम सम्मान दिया। यह दृश्य हर किसी के दिल को झकझोर देने वाला था। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी समेत सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने शहीद जवानों को अंतिम सलामी दी। पूरे परिसर में अमर रहें के नारों के बीच शहीदों को विदाई दी गई। इस दौरान शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अपनों को खोने का दर्द हर चेहरे पर साफ झलक रहा था। साथी पुलिस कर्मी भी भावुक नजर आए और कई की आंखें नम हो गई। श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंप दिए गए जिसके बाद पुलिस ट्रक से वह अंतिम संस्कार के लिए अपने-अपने गृह जनपदों के लिए रवाना हुए। शहीदों में उप निरीक्षक सत्यभान सिंह का पार्थिव शरीर कासगंज, उप निरीक्षक मोहित यादव का कन्नौज, सिपाही अशोक का बांदा और सर्विलांस में तैनात सिपाही प्रदीप कुमार का शव रायबरेली के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर डीजी आलोक कुमार ने बड़ा ऐलान करते हुए प्रत्येक शहीद पुलिसकर्मी के परिवार को 1 करोड़ 90 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। यह घोषणा सुनकर परिजनों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी लेकिन अपनों की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। यह हादसा न सिर्फ जालौन पुलिस बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी क्षति है। चार जांबाज पुलिस कर्मियों का यूं असमय जाना सभी को गहरे दुख में डाल गया है। उनकी शहादत और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा याद रखी जाएगी। अंतिम विदाई के इस भावुक क्षण में हर कोई यही कह रहा था देश सेवा में समर्पित इन वीर सपूतों को शत-शत नमन आपकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

### माधौगढ़ बैठक में बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल समितियों का किया सत्यापन

**माधौगढ़ (जालौन)।** बुधवार को विकासखंड कार्यालय माधौगढ़ के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलापत कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार राठौर रहे। बूथ, शक्ति केंद्र एवं मंडल कार्यसमिति का सत्यापन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मंडल प्रवासी रामलखन औदीच्य ने किया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सूची संलग्न है। बैठक का संचालन महामंत्री देवेन्द्र सिंह ने किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने बड़े पुत्र फुरकान व उसकी पत्नी उजमा को उसके गलत आचरण, घर वालों के साथ मारपीट करने व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, आज से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। फुरकान व श्रीमती उजमा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचनाकर्ता- मो नफीस, मोहल्ला ब्रम्हनान नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी।**

# फिटनेस, परमिट फेल मिलने पर स्कूल वाहन को तत्काल करें सीजः राजकुमार सिंह

- डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अयोध्या ने की स्कूली वाहनों के विरुद्ध अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा
- मान्यता निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित को लेकर डीआईओएस को भेजे पत्र



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित और जनपद में स्कूली वाहनों के विरुद्ध अब तक हुई कार्यवाहियों की समीक्षा की7 समीक्षा के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने यूपी इंटीग्रेटेड स्कूली व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर अब तक दर्ज हुई वाहन के दस्तावेज, चालक का लाइसेंस, पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, जीपीएस और सीसीटीवी जैसी सुविधाओं का विवरण का अवलोकन किया7 तथा स्कूली वाहनों के खिलाफ सख्ती के साथ चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन मिलने पर सीज किए जाने को लेकर निर्देशित किया7 समीक्षा बैठक में उप परिवहन आयुक्त श्री सिंह ने प्रवर्तन टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विद्यालय, प्रबन्धको, प्रधानाचार्यो को स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों, फिटनेस, परमिट और शासन द्वारा विकसित स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल पर डेटा 100 प्रतिशत अपलोड करवाए7 इस दौरान प्रवर्तन टीम को 3-3 ब्लाकों की जिम्मेदारी सौंपते हुए स्कूलो में जाकर सुरक्षा मानकों एवं फिटनेस, परमिट आदि पत्रावलियों की जाँच कर उल्लंघन मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये7 बैठक में उप परिवहन आयुक्त ने अब तक हुई कार्यवाहियों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से स्कूलों के विरुद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए7 समीक्षा बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडल स्तरीय बैठक संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा कार्यकर्ताओं की कैंप कार्यालय मंडल सुबेहा पर मासिक बैठक का सफल आयोजन हुआ, जिसमें संगठन को और मजबूत बनाने हेतु महत्वपूर्ण रणनीतियों पर चर्चा की गई। सभी शक्ति केंद्रों में प्रवास की योजना, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं पूर्व में हुए कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रवासी /जिला मंत्री विवेक कुमार तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुबेहा रणवीर सिंह मोनू , पूर्व मंडल अध्यक्ष सुबेहा कृपा शंकर तिवारी , मंडल महामंत्री देवीगंज प्रदीप सिंह, मंडल महामंत्री सुबेहा रूपचंद चौरसिया, विनय शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, देवी बक्श सिंह, अभिनव सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया सहित मंडल पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र संयोजकगण, शक्ति केंद्र प्रभारी व मोर्चा के अध्यक्षगण मौजूद रहे! संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और इसी संकल्प के साथ हम जनसेवा एवं विकास के कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# कृषि में उर्वरकों के सन्तुलित उपयोग की दी गई जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ द्वारा चलाये गए उर्वरको के संतुलित उपयोग जान जागरण अभियान के अंतिम दिन आज कार्यक्रम का आयोजन बरांवा गाव में किया गया. इस कार्यक्रम में भारतीय गन्ना अनुसन्धान संसथान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पुष्पा सिंह एवं डॉ कामता प्रसाद ने कृषको एवं महिलाओं को उर्वरको के जिम्मेदारी के साथ उपयोग एबं धीरे धीरे कार्बनिक खादों और हरित खादों के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया. केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार सिंह ने किसानो को फसल चक्र अपनाने व सहफसली खेती करने की सलाह दी. कार्यक्रम में डॉ समीर कुमार पांडेय सहित डॉ अर्चित शुक्ल और अभिकास राठौर ने प्रतिभाग किया. उक्त कार्यक्रम में प्रगतिसील कृषक राम चन्दर सिंह, राजेंद्र सिंह, ननकऊ सहित 25 किसानो एवं माहिलाये उपस्थित रही।

# डीएम की अध्यक्षता में ओ.टी.डी. सेल की बैठक संपन्न

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में गठित ओ0टी0डी0 सेल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों तथा ओ0टी0डी0 सेल के गठन के उद्देश्य के सम्बन्ध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले स्तर से किये जा रहे प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रतिविम्बित करेंगे। इसके लिये आवश्यक है कि जिले स्तर के आंकडे उच्च गुणवत्ता पूर्ण हो। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिला स्तर पर अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीय, एवं तृतीय, क्षेत्र में जिले के योगदान को परिलक्षित करने के लिये आवश्यक है कि सभी सम्बन्धित विभाग आंकड़ो की गुणवत्ता की स्वतः समीक्षा करते हुये अपने विभागीय पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को फीड करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले का वास्तविक योगदान परिलक्षित हो।

बैठक में प्राथमिक क्षेत्र के कृषि विभाग से दलहन एवं मिलेटस की उत्पादकता कम परिलक्षित होने के कारण, इनकी उत्पादकता को बढ़ाने के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयास किये जाने हेतु चर्चा की गयी तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि ओ0टी0डी0 सेल के उद्देश्य के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था को बन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिले स्तर पर सकरात्मक प्रयास किये जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया की जनपद की कुछ महत्वपूर्ण योजनाओ को चिन्हित किया जाये, जिससे उनकी प्रगति के लिए प्रयास कर वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए जनपद का योगदान दिया जा सके, इसके साथ ही निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग अपनी आगामी कार्ययोजना बना कर प्रस्तुत करे जिससे जनपद की प्रगति में वृद्धि हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, डीएसटीओ सुधीर गिरी सहित सेल से सम्बंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### कंपोजिट विद्यालय मे छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति पेज 5 के तहत कंपोजिट विद्यालय पहरावां में छात्राओं को पुलिस द्वारा आपातकालीन नंबरों की एवं सरकार द्वारा संचालित जारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।उन्हें 112 1090 तथा अन्य नंबरों के बारे में जानकारी दी गई कि आप आपातकाल के समय में इन नंबरों की मदद से अपने आप को सुरक्षित कर सकती है। तथा सरकार द्वारा बेटियों और महिलाओं के लिए जो योजनाएं संचालित हो रही है उनके बारे में भी छात्राओं को चन्दापुर पुलिस द्वारा जानकारी दी गई इस मौके एस आई राजकुमार सिंह महिला सिपाही सीमा वैष्णवी शुक्ला मौजूद रही।

### तहसील बार के चुनाव मे शिव प्रकाश अवस्थी महामंत्री कमलापति तिवारी विजयी

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** तहसील बार एसोसिएशन के सम्पन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी और महामंत्री पद पर कमलापति तिवारी तथा उपाध्यक्ष तृतीय पद पर देवकली प्रसाद ने अपना परचम लहराया।मतदान के बाद सम्पन्न हुई मतगणना मे अध्यक्ष पद के लिये शिव प्रकाश अवस्थी ने 84 मत पाकर प्रतिद्वन्दी मानसिंह को 36 मतों से शिकस्त दी।महामंत्री पद पर हुए मुकाबले में कमलापति ने 67 मत प्राप्त कर 30 मतों से जीत दर्ज की।सुरेश त्रिपाठी 37 तथा 30 मत पाकर आनंद प्रताप सिंह तीसरे स्थान पर रहे,दो मत अवैध पाये गये।उपाध्यक्ष तृतीय पद पर हुए सीधे मुकाबले में देवकली ने 82 मत हासिल कर 29 मतों से जीत दर्ज की प्रतिद्वन्दी पुनीत वर्मा को 53 मत मिले एक मत अवैध पाया गया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बीडी खान उपाध्यक्ष प्रथम पर गिरजेश शुक्ला उपाध्यक्ष द्वितीय पर चैतन्य नारायण उपाध्याय संयुक्त मंत्री प्रशासन पर अरुण कुमार श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर हंसराज कोषाध्यक्ष पद पर गुरुदेव मिश्रा पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।वरिष्ठ सदस्य पर रामकुमार तिवारी,बृजेश कुमार,अरविंद कुमार तिवारी,सदस्य पद पर ललित त्रिपाठी,महेश कुमार सिंह,चंदन मणि तिवारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए थे।एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राकेश कान्त मिश्रा,सदस्य गौरी शंकर तिवारी,राम कुमार सोनी,सुनील कुमार सिंह,मानिक चन्द यादव ने चुनाव सम्पन्न कराने मे सराहनीय भूमिका निभाई।

# अनियंत्रित बाइक ने युवक को मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दादरा-हिंगलाज मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अनियंत्रित बाइक ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार तेज रफ्तार से चल रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल सहायता करते हुए एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान बाइक सवार राहुल पुत्र रघुनाथ कोरी और पैदल जा रहे तीरथ पुत्र मुन्नू, निवासी दादरा के रूप में हुई है।

# पुलिस कार्यालय सभागार में हुआ अपराध गोष्ठी का आयोजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बाढ़, सूखा एवं हीट वेव से बचाव हेतु तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई तथा सभी संबंधित विभागों को सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले का हीट वेव एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है, जिसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने योजना की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही पर्याप्त दवाओं, ओआरएस और तरल पदार्थों का स्टॉक बनाए रखा जाए। वन विभाग को वनीकरण को बढ़ावा देने तथा अग्निशमन विभाग को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहकर संसाधनों को सक्रिय रखने को कहा गया। नगर निकाय एवं पंचायती राज विभाग को सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल, प्याऊ और कूलिंग सेंटर संचालित करने तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बाढ़ से बचाव के लिए तहसील मुसाफिरखाना को आवश्यक तैयारियां करने तथा नगर पालिकाओं को जलभराव रोकने हेतु सफाई अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नकदी सहित बकरी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना संग्रामपुर पुलिस ने बकरी चोरी के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5260 रुपये बरामद किए हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रवेश कुमार वर्मा निवासी भवानीपुर सरैया कनू और रवी शर्मा निवासी सांगीपुर कनू के रूप में हुई है। तलाशी में प्रवेश के पास से 3220 रुपये और रवी के पास से 2040 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने 4 मई को भवानीपुर क्षेत्र से 3 बकरी और 3 बकरे चोरी कर बेचने की बात स्वीकार की। बरामद धनराशि उसी बिक्री की बताई जा रही है।

पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसपी ने थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने 8 इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। रवि कुमार सिंह को बनाया गौरीगंज कोतवाली प्रभारी, वहीं महिला थाना प्रभारी रही कंचन सिंह का अंतर्जनपदीय तबादला किया गया है। श्रीराम पांडेय को पीपरपुर से हटाकर अमेठी कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया। अरुण कुमार मिश्रा गौरीगंज कोतवाली से पीपरपुर थाने भेजे गए। वहीं रामराज कुशवाहा को एएचटीयू से हटाकर रामगंज थाने का प्रभारी बनाया गया।

दीप शिखा सिंह को महिला थाना प्रभारी की नई जिम्मेदारी दी गई तथा अजयेंद्र पटेल भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने के प्रभारी बने।

# जनगणना जागरूकता के लिए छात्रों ने निकाली फेरी




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

सिंहपुर विकास खण्ड क्षेत्र के अहोरवा भवानी चौराहे से जनगणना को लेकर जागरूकता फेरी निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अगुवाई नायब तहसीलदार तिलोई द्वारा की गई। जागरूकता फेरी के दौरान बच्चों ने जनगणना से जुड़े नारे लगाते हुए लोगों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। पूरे मार्ग में फेरी ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें आगामी जनगणना में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षकों ने भी जनगणना को देश के विकास की आधारशिला बताते हुए आमजन से सही और पूर्ण जानकारी देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फेरी में शामिल छात्र हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए जनगणना के प्रति जागरूकता फैलाने में जुटे रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया।

# जांच में निकला ग्राम प्रधान की बहन पर लग रहा भुगतान डीपीआरओ ने दबा दी गई फाइल, नहीं हुई कार्यवाही

**सीतापुर।** सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर के द्वारा लगातार सरकार की मनसा को लेकर कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं और भ्रष्टाचार्यो पर कार्यवाही भी कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ जिला पंचायत अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा सरकार और जिलाधिकारी को चुनौती देते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं जहां ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित की थी जांच टीम के द्वारा निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही के लिए पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को सौंप दी गई थी परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी फाइल को दबाते हुए अपनी मनमानी कर रहे हैं क्या इस मामले पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे लोगों पर कार्यवाही कब होगी बताते चलें विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान की सगी बहन के नाम की फर्म मानवी कॉस्ट्रक्शन पर रू0 1839546-00 का हस्तान्तरण कर किया दुरूपयोग । राजकुमार सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह एवं मोहित सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम पहाड़ापुर पो0 भिठौरा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर द्वारा नोटरी सत्यापित शिकायत दिनांक 13-09-2025 को जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरकार के आदेश के बाद भी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की सगी बहन और प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी के नाम फर्जी फर्म बनाकर मानवी कान्स्ट्रक्शन का करेन्ट खाता खोलकर धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया था। जिलाधिकारी द्वारा इसकी जॉच जिला कीड़ाधिकारी सीतापुर से कराने पर आरोप सही पाया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी सीतापुर द्वारा जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर के स्तर से ग्राम प्रधान करन कुमार सिंह को पत्रांक 8553 दिनांक 26-11-2025 द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया तथा ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार सिंह को अपने स्तर से कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र उरदौली, ब्लॉक महोली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर केन्द्र उरदौली, विकास खण्ड महोली का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये वजन मशीन एवं अन्य उपकरणों की जानकारी लेते हुये उसका परीक्षण किया। उन्होंने एच0आर0पी0 रजिस्टर का अवलोकन किया, जो विगत 04 महीनों अद्यतन नही था, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 मधू के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्री के एच0आर0पी0 रजिस्टर का अवलोकन करते हुये ड्यू लिस्ट की जानकारी लेते हुये त्रुटियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये दिये गये उपचार का फीडबैक लिया। आंगनबाड़ी सहायिका मनोरमा व आशा कार्यकत्री किरन द्वारा कार्यो बरतनें व कार्यो में रूचि न लेने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सी0एच0ओ0 प्रज्ञा त्रिवेदी से वार्ता करते हुये ओ0पी0डी रजिस्टर एवं बी0पी0 रजिस्टर का अवलोकन करते हुये गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की एवं जनसंख्या की भी जानकारी ली। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय उरदौली प्रथम, विकास खण्ड महोली में का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुये रजिस्टर का अवलोकन किया। रसोई घर पहुंचकर पके हुये भोजन की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने रसोइया को निर्देश दिये कि बच्चों को मैन्यू के अनुसार ही भोजन दिया जाये एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये, यह सुनिश्चित किया जाये।

# टीन तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से 644 ग्राम मारफीन बरामद

**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 644 ग्राम अवैध अफीम और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामकरन पुत्र राजबहादुर निवासी काशीपुरवा थाना को गिरफ्तार किया।

# बंगाल जीत के बाद सुब्रत पाठक ने किया शक्ति प्रदर्शन

- जोरदार स्वागत के बीच बोले, अब यूपी चुनाव आसान
- अखिलेश पर वंशवाद, तुष्टिकरण सहित गुंडो की पार्टी का लगाया आरोप
- मुसलमानों से की भाजपा का साथ देने की अपील

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद कन्नौज पहुंचे पूर्व सांसद सुब्रत पाठक का जनपद में भव्य स्वागत हुआ। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अरौल कट से लेकर मकरंद नगर तक कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश कर उनका अभिनंदन किया। गांगुपुर, मानीमऊ, सरायमीरा सहित कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों के साथ काफिले का स्वागत किया गया, जिससे कई जगह ट्रैफिक भी प्रभावित रहा।

कार्यकर्ताओं के उत्साह से अभिभूत पूर्व सांसद ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि बंगाल की जनता और कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की जीत के बाद अब उत्तर प्रदेश का चुनाव भाजपा के लिए आसान हो गया है।



इस दौरान सुब्रत पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी का चुनाव वंशवाद, गुंडागर्दी और अराजकता के खिलाफ होगा। साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुसलमानों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया।

पूर्व सांसद ने कहा कि देश के सच्चे मुसलमानों को भाजपा का साथ देना चाहिए, क्योंकि विपक्ष की राजनीति के कारण उनका नाम गुंडागर्दी से जोड़ा जाता है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बंगाल में मिली सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जनता विकास और राष्ट्रवाद के साथ है। स्वागत कार्यक्रम में जिले भर से हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# महापुरुषों की झांकियों सहित निकलेगी धम्म यात्रा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के ग्राम लक्षीराम नगला स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में विशाल धम्म यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में बौद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। बैठक में 30 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। सरॉय गूजरमल, डायट रोड निवासी अजय शाक्य को अध्यक्ष, मोहल्ला चौधरियान निवासी रचित शाक्य (छोटू) को उपाध्यक्ष, मोहल्ला चौधरियान निवासी जितेंद्र शाक्य को कोषाध्यक्ष तथा मोहल्ला भैनपुरा निवासी ब्रजेश शाक्य को महामंत्री मनोनीत किया गया। प्रिया ओम शाक्य ने माल्यार्पण कर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। बुद्ध वंदना के साथ शुरू हुई बैठक को संबोधित करते हुए ओमकार शाक्य ने बताया कि 16 मई शनिवार को दोपहर 2 बजे पश्चिमी बाईपास स्थित नहर निरीक्षण भवन से धम्म यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा मुख्य बाजार, तिरंगा तिराहा और तहसील मार्ग से होते हुए लक्षीराम नगला पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा में भगवान गौतम बुद्ध सहित 10 महापुरुषों की आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी।



विशेष आकर्षण 84 फीट लंबा पंचशील का विशाल झंडा होगा, जिसे दोनों ओर से लोग थामकर चलेंगे। यात्रा मार्ग पर 10 स्थानों पर स्वागत पंडाल लगाए जाएंगे। समापन स्थल पर भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य ने कहा यह धम्म यात्रा बौद्ध संस्कृति और महापुरुषों के संदेशों को प्रचारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही कट जाते हैं समस्त पाप

- संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

न्यू संत गेस्ट हाउस में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी अगरा खंड स्नातक क्षेत्र स्वर्गीय विकास अग्निहोत्री की पंचम पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में दुर्वासा ऋषि आश्रम फर्रुखाबाद के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है।

इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख श्री महंत मधुराम शरण शिवाजी महाराज ने कहा हनुमान जी की शरणागति के बिना श्रीराम जी भक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। विख्यात



श्री राम कथा एवं सुंदरकांड वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने कहा भगवान सूर्य के तेज का भाग भी हनुमान जी में विद्यमान है। उनको प्रसन्न करने से जीवन में ज्ञान, भक्ति, ऊर्जा, बल और बुद्धि में बढ़ोत्तरी होती है। तत्पश्चात उन्होंने भजन सुनाए श्री राम न मिलेगें हनुमान के बिना... कीजै केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम... दुनिया में हनुमान सा कोई देव नहीं.... भारी संख्या में भक्त भजनों पर झूमते रहे। इससे पूर्व आचार्य शिवानंद द्विवेदी ने पुष्कर अग्निहोत्री से राम दरबार का पूजन कराया और फिर मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी....संपुट के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ हुआ।

अंत में महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में राधाकृष्ण अग्निहोत्री, विवेक अग्निहोत्री पिंटू, प्रधान वंदना अग्निहोत्री एवं गीता अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## छात्र करुणेश प्रकाश ने जिले का नाम किया रोशन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी ब्रह्मदत्त यादव एवं सुमेधा यादव के पुत्र करुणेश प्रकाश ने सिटी चिल्ड्रन्स एकेडमी से कक्षा 12 (आईएससी) की परीक्षा में उत्कृष्ट 97.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर स्थानीय समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान शैलेंद्र राठौर 'बबल' ने करुणेश का माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उन्हें मिठाई खिलाई। इस अवसर पर छात्र के माता-पिता को भी पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। शैलेंद्र राठौर बबल ने कहा कि करुणेश की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अन्य छात्रों से भी प्रेरणा लेते हुए पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

परिवार और विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए करुणेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। करुणेश की सफलता पूरे छिबरामऊ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

# श्वेत वेश प्रतियोगिता में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा

- तरुण वर्ग में आदर्श पांडेय प्रथम, गौरी यादव द्वितीय एवं गौरी दीक्षित तृतीय स्थान पर रहीं

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमती गंगादेवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्वेत वेश प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों ने श्वेत वेशभूषा धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

निर्णायक मंडल में शामिल पूर्व प्रधानाचार्य वीरेंद्र द्विवेदी एवं देवेंद्र देव सिंह पाल ने प्रतिभागियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता में शिशु वाटिका वर्ग में अपूर्व प्रथम, रौनक द्वितीय व श्रीजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



शिशु वर्ग में प्रज्वल प्रथम, शिवांश द्वितीय एवं हर्ष रावत तृतीय स्थान पर रहे।

बाल वर्ग में देव त्रिपाठी व आदित्य तोमर प्रथम, अदिति द्वितीय तथा अनन्या त्रिपाठी व दीक्षा सिंह संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में गौरी चतुर्वेदी व हर्ष यादव प्रथम, दीपाक्षी द्वितीय और असित शाक्य व अनिकेत तोमर तृतीय रहे। तरुण वर्ग में आदर्श पांडेय प्रथम, गौरी यादव द्वितीय एवं गौरी दीक्षित तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एसएमसी/पीटीएम बैठक में विद्यालय विकास पर हुई चर्चा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएमश्री उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय के विकास और बच्चों की शैक्षिक प्रगति को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

साथ ही अभिभावकों को निर्देश दिए गए कि यूनिफॉर्म व बैग की धनराशि प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खातों को आधार से लिंक कराएं। इस दौरान बच्चों के शैक्षिक एवं व्यवहारिक विकास से संबंधित होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों के साथ साझा किए गए। आगामी 20 मई से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए 'समर होमवर्क' के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर भी सहमति बनी। विद्यालय में संचालित तकनीकी प्रोजेक्ट्स एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। एएनएम रेशम



बैठक में मौजूद शिक्षक व अभिभावकगण

कमल ने अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया।

बैठक के अंत में अनुशासन समिति के प्रभारी राम किशोर सिंह ने अभिभावकों से भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

# खाद-बीज संकट और स्मार्ट मीटर पर गरमाई बैठक

- विकासखंड कार्यालय में हंगामे के बीच पास हुए प्रस्ताव
- खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने स्थिति को संभालते हुए दिया आश्वासन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड परिसर में बुधवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामे के बीच संपन्न हुई। ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विकास कार्यों से अधिक जनसमस्याओं को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। बैठक के दौरान करीब 2 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में किसानों को यूरिया और




डीएपी खाद की उपलब्धता न होने का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। सदस्यों ने कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद और बीज के स्टॉक पर जवाब मांगा। इसके साथ ही बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों में आ रही तकनीकी समस्याओं और राशन कार्ड से जुड़ी लंबित फाइलों को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने स्थिति को संभालते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सेनापति अक्षांश और उप सेनापति के लिए आर्यन निर्वाचित

- सरस्वती शिशु मंदिर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान कर पदाधिकारियों का हुआ चयन
- आचार्य दिनेश सिंह चौहान के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम का संचालन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्वे के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नायक की अध्यक्षता में शिशु भारती का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य दिनेश सिंह चौहान (शिशु भारती प्रमुख) के निर्देशन में हुआ, जिसमें भैया- बहिनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत मतदान कर पदाधिकारियों का चयन किया। सेनापति पद के लिए हुए चुनाव में भैया अक्षांश दुबे ने 86 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भैया आर्यन दुबे (40 मत) को 46 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। वहीं, भैया आर्यन दुबे को उप सेनापति पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य पदाधिकारियों में स्वीकृति यादव (कक्षा-चतुर्थ) को वंदना प्रमुख, आराध्या राजपूत को भोजन मंत्र प्रमुख, वैष्णवी (कक्षा-पंचम) को गीत प्रमुख, प्रांशी यादव (कक्षा-चतुर्थ) को चिकित्सा प्रमुख तथा आदित्य वर्मा (कक्षा-पंचम) को स्वच्छता प्रमुख चुना गया। कक्षा-तृतीय के अमन राठौर को खोया-पाया प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नायक ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना का विकास करती हैं।

## शैलेंद्र सिंह बने पश्चिमी यूपी के प्रदेश सचिव



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने संगठन के विस्तार के तहत एक अहम नियुक्ति की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के निर्देश पर ग्राम नौली निवासी शैलेंद्र सिंह को उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। कसियापुर नौली में प्रभात कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर सिंह ने शैलेंद्र सिंह को मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं को बिना किसी भेदभाव के प्रमुखता से उठाना नई जिम्मेदारी का उद्देश्य है। बैठक में ग्रामीण स्तर पर संगठन को सशक्त करने और किसानों के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।

# एक्सप्रेसवे परियोजना में जमीन घोटाला उजागर, 7.54 हेक्टेयर निकली पशुचर-जंगल

- 22.78 हेक्टेयर भूमि की जांच में खुलासा
- फर्जी तरीके से काश्तकारों के नाम दर्ज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फर्रूखाबाद प्रवेश नियंत्रित (ग्रीन फील्ड) लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत भूमि अभिलेखों की जांच में बड़ा मामला सामने आया है। प्रस्तावित 22.78 हेक्टेयर निजी कृषि भूमि के बैनामा अभिलेखों की पड़ताल में 7.54 हेक्टेयर जमीन पशुचर एवं जंगल ढाक श्रेणी की पाई गई, जिसे त्रुटिपूर्ण तरीके से काश्तकारों के नाम दर्ज कर दिया गया था। उप जिलाधिकारी छिबरामऊ के निर्देशन में राजस्व एवं चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम ने पुराने बंदोबस्त अभिलेखों और 1359 फसली खसरे से मिलान करते हुए



जांच की। जांच में सुरक्षित श्रेणी की भूमि को निजी दिखाने की पुष्टि हुई।

एसडीएम छिबरामऊ ने न्यायालयीय आदेश जारी कर उक्त भूमि पर दर्ज काश्तकारों के नाम निरस्त कर दिए हैं और जमीन को पुनः उसके मूल स्वरूप में सुरक्षित श्रेणी में दर्ज कराया गया है। प्रशासन ने अभिलेखों में छेड़छाड़ और फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। संबंधित दोषियों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

अधिकारियों के मुताबिक अन्य अभिलेखों की जांच अभी जारी है। यदि किसी भी प्रकार की फर्जी प्रविष्टि सामने आती है तो संबंधित नामों को निरस्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 7 से 21 मई तक चलेगा स्व-गणना अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनगणना-2027 के तहत जनपद में 7 से 21 मई तक स्व-गणना अभियान संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। स्व-गणना अवधि में नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपना विवरण दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जनपद में दिवसवार कार्ययोजना लागू की गई है। इसके तहत प्रशासन, पंचायत, युवा, शहरी समूह, न्यायिक संस्थान, पुलिस, बैंक, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, महिला समूह और डिजिटल उपयोगकर्ताओं को जोड़ते हुए विशेष अभियान



- 22 मई से मकान सूची करण शुरू, जनपद में दिवसवार कार्ययोजना लागू

चलाया जाएगा। जनपद में सीएससी, पंचायत भवन और शहरी वार्ड कार्यालयों को सुविधा केंद्र बनाया गया है, जहां इंटरनेट युक्त उपकरण, प्रशिक्षित कार्मिक और हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों को सहायता दी जाएगी। साथ ही सहायता प्राप्त व्यक्तियों का दैनिक अभिलेखीकरण भी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी को अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्व-गणना में सक्रिय सहभागिता कर जनगणना-2027 को सफल बनाने में योगदान दें।

## शांति पाने के लिए भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम ढिपारी में बौद्ध कमेटी ढिपारी द्वारा आयोजित भगवान बुद्ध की जयंती पर जन जागरण कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हजारों युद्धों को जीतने से बेहतर है कि हम स्वयं को जीतें और स्वयं को पहचानें। उन्होंने कहा जब तक हम भगवान बुद्ध की पारमिताओं का पालन नहीं करेंगे और भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर नहीं चलेंगे तब तक हमको कभी शांति प्राप्त नहीं होगी द्य उन्होंने भगवान बुद्ध पर गीत भी प्रस्तुत किये। बौद्ध कथा वाचिका कीर्ति शाक्य एवं अभी शाक्य ने वाद्य यंत्रों के साथ गायन एवं बुद्ध कथा की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। हरिगोविंद शाक्य हरि, हुकुम सिंह प्रधान, नेत्रपाल शाक्य, शिवम शाक्य, राम लखन, डॉ अनिल शाक्य, दीपू, विजय, नीरज आदि ने कीर्ति शाक्य एवं सभी का पुष्पमाला, पंचशील पट्टीकाओं से स्वागत किया। बुद्ध कमेटी ने हरिगोविंद शाक्य हरि एवं उनके साथ आए सभी लोगों का पुष्प माला एवं पंचशील पट्टीकाओं से सम्मानित किया द्य पूरी रात चले कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग बच्चे एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सुन भक्त हुए भावविभोर

**गुरसहायगंज/कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के सर्विस रोड़ स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास रामानुज पाण्डेय जी ने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा में बताया गया कि मथुरा के राजा कंस के अत्याचारों से पूरा जनमानस त्रस्त था। तभी भगवान विष्णु ने देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। आधी रात के



समय कारागार में भगवान का जन्म हुआ, जहां चारों ओर दिव्य प्रकाश फैल गया। उसी समय वसुदेव जी ने नवजात श्रीकृष्ण को यमुना पार कर गोकुल में नंद बाबा के यहां सुरक्षित पहुंचाया। कथा व्यास ने बताया कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की हमेशा विजय होती है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों। श्रीकृष्ण का जीवन हमें साहस, प्रेम और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। इस अवसर पर कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। ÷नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की÷ के जयघोष के साथ नन्हे से बालक की भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाल कर महिलाओं और पुरुषों ने भक्ति गीतों पर झूमते हुए अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। यजमान पंकज गुप्ता व कल्पना गुप्ता ने बताया कि कथा का समापन आगामी दिनों में हवन और भंडारे के साथ किया जाएगा। कथा मे विकास पाण्डेय प्रीति गुप्ता, पूजा शुक्ला,लाली गुप्ता, शालिनी गुप्ता, रामऔतार त्रिपाठी, शिवम पाण्डेय, टिंकू लाला, प्रेमनारायण पाल, विनय पाल (प्रधानाचार्य पीएन किड्स), आशा पाण्डेय शरद श्रीवास्तव, माधुरी आदि भक्त मौजूद रहें।

# लोक अदालत के प्रचार को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

- गांव-गांव जागरूकता अभियान
- 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत, 65,764 वादों के निस्तारण का लक्ष्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा ने वाहन को रवाना करते हुए कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित, सुलभ



व निःशुल्क न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है।

प्रचार वाहन कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला अस्पताल, पुलिस कार्यालय, नगरपालिका, तहसील सदर, तिर्वा, छिबरामऊ सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने परिसरों से प्रचार अभियान को गति दी, जिससे दूरदराज क्षेत्रों तक जानकारी पहुंच सके। इसी क्रम में बुधवार को जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा ने की, जबकि संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुजा सिंह की देखरेख में हुआ।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर मंथन किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा 65,764 वादों की सूची प्रस्तुत की गई, जिनके निस्तारण के लिए आपसी सुलह-समझौते पर जोर दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने मामलों का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र साविर एवं पुत्रवधू साजीर बानो एवं नाती सुवान पुत्र साविर के गलत चाल-चलन से दुःखी होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। यह सभी अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

**युनूस अली, पुत्र मंसूर अली निवासी ग्राम मलगवां, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज।**

# जिला विकास अधिकारी को निरीक्षण में विकास खंड कार्यालय पर मिलीं खामियां

- समूह का लक्ष्य पूरा न देख कई कर्मचारियों का वेतने रोकने के दिये निर्देश
- प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर किया शुभारंभ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय का जिला विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं प्रेरणा कैटीन का फीता काटकर शुभारंभ किया।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के विकासखंड कार्यालय पर आज पहुंचे जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहीं विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान से विकास कार्यो के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी अलग-अलग पटल के कर्मचारियों को बुलाया और उनके कार्यो के बारे में जानकारी ली। कई पटलों पर अभिलेख अपूर्ण मिले। जिस पर गहरी नाराजगी जताई। वहीं वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित को मास्टर फाइल तथा मास्टर रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए तथा विकास खंड के सभी कर्मचारियों को मानव संपदा पोर्टल से छुट्टी देने की बात कही। उन्होंने बताया की मानव संपदा पोर्टल से छुट्टी नहीं दी जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं फॉरेस्ट लिपिक की नेम प्लेट के बारे में भी जानकारी की गई और उनका नाम की प्लेट टेबिल पर लगाने की बात कही। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान को जिला विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि वह अपने कार्यालय पर बैठकर सभी कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर 10:00 बजे सीन कर दें जिससे कि सभी कर्मचारी सही से काम करते रहे और समय से आना-जाना सुचारू रूप से चालू हो जाए। जो कर्मचारी आपके आदेश को नहीं मानेगा उसको आप आवास एलाट कर दें और वह कर्मचारी विकास खंड कार्यालय पर रहकर काम करें। वहीं पूर्व में जिलाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया था। जिस पर निरीक्षण पर पालन अभी तक कार्यालय को नहीं भेजा।

गया और निष्प्रयोग वस्तुएं नीलाम करने की लिस्ट बनाई जाने के लिए बात कही। वहीं ब्लॉक मिशन मैनेजर समूह के बारे में ब्लॉक में सब मैनेजर ममता पाल से जानकारी की गयी। जिसमें समूह गठन का लक्ष्य 15000 बताया गया। जिसमें सापेक्ष लोगों को जोड़ने के लिए बताया गया। वहीं ममता पाल के द्वारा दो समूह यानी 20 महिलाओं को अभी तक जोड़ा गया। अनुज शुक्ला ब्लॉक मिशन मैनेजर ने 60 व्यक्तियों को अभी तक जोड़ा। ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव कुमार ने बताया कि उन्होंने 57 लोगों को अभी तक जोड़ा है। यह देख जिला विकास अधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने बताया की 15000 महिलाएं समूह से जोड़ने के लिए लक्ष्य दिया गया और अभी तक तीनों ब्लॉक मिशन मैनेजर ने 100 लोगों को भी नहीं जोड़ पाया। जिस पर उन्होंने सभी के वेतन रोकने के निर्देश दिए। यदि इतने से मामला सही नहीं होता है तो निलंबन की भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ओपन जिम पार्क को सही करने के निर्देश दिए। वहां लगे यंत्रों को सही करने की बात कही तथा उन्होंने बताया की नए वृक्षों को लगाकर उनको हरा भरा किया जाए। ब्लॉक में पानी की कमी को देखते हुए अकाउंटेंट तथा अन्य वरिष्ठ लिपिक को निर्देशित करते हुए बताया कि वह जल्द से जल्द समरसेबिल सही कराकर विकास खंड कार्यालय को पानी मुहैया करायें। वहीं खंड शिक्षा कार्यालय पर अपूर्ण भवन देखकर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए बताया कि यह जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराकर खंड शिक्षा कार्यालय को समर्पित किया जाए। जिससे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ना हो सके। वहीं महिला प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन करने पहुंचे जिला विकास अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय के बाउंड्री वालों की दीवार पर पनी तनी देखा गहरी नाराजगी जताई और विकास खंड कार्यालय से परिसर से गंदगी हटाने के लिए तथा बाहर बने चाय का खोखा हटाने के लिए अधिशासी अधिकारी नवाबगंज प्रमोद कुमार को निर्देशित किया। वहीं प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए महिला समूह सखी प्रजापति महिला समूह सखी को लखपति महिला लखपति सखी बनने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडियो समाज कल्याण अंकुश कटियार, बीओपीआरडी शुभम यादव, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, अकाउंटेंट वीरेंद्र कुमार, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, अवनीश कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, विनय सिंह, राघवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



प्रेरणा कैंटन का शुभारंभ करते जिला विकास अधिकारी

# पीआरडी जवान और होमगार्ड से बदसलूकी करने वाले युवक हिरासत में



पुलिस हिरासत में युवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के मंझना गांव में मंगलवार रात एक युवक ने शराब के नशे में ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान और होमगार्ड से बदसलूकी की। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, नशे की हालत में युवक पहले पीआरडी जवान से उलझ गये। जब होमगार्ड ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो युवकों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए निखिल कुमार और आकाश कुमार (पुत्रगण संतोष कुमार, निवासी मंझना, नवाबगंज, फर्रुखाबाद) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अभियुक्तों को धारा 170 बी एन एस एस के तहत माननीय न्यायालय कायमगंज भेजा है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि शांति भंग के आरोप में भी कार्रवाई की गई है।

## कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डीएम-एसपी ने ली बैठक



बैठक लेंती डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करना रहा। बैठक के दौरान समाज में भय व्याप्त करने वाले अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से चिन्हित गैंगस्टरों की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों के जब्तीकरण (धारा 14(1) के अंतर्गत) की कार्यवाही में तेजी लाने और समयबद्ध तरीके से चार्जशीट दाखिल करने पर बल दिया। साथ ही, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने, टॉप-10 अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिले के अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# दिव्यांगों के लिए विशेष सहायता शिविर आयोजित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज ब्लॉक में दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। शिविर में कुल 42 दिव्यांगजनों ने विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण कराया। आयोजकों ने बताया कि पंजीकृत 42 लाभार्थियों को कुल 48 सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

इस अवसर पर सौरभ प्रधान और संतराम शाक्य भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। पंजीकरण के आंकड़ों के अनुसार, ट्राई-साइकिल की मांग सबसे अधिक रही। कुल 35 ट्राई-साइकिल के लिए आवेदन किए गए। इसके अतिरिक्त, 5 बैसाखी, 2 कान की मशीन और 1 व्हीलचेयर के लिए भी पंजीकरण हुए। शिविर में आए दिव्यांगजनों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना की।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन सहायक उपकरणों से दिव्यांगजनों को आवागमन और दैनिक कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी।



पंजीकरण कराते दिव्यांग

## खबरें एक नजर में

### भाजपा नगर कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यसमिति की बैठक सी.पी. गेस्ट में सम्पन्न हुई। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों का आज सत्यापन कार्य पूर्ण हुआ। बैठक में प्रभारी डॉ. हेमचंद्र राजपूत के अलावा नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विकास शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक, नगर महामंत्री अखिलेश शर्मा, नगर महामंत्री राष्ट्रवादी अमर गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष अरुण सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष बबिता वर्मा, नगर मंत्री सुषमा शाक्य, नगर मंत्री सचिन मिश्रा, आरती कश्यप, महिला नगर अध्यक्ष अनीता गंगवार, उर्मिला सिंह के अलावा पार्टी के सभी पदाधिकारी और सदस्य शक्ति केंद्र के संयोजक उपस्थित रहे।

### निरीक्षक अपराध व उपनिरीक्षकों की तैनाती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन से कोतवाली में निरीक्षक अपराध सहित आधा दर्जन उपनिरीक्षकों की तैनाती की है। निरीक्षक महेंद्र सिंह की कोतवाली कायमगंज में निरीक्षक अपराध पद पर एवं उप निरीक्षक ब्रजमोहन व अरविंद कुमार की कोतवाली कायमगंज में तैनाती की है। उप निरीक्षक शिवकुमार, भोलाराम व उमेश कुमार को कोतवाली फर्रुखाबाद भेजा गया है।

### युवक ने किशोरी को अकेला पाकर की छेड़छाड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना** क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी बुधवार सुबह लगभग आठ बजे शौचक्रिया के लिए खेतों की ओर जा रही थी, तभी रास्ते में गांव के ही निवासी युवक ने किशोरी को अकेला आते देख छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर युवक जबरियन किशोरी को मक्के के खेत में खींचने लगा। शोर मचाने वाले आसपास के लोगों के आने पर युवक मौके भाग गया। थाना पुलिस को किशोरी व उसके परिजनों ने घटना की तहरीर दी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ध्यान न देने पर दोपहर बाद किशोरी व उसके परिजन वापस लौट गए।

### पत्नी की शिकायत पर पहुंचे मायके वालों ने पति को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पत्नी की शिकायत पर पहुंचे मायके वालों ने पति की पिटाई कर दी। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार राहुल सिंह पुत्र ब्रजभान सिंह निवासी सलेमपुर त्यौरी की मंगलवार को पत्नी आसमा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आसमा ने अपने मायके फोन कर घटना की जानकारी दी। रात लगभग 12 बजे राहुल के घर पहुंचे थाना जहानगंज के गांव गड़ा खेरे निवासी ससुर राजेंद्र व साले कुलदीप, संदीप ने राहुल के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया, राहुल ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने राहुल को लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी और ससुरालीजन राहुल की पत्नी आसमा को अपने साथ अपने घर ले गए। आसमा घर में रखे सोने चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई। राहुल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी आसमा घर से जाते समय सोने का एक हार, एक सोने की चेन, 4 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी टॉप्स, एक मंगलसूत्र, एक कमर करधनी, एक जोड़ी चांदी की पायल ले गई।

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में एडीएम ने दिये कार्रवाई करने के निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



सरकारी भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण

सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में अपर जिलाधिकारी ने एसडीम कायमगंज नगर पंचायत शमशाबाद के अधिशाषी अधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर पंचायत के मोहल्ला तिवारियान निवासी गिरीश चंद्र श्रीवास्तव पुत्र छोटेलाल, सतीश चंद्र पुत्र छोटेलाल, अंकित पुत्र सतीश आदि लोग जबरिया पक्का निर्माण कर कब्जा करने के मामले में शमशाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने एसडीम कायमगंज को लिखित शिकायत कर करवाई की मांग की। जिसके आधार पर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने एसडीम कायमगंज वह शमशाबाद नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को तीन दिवस के अंदर कार्रवाई कर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कुछ लोग गलत अफवाहें फैला रहे हैं। नगर पंचायत किसी भी कीमत पर सरकारी भूमि पर किसी को भी कब्जा करने की छूट नहीं देगी।

# अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत कार्यवाही, कच्ची शराब व लहन बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में दिनांक 06 मई 2026 को प्रभावी कार्यवाही की गई।

आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा द्वारा मय स्टाफ थाना राजेपुर क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध ग्राम कुइयां डेरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 04 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं लगभग 60 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों बदनपुर देशी, बदनपुर कंपोजिट शॉप, अम्बरपुर देशी एवं कुतलूपुर देशी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन से बिक्री, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों का गहन परीक्षण किया गया। सभी दुकानदारों को नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही लगातार जारी रहेगी तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



दुकान का निरीक्षण करतीं आबकारी निरीक्षक





बरामद लहन को नष्ट करतीं आबकारी निरीक्षक

# फर्जी व कूटरचित बैनामा करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने जालसाजी और धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए फर्जी व कूटरचित विक्रय पत्र (बैनामा) तैयार करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बेहटा बल्लू निवासी शिववीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब 40-50 वर्ष पूर्व मृत हो चुकी परमेश्वरी के स्थान पर किसी अन्य महिला को खड़ा करके अभियुक्तों ने फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लिया था। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भकुसा से नगला मलू जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। दोपहर करीब 2:00 बजे पुलिस टीम ने दबिश देकर तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों में रामवीर पुत्र सुक्खी, निवासी ग्राम बल्लू बेहटा, अरविन्द पुत्र विश्वनाथ, निवासी ग्राम मलू नगला और अन्नू उर्फ राजवीर पुत्र रामसिंह, निवासी खानआलमपुर (मूल निवासी कोट मऊ रशीदाबाद) को दबोच लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं समेत अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।



पुलिस हिरासत में जालसाज

## जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने गायत्री हॉस्पिटल को किया सील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गायत्री हॉस्पिटल को सील कर दिया। बताते चलें कि सोमवार को गायत्री हॉस्पिटल में प्रसूता की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी जिस पर परिजनों ने हंगामा किया था। सूचना पर पहुंचे सीएमओ ने जांच के बाद जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देश पर तीन सदस्यी जांच कमेटी बना दी थी

इसके बाद गायत्री हॉस्पिटल में भर्ती चार मरीजों को जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया था। प्रसूता की मौत के मामले में जांच कमेटी द्वारा मंगलवार को गायत्री हॉस्पिटल की जांच में लापरवाही पाई गई यहां जांच कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ डॉक्टर अवनेंद्र कुमार के नेतृत्व में आज थाना कादरीगेट क्षेत्र के लकूला मसेनी मार्ग पर स्थित गायत्री हॉस्पिटल को खाली कराकर सील कर दिया गया। सीएमओ ने यहां भर्ती मरीजों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल लोहिया के लिए भिजवा दिया। इसके बाद डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ अस्पताल को सील कर चाबी केंद्र स्वामी अरविंद सिंह को सौंप दी। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करने वालों में डिप्टी सीएमओ डॉ0 दीपक कटारिया, डॉ0 शोभा सक्सेना, डॉक्टर श्वेता सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग, पर्यावरण विभाग और गंगा स्वच्छता समिति के सदस्य मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा की गई कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर यूटा ने बीएसए से की मुलाकात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को यूटा संगठन शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनके निस्तारण हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिया।

जिसमें मुख्य रुप से प्र0अ0/इंचार्ज को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु पुनः पत्र भेजने के लिय कहा गया, 69000 शिक्षक भर्ती में ऐसे शिक्षक जो बी.एड. योग्यताधारी हैं और जिन्हें अनिवार्य ब्रिज कोर्स करना है उन्हें जनगणना/गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने हेतु सहानुभूति पूर्वक विचार का आश्वासन दिया। ऐसे विद्यालय जो तकनीकी समस्या के कारण बच्चों की प्रेरणा पोर्टल पर अटेंडेंस लॉक नहीं कर पाए थे उन्हें अग्रिम दिवसों में लॉक करने के लिए कहा। दिव्यांग शिक्षकों के बढ़े हुए यात्रा भत्ता देय हेतु उच्चाधिकारियों से वार्ता के उपरांत ही निर्णय का आश्वासन दिया।



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षकगण

# मकान को विवादित बताकर दो पक्ष भिड़े

**चले लाठी-डंडे, तीन घायल**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के गांव पहाड़पुर अठसेनी निवासी रेनू देवी पत्नी स्व0 शीशराम ने गांव की ही सावित्री पत्नी स्व रामकिशन से 26 अप्रैल को गांव में ही मकान खरीदा था। बुधवार सुबह लगभग 11 बजे रेनू अपने उसी खरीदे हुए मकान की साफ सफाई का रही थी, तभी गांव के ही राजेश व उसके साथी मौके पर आए और रेनू से मकान को विवादित बताकर मकान मालिक सावित्री पत्नी स्व0 रामकिशन से 40 हजार रुपए दिलवाने की बात कही। रुपए न मिलने तक मकान की ओर न आने की हिदायत दी। रेनू के विरोध करने पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगा।

विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में एकाएक लाठी-डंडों से मारपीट होने लगी। मारपीट में रेनू का पुत्र रवेंद्र व दूसरे पक्ष से राजेश व उनकी पत्नी नैनसी घायल हो गई। पुलिस को एक पक्ष से रेनू पत्नी स्व0 शीशराम व दूसरे पक्ष से राजेश कुमार ने एक दूसरे के खिलाफ जवाबी तहरीरें दीं। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी नवाबगंज भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

# दहेज हत्या के मामले में पति सहित सास-ससुर को सात सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष फास्ट ट्रक प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने दहेज हत्या के मामले में मनोज पुत्र लालाराम, रामगुनी पत्नी लालाराम , लालाराम पुत्र बीजलाला निवासीगण नौसरा राजेपुर फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात सात वर्ष का कारावास व आठ आठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते तीन वर्षो पूर्व थाना राजेपुर पुलिस को छोटे लाल पुत्र जयराम निवासी उड़नपर अरवल हरदोई ने दी गई तहरीर में बताया कि मैने अपनी पुत्री का विवाह मनोज के साथ दो साल पहले की थी शादी में दहेज की मांग में एक अपाचे मोटर साइकिल और नगद रुपए की मांग की थी मैंने अपनी क्षमता के आधार पर दहेज दिया था। उसके बाद भी ससुरालीजनों ने मोटर साइकिल, व नगद रुपए के लिए मारपीट कर एक वर्ष पहले घर से निकाल दिया था, तो पुत्री अनुजा मेरे घर आ गई थी। इसके बाद मनोज अपने रिश्तेदारो के साथ आकर समझौता कर अनुजा को बुलाकर घर ले गए थे। इसके बाद फिर मारपीट की। 24 फरवरी 2023 को शाम करीब पांच बजे मुझे सूचना मिली कि तुम्हारी बेटी को मारपीट कर मार डाला है। बेटी की लाश मकान के बाहर मिली, तो हम लोगों ने देखा बेटी के बेल्टों के निशान मिले। गला फटा हुआ मिला। काफी चोट के निशान मिले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश में आरोप पत्र दाखिल कर बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की की कुशल पैरवी के आधार न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने मनोज, रामगुनी, लालाराम को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात सात वर्ष का कारावास व आठ आठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# फर्रुखाबाद विकास मंच ने स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**कालिंदी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन न करने की उठायी मांग**

फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में काफी बड़ी संख्या में लोगों ने फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन जाकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन की प्रमुख मांग यह थी नई दिल्ली से फर्रुखाबाद होकर कानपुर की तरफ जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तन करके शिकोहाबाद इटावा होते हुए कानपुर किया जा रहा है जो की गलत है। कालिंद्री एक्सप्रेस फर्रुखाबाद से पिछले 40 वर्षों से लगातार चल रही है और दिल्ली के लिए जाने वाली है एकमात्र ट्रेन है यदि इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करके इसको हटाया गया तो फर्रुखाबाद वालों को बहुत परेशानियां होगी और लोगों को यात्रा करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार को ज्ञापन देकर उनको अवगत कराया गया कि किसी भी सूरत में कालिंद्री एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन ना किया जाए। इसको नई दिल्ली से फर्रुखाबाद तक चलाया जाए। यदि संभव हो तो इसको कन्नौज होते हुए मंधना तक चलाया जाए, क्योंकि मंधना से लेकर अनवरगंज रेलवे स्टेशन तक एलिवेटेड ट्रैक तैयार होने के कारण इस रूट को बंद किया जा रहा है। अब फर्रुखाबाद से ट्रेन केवल मंधना तक जायेगी, तो यदि आवश्यक हो तो कालिंद्री एक्सप्रेस को मंधना तक जारी रखा जाए और नहीं तो पूर्व की भांति इस ट्रेन को फर्रुखाबाद से भिवानी तक ही चलाया जाए। फर्रुखाबाद से ट्रेन को रेलवे डिपार्टमेंट हटाने की ना सोचे, क्योंकि यह फर्रुखाबाद वालों के लिए लाइफलाइन भी है और दिल्ली के लिए मात्र एक ट्रेन है। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने स्टेशन अधीक्षक को बताया की बहुत जल्द रेलवे विभाग उच्च अधिकारियों से बात करके उनको जनता की समस्याओं से अवगत कराए की फर्रुखाबाद की जनता बहुत परेशान है और किसी भी सूरत में यह नहीं चाहती है कि इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन किया जाए। जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन को नई दिल्ली से फर्रुखाबाद के बीच चलाया जाए, क्योंकि कानपुर से दिल्ली की दर्जनों ट्रेनें हैं वहां के लोगों को कालिंद्री एक्सप्रेस से ज्यादा आना-जाना भी नहीं होता है। इस एक्सप्रेस ट्रेन से कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, मैनपुरी जनपदों के ही लोग यात्रा करते हैं और उन लोगों के लिए मात्र एक ट्रेन यही है यदि इसको बंद किया गया तो जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी रेलवे विभाग की होगी। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मेरी पूरी कोशिश होगी की कालिंद्री एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन ना किया जाए और इसको पूर्व की भांति नई दिल्ली से फर्रुखाबाद तक चलाया जाए। उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द इसका निस्तारण करने का वचन दिया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अंगद पांडे उर्फ कोमल पांडे ने कहा की रेलवे डिपार्टमेंट देखे की ट्रेन से सबसे अधिक जनपद फर्रुखाबाद के लोग यात्रा करते हैं और उनके लिए देश की राजधानी से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है। हजारों व्यापारी प्रतिदिन नई दिल्ली जाता है और आता है इसलिए इस ट्रेन को फर्रुखाबाद से बंद किया जाना बहुत गलत है और इसके लिए हमको किसी स्तर पर भी आवाज उठानी होगी हम उठाएंगे।

आज साथ में प्रमुख लोगों में नीतीश दुबे उर्फ नीशू पूर्व सभासद, उमेश जाटव सभासद, महेश अग्निहोत्री बाबू पूर्व सभासद, नितिन गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मंडल (पटरी दुकानदार संगठन), राजीव पाल, सनी बाथम, ओमनिवास पाठक, राजीव वर्मा, रजत वर्मा, आशू मिश्रा, आलोक मिश्रा भूरे, मलखान सिंह राजपूत, लकी गुप्ता, शिवांग बाजपेई, आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते भइयन मिश्रा व अन्य

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में हो रही परेशानी को प्रमुखता से उठाया गया। जयवीर सिंह ने आधार कार्ड बनवाने में प्रधानाध्यापक से सहयोग मांगा।

प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, स्वास्थ्य परीक्षण पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बने हैं उनके आधार कार्ड बीआरसी पर बनवा दिए जाएंगे। डीबीटी योजना में लाभ लेने के लिए बैंक खाते आधार और मोबाइल नंबर लिंक कराना जरूरी है तथा खाता सक्रिय होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निः शुल्क पाठ्य पुस्तकें सभी बच्चों को मिल चुकी हैं और एक माह बीतने के बाद भी अभिभावकों ने अभी तक कापियां नहीं खरीदी जिस कारण बच्चे पुरानी कापियों में ही काम कर रहे हैं। बैठक में खेतल सिंह, जयवीर, नीरज, रविकांत, मेमवती, सत्यवती, पिंकी, फूलमती, सीमा, भगवान देवी, नफीसा बेगम, मोनी, अंशी, रीतिका, आशा आदि उपस्थित रहे।


बैठक के दौरान मौजूद अभिभावक व शिक्षकगण आदि

# जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में आ रहीं परेशानियों का उठा मुद्दा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में हो रही परेशानी को प्रमुखता से उठाया गया। जयवीर सिंह ने आधार कार्ड बनवाने में प्रधानाध्यापक से सहयोग मांगा। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, स्वास्थ्य परीक्षण पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र बने हैं उनके आधार कार्ड बीआरसी पर बनवा दिए जाएंगे। डीबीटी योजना में लाभ लेने के लिए बैंक खाते आधार और मोबाइल नंबर लिंक कराना जरूरी है तथा खाता सक्रिय होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें सभी बच्चों को मिल चुकी हैं और एक माह बीतने के बाद भी अभिभावकों ने अभी तक कापियां नहीं खरीदी जिस कारण बच्चे पुरानी कापियों में ही काम कर रहे हैं। बैठक में रविकान्त खेतल सिंह, पिंकी जयवीर,नीरज, मेमवती, सत्यवती, फूलमती भगवान देवी, सीमा, अंशी, रितिका, नफीसा बेगम, मोना, आशा आदि उपस्थित रहे।


जानकारी देते प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल

# आलू मंडी में जगह-जगह गंदगी के लगे ढेर, बदबू से सांस लेना मुश्किल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मंडी सातनपुर में गंदगी से फैली बदबू से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। यहां आलू लेकर आने वाले किसान खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि जगह-जगह सड़े आलू के ढेर लगे हुए हैं। मंडी सचिव की हठधर्मिता के चलते सफाई व्यवस्था पंगु हो गयी है। जिससे यहां के आलू आढ़तियों व किसानों में खासा रोष देखा जा रहा है। इसके अलावा बरसात होने से पानी जगह-जगह भरा हुआ है। जिससे हुई फिसलन से किसान गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से मंडी में व्याप्त गंदगी को साफ कराये जाने की मांग की है। वहीं आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्पित राजपूत ने मंडी सचिव से तुरन्त सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से करवाने की मांग की है।


सड़े आलू खा रहे आवारा जानवर

# इग्नू द्वारा जुलाई 2026 सत्र की पुनः प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के डी.एन.पी.जी. कॉलेज में संचालित इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र 2729 के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि इग्नू के द्वारा जुलाई 2026 सत्र में वर्तमान विद्यार्थीयों के लिए अगले सेमेस्टर/वर्ष में प्रवेश लेने के लिए पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

समस्त ओडीएल एवं आनलाइन पाठ्यक्रमों के पंजीकृत अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक अपने आवेदन ऑनलाईन माध्यम से कर सकते हैं। उक्त विषयक जानकारी वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने ई.मेल के माध्यम दी। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि इग्नू एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और ऐसे कोई उच्च शिक्षा पाने के अभ्यर्थी जो अपने ज्ञान और कौशल का सम्वर्धन करना चाहते हैं, वे इग्नू में प्रवेश लेकर अपने करियर एवं भविष्य को नई ऊचाँई प्रदान कर सकते है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि विद्यार्थी 30 जून 2026 तक पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन करके ऑनलाईन माध्यम से अपना शुल्क भी जमा कर सकते है। इग्नू अध्यन केन्द्र डी.एन. कॉलेज के समनवयक ने कहा कि जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने वाले समस्त कोस के विद्यार्थी एवं जनवरी 2025 या उसके पूर्व वार्षिक कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पुनः पंजीकरण करना अनिवार्य है।


जानकारी देते वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र

# तहसील बार एसोसिएशन की बैठक में एकजुट रहने का किया गया आह्वान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन तहसील सदर फर्रुखाबाद की आम सभा की बैठक तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में भ्रामक सूचनाओं एवं तथ्यों के द्वारा सदस्यों को गुमराह कर रहे बिन्दुओं पर आक्रोश व्यक्त किया गया और एक मत में कहा गया कि अध्यक्ष की स्वीकृति के बिना किसी भी पदाधिकारी का इस्तीफा अमान्य माना जाये। बैठक में युवा व वरिष्ठ अधिवक्ताओं से एक जुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान का आह्वान किया गया।

बुधवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रुकमंगल सिंह चौहान ने की। संचालन पूर्व चुनाव अधिकारी उमाशंकर कटियार ने किया। पूर्व सचिव रविनेश चन्द्र यादव ने सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान समय में कार्यकारणी के द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विचार करते हुए कहा कि जो लोग हमारी बार एसोसिएशन में पंजीकृत नहीं है वह अपना पंजीकरण करा लें। अधिवक्ता रामेन्द्र कटियार ने कहा कि बहुत ही गम्भीर विषय था।

उन्होंने अधिवक्ताओं से एकजुट रहने की बात कही। अधिवक्ता वीरेन्द्र मिश्रा व राजीव चौहान ने अधिवक्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान किया कि अधिवक्ताओं के बीच बढ़ रहे गतिरोध खत्म करने का प्रयास किया जाये और एक कमेटी बनाकर विवाद का समान हो सके।

अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने मासिक बैठक होने की मांग की। अधिवक्ता संजीव शाक्य ने कहा कि जब तक अध्यक्ष स्वस्थ नहीं हो जाते हैं तब तक चुनाव की जरूरत नहीं है। अधिवक्ता कुलदीप त्रिपाठी ने कहा कि पांच सदस्यों की कमेटी बनाई जाए, जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। अधिवक्ता राजेश वर्मा ने कहा कि उक्त बिन्दु पर ध्यान देना चाहिए, बाहरी सदस्यों के बारे में जानकारी करके उनके खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए, क्या उपाध्यक्ष को जो इस्तीफे दिये गये हैं, उसकी जानकारी अध्यक्ष को दी गई है और क्या उसकी स्वीकृति ली है। अधिवक्ता उमाशंकर कटियार, पंकज राजपूत, बजेश यादव व अंशुमान सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और बैठक के उपरांत सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पांच सदस्सीय कमेटी बनाकर अधिवक्ताओं के बीच चल रहे विवाद को समाप्त किया जाये। इस दौरान अधिवक्ता सतेन्द्र शाक्य, ओमप्रकाश दुबे, उमाशंकर सक्सेना, अनूप कटियार, संजीव शाक्य, विपिन यादव, स्वदेश दुबे, सुनील सक्सेना, फिरोज अली खान, संजय कटियार, हेमराज सिंह राजपूत, अनिल सक्सेना, गोकुलेश सक्सेना, ऋषि सक्सेना, अनुज शर्मा टोनी, आशीष राजपूत, निखिल दीक्षित, श्यामेन्द्र सक्सेना, सुमित कश्यप, अतुल शाक्य, जगवीर कुशवाहा, दिलीप कश्यप आदि मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद अधिवक्तागण

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक


बालिकाओ को जागरुक करती महिला पुलिसकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बुधवार को महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों ने सभी को पत्रकों का वितरण किया। जिसमें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही कहा गया कि आप लोग परेशानी होने पर उपरोक्त नंबरों को बेझिझक डायल कर सकती हैं। पुलिस तुरंत आपकी सहायता हेतु मौके पर पहुंचेगी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आने जाने वाली सभी महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया।

# 15 मई से होगा मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलनः अजय कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत फर्रुखाबाद संगठन के जिला अध्यक्ष अजय कटियार लिंक एक्सप्रेस-वे में जा रही जमीनों के किसानों के साथ बैठकें कीं। जिसमें मुख्यतया बैठकें ग्राम सभा नीमकरोरी, गुतासी, आकलगंज में कि जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और एक जुट रहने का संकल्प लिया।

जिसमें बोलते हुए जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद से लिंक एक्सप्रेस-वे निकल रहा है हम उसका विरोध नहीं कर रहे। हम विरोध कर रहे हैं भूमि अधिग्रण का , बेतरतीब तरीके से बनाए जा रहे कटों का एवं आबादी से निकाले जाने का लिंक एक्सप्रेस-वे में जो जमीन जा रही है उनका मुआवजा बाजार भाव का चार गुना चाहिए, क्योंकि जो एक्सप्रेस-वे बनाया जाएगा उसमें जो भी मैटेरियल एवं इंजीनियर एवं टोल आज के भाव का लगेगा तो किसानों को मुआवजा भी आज के भाव का चार गुना चाहिए। इससे कम पर अब समझौता नहीं होगा और जो कट बनाए जा रहे है उनको एक्सप्रेस-वे के समानांतर बनाया जाए और जिन गांव के अंदर से निकाला जा रहा है उसको आबादी से दूर किया जाए। यदि इस पर जिला प्रशासन तैयार नहीं होगा तो 15 मई को किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा। जिसमें जनपद से बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों सहित पहुंचेगा। जिसके लिए सभी किसानों ने एक राय होकर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी। इस अवसर पर जिला महासचिव अभय यादव, जिला संगठन मंत्री अरविंद गंगवार, युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत, जिला सचिव पुजारी कटियार, मोहम्मदाबाद ब्लॉक अध्यक्ष बड़े यादव, अजीत सोमवंशी, रामनरेश यादव, संजीव गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।


बैठक के दौरान मौजूद किसान

**ड़बड़ी से अटकी किसान सम्मान निधि**

# 2980 किसानों का रिकॉर्ड मिसमैच, तुरंत सत्यापन कर सुधारें प्रविष्टियांः डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में किसान सम्मान निधि योजना के लाभ में बड़ी बाधा सामने आई है। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान 2980 किसानों का डेटा मिसमैच पाया गया, जिससे इन किसानों को योजना का लाभ मिलने में दिक्कत आ सकती है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का तत्काल सत्यापन कर उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेज गति से पूरा करते हुए तय समयसीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

समीक्षा में सामने आया कि तिर्वा तहसील में 1001, कन्नौज क्षेत्र में 826 और छिबरामऊ तहसील में 1153 मामलों में डेटा गड़बड़ी है। डीएम ने सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने को कहा। इसके अलावा करीब 4400 मृत व्यक्तियों के मृत्यु प्रमाण पत्रों का सत्यापन कर अभिलेखों को अपडेट करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि रजिस्ट्री का डाटाबेस पूरी तरह शुद्ध और प्रमाणिक बन सके।

डीएम ने तहसील स्तर पर एडीओ, राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर अभियान मोड में काम करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर पात्र किसान का पंजीकरण सुनिश्चित करना जरूरी है, तभी शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सकेगा। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 के सम्बन्ध में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक संजय कुमार अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एडीआर भवन में आयोजित की गयी।

बैठक का संचालन बिंदिया भटनागर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद द्वारा किया गया। बैठक में लघु आपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 में चिन्हित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा चिन्हित मामलों का विवरण प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया गया है। धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित अबतक कुल 54 मामले चिन्हित एवं लघु आपराधिक मामलों से सम्बन्धित अब तक कुल 4200 मामले चिन्हित किये जा चुके है। तैयारी बैठक में प्रीतिमाला चतुर्वेदी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, जयवीर सिंह सिविल जज सी.डि., युगल संभू अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, आकाश गुप्ता सिविल जज सी.डि/एफटीसी, नमिता दुबे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, स्वेता तिवारी अपर सिविल जज (व0प्र0), इशिता सिंह सिविल जज (जू0डी0) सिटी, ओमश्री चौरसिया जेएम सदर, गुलफशा अपर सिवल जज (जू.डी.)/ जे.एम. 02, ज्योति सागर जेएम/एफटीसी 02, अनामिका यादव अपर सिविल जज जू.डि., शोभा रानी अपर सिविल जज 05, सुबुक मुस्कान जेएम हवाली, दीपिका रानी अपर सिविल जज 06, शिवानी सिविल जज/एफटीसी 01, प्रशान्त कौशिक अपर सिविल जज 07 आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते अपर जिला जज व मौजूद न्यायिक अधिकारीगण

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना अभियान आज से शुरू

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जनपद बलरामपुर में 07 मई से 21 मई 2026 तक 'स्व-गणना अभियान' संचालित किया जाएगा। इस दौरान आमजन स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी जनगणना पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विपिन कुमार जैन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि देश में पहली बार स्व-गणना जैसी आधुनिक एवं डिजिटल व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं सहभागी बनेगी। उन्होंने सभी विभागों, संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों को अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अल्लाह दादपुर, वि०ख० नवाबगंज, फर्रु०**

पत्रांक: मीमो/ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/15वां वित्त/ टेण्डर प्रकाशन 2026-2027 दिनांक 05/05/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अल्हादादपुर, वि0ख0 नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/05/2026 से 12/05/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/05/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेंडर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | देवी मंदिर से आफीसर के घर तक नाला निर्माण कार्य | 1.10 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें:- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान- दिनेश कुमार | सचिव- वेदप्रकाश

ग्राम पंचायत अल्लाह दादपुर, विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद

## मोहम्मदी में जनगणना 2026 का आगाज़: आज से शुरू होगा डिजिटल स्व-गणना चरण

# 21 मई तक चलेगी मकान गणना, मोबाइल से 10-15 मिनट में भर सकेंगे पूरा विवरण

**उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर व तहसीलदार अरुण कुमार ने संभाली कमान, व्यापक तैयारी**




**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी (खीरी)।**

तहसील मोहम्मदी में जनगणना 2026 का कार्य 7 मई से विधिवत शुरू किया जा रहा है। यह अभियान पूरे प्रदेश में एक साथ संचालित होगा। उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी, जिसकी शुरुआत स्व-गणना (हाउस लिस्टिंग) से होगी।

पहले चरण में 7 मई से 21 मई तक नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार और आवास से जुड़ी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और इसे पूरा करने में करीब 10 से 15 मिनट का समय लगेगा। स्व-गणना के दौरान परिवार का मुखिया मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर ओटीपी सत्यापन करेगा, जिसके बाद घर का विवरण, लोकेशन मैपिंग सहित अन्य जरूरी जानकारी भरनी होगी। प्रक्रिया पूरी होने पर 11 अंकों की SEID मिलेगी, जिसे आगे प्रगणक को दिखाना अनिवार्य होगा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बैंक या संवेदनशील वित्तीय जानकारी नहीं मांगी जाएगी, जिससे नागरिक बिना किसी संकोच के इसमें भाग ले सकें। स्व-गणना के बाद दूसरे चरण में वास्तविक जनगणना (एक्चुअल काउंट) की जाएगी, जिसमें जनसंख्या, सामाजिक और अन्य महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। इस अभियान के सफल संचालन के लिए उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर के नेतृत्व में पूरी व्यवस्था संचालित की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में तहसीलदार अरुण कुमार को प्रभारी बनाया गया है, जबकि नगरीय क्षेत्र की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी जेपी मौर्या को सौंपी गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में 875 ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें 941 प्रगणक तैनात किए गए हैं और उनकी निगरानी के लिए 158 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। वहीं मोहम्मदी नगर पालिका में 88 ब्लॉकों पर 97 प्रगणक और 17 सुपरवाइजर तथा बरवर नगर पंचायत में 24 ब्लॉकों पर 26 प्रगणक एवं 5 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि झुग्गी-झोपड़ी, अस्थायी या स्थायी किसी भी आवास में रहने वाले सभी व्यक्तियों की गणना उसी स्थान पर की जाएगी, जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं। उपजिलाधिकारी चलुवराजु आर और तहसीलदार अरुण कुमार ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से अपील की है कि वे लोगों को जागरूक करें और स्व-गणना में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कर इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं।

## तेज रफ्तार एसयूवी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर

**सीसीटीवी बना अहम सबूत, मोटर व्हीकल एक्ट व बीएनएस में मुकदमा दर्ज**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एसयूवी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मुकदमा मोटर व्हीकल एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज को अहम साक्ष्य माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कैथोला निवासी छोटेलाल के पुत्र सोनू लाल 29 अप्रैल 2026 को मुरादपुर से अपने घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 1:25 बजे मुरादपुर और बड़ी नहर के बीच एक तेज रफ्तार सफेद एसयूवी गलत दिशा से आई और उनकी बाइक (हीरो डीलक्स) को टक्कर मार दी। हादसे में सोनू लाल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके बाएं पैर में तीन स्थानों पर हड्डियां टूट गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें गोला सीएचसी पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल ओम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष के अनुसार टक्कर के बाद एसयूवी का अगला बायां पहिया पंचर हो गया था। चालक ने पास की दुकान पर गाड़ी ले जाकर अतिरिक्त पहिया (स्टेपनी) बदलवाई, जिसकी पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि मौके पर एक सफेद स्कॉर्पियो, जिस पर एक राजनीतिक दल का झंडा लगा था, मौजूद रही और एसयूवी चालक की मदद करती दिखाई दी।

# पुराने बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग तेज, व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।**



नगर के स्टेशन रोड स्थित पुराने बस स्टैंड के पास सार्वजनिक शौचालय न होने से यात्रियों व स्थानीय लोगों को हो रही असुविधाओं के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। होटल व्यवसायिक संघ पलिया कलां के महामंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक व्यापारी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन तहसीलदार ज्योति वर्मा को दिया गया, जिसमें जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की मांग की गई। व्यापारियों ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित पुराने बस स्टैंड के समीप नगर पालिका परिषद की खाली भूमि उपलब्ध है। यहां ऑटो स्टैंड होने के साथ-साथ दिनभर बसों का संचालन होता है, जिससे सैकड़ों यात्रियों, राहगीरों और दुकानदारों का आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद आसपास सार्वजनिक शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि इस संबंध में दो फरवरी 2026 को भी उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। उस समय बजट बैठक के बाद निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन मिला था, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। व्यापारियों ने यह भी कहा कि सार्वजनिक शौचालय का निर्माण मौजूदा चेयरमैन के चुनावी एजेंडे में शामिल था, इसके बावजूद लोगों को अब तक इस मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मधुकर गुप्ता, इरशाद खान, राहुल गुप्ता, रोहित गुप्ता, गुलाब खान, मुजीबुल खान, संजय अवस्थी, साहिद खान, प्रदीप मौर्य, आसिफ खान, सहजाद खान, सोनू गुप्ता, रामनिवास यादव, विजय कुमार सिंह, शाहरुख खान, रामकिसुन राजभर, बबलू व धर्मपाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# छत को बनाया हरियाली का आशियाना अनिल-रीता को मिला 'हरियाली मित्र सम्मान'



**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, बेस्ट फ्रॉम वेस्ट और पक्षी सेवा से बनी मिसाल**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

हरियाली को सहेजने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के सराहनीय प्रयासों के लिए पर्यावरण मित्र समूह ने अनिल श्रीवास्तव एवं रीता श्रीवास्तव को 'हरियाली मित्र सम्मान' से सम्मानित किया। समूह के सदस्यों ने बताया कि दंपति ने अपनी छत को पौधों से सुसज्जित कर एक हरित मॉडल प्रस्तुत किया है। इसके साथ ही वे नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करते हैं और 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि सच्चे मन से संकल्प लिया जाए और निरंतर प्रयास किए जाएं, तो पर्यावरण संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्य भी आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र समूह के अध्यक्ष विशाल सेठ, उपाध्यक्ष राम मोहन गुप्त, सचिव संजय गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य कुमकुम गुप्ता के साथ गायत्री देवी श्रीवास्तव, अक्षरा श्रीवास्तव एवं अनुभव श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रशिक्षण आयोजित, स्टाफ ने ली शपथ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मोतीपुर ओयल में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. आरके कोली की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके कोली द्वारा उपस्थित सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को 'अग्नि सुरक्षा शपथ' दिलाई गई। इस शपथ के माध्यम से सभी ने कार्यस्थल पर अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से कार्य करने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक सवार घायल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के सेमरा गड़बड़ा मार्ग पर मंगलवार की रात्रि में दो बाइको की टक्कर होने से दोनों बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है मध्य प्रदेश के खीरी सलाईया गांव निवासी 28 वर्षीय सुरेश अपने साथी 30 वर्षीय अखिलेश के साथ कंही जा रहे थे की जैसे ही सेमरा गड़बड़ा मार्ग पर पहुंचे की सामने से आ रहे बाइक सवार उंटी गांव निवासी 35 वर्षीय कार्तिक अपने साथी गड़बड़ा निवासी 22 वर्षीय दीपू के बाइक से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी तेज थी की बाइक सवार नहर में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा के चालक मंगला व ईएमटी दीपक कुमार ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की दो बाइको की टक्कर में दोनों बाइक सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल होकर एम्बुलेंस 108 से आये थे प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों को मंडली लय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

### एक्सीडेंट के मामले में जांच के लिए पहुंची गुजरात पुलिस

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** गुजरात के भरुच जिला के थाना अंकलेश्वर थाना बीडिवीजन में दर्ज एक्सीडेंट के मामले की जांच के लिए बुधवार को गुजरात के भरुच जिले के अंकलेश्वर थाने के हेड कांस्टेबल फारेश बैच व कांस्टेबल निखिल मकवाना हलिया थाना पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ मनिगढ़ा गांव पहुंचकर एक्सीडेंट के मामले में युवक से पूछताछ किया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की गुजरात के भरुच जिला के अंकलेश्वर थाने में दर्ज एक्सीडेंट के मामले में गुजरात के अंकलेश्वर थाने की पुलिस टीम गांव में पहुंचकर मामले की जांच किया है।

### रेलवे ट्रैक के पास वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सहित कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में परिजनों ने शव की पहचान 98 वर्षीय पारसनाथ सिंह, निवासी धनसीरिया के रूप में की। बताया जा रहा है कि वह वहां कैसे पहुंचे, इस बारे में किसी को स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मामला हादसे का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।रेलवे पटरी के पास वृद्ध का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## छोटे किसान के बेटे सुरेश वर्मा बने ऑडिटर, संघर्ष से हासिल की सफलता



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** बेहजम ब्लॉक के टेड़वा गांव निवासी सुरेश वर्मा ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ऑडिटर भर्ती में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग में ऑडिटर पद पर हुआ है। छोटे किसान इन्द्रपाल वर्मा के पुत्र सुरेश ने सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बीच पले-बढ़े होने के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। वर्तमान में वह चौधरी बेचेलाल महाविद्यालय, रसूलपुर धौरहरा खीरी में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। सुरेश बताते हैं कि उनकी तैयारी का सफर आसान नहीं रहा। कई बार असफलता मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रयास करते रहे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग को दिया। पत्नी डॉ. शिवानी वर्मा ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया, वहीं माता-पिता ने भी हमेशा प्रेरित किया। सुरेश ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि साधनों की कमी सफलता में बाधा नहीं बनती। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो गांव से निकलकर भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## औचक निरीक्षण में खुली पोल कान्हा गौशाला में मिलीं खामियां एसडीएम ने लगाई फटकार

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने नगरपालिका क्षेत्र के मुड़ा सरकटा स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आई, जिस पर उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई। जांच में पाया गया कि गौशाला के रजिस्टर अधूरे हैं और पशुओं के चारे के लिए रखे गए भूसे के स्टॉक में भी कमी है। इसके अलावा, बारिश के मौसम को देखते हुए जल निकासी की व्यवस्था बेहद जर्जर स्थिति में मिली, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य पर खतरा पैदा हो सकता है। इन अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने केयर टेकर श्याम सिंह कुशवाहा को कड़ी चेतावनी दी।

# हनुमान मंदिर परिसर चिलबिला में हनुमत धाम यात्री निवास का हुआ लोकार्पण



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

श्री हनुमान मंदिर चिलबिला परिसर में स्थापित धर्मशाला के ऊपर एक हाल यात्रियों के निवास के लिए चिलबिला निवासी स्वश्सजन लाल केडिया की स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकाश केडिया, श्री प्रकाश केडिया, सत्य प्रकाश केडिया के द्वारा बनवाया गया। जिसका लोकार्पण मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य व महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर हनुमान भक्तों को ठहरने के लिए सार्वजनिक किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए सत्य प्रकाश केडिया को अध्यक्ष रामगोपाल, महासचिव रोशनलाल ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर हनुमान जी महाराज की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मंदिर परिसर में हनुमत धाम का निर्माण कराकर सत्य प्रकाश केडिया जी ने अनोखी पहल की है। यहां पर ठहरने वाली तीर्थ यात्रियों को अब और भी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर बजरंग लाल, संतोष कुमार, सोनू महाराज, शनि महाराज, प्रमोद कुमार, देवानंद, छेदीलाल, सुनील अग्रवाल, बबलू सिंह, राजू उमरवैश्य, रामगोपाल, विनोद केसरवानी, श्याम बाबू, अमन गुप्ता, आदर्श कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 09 मई के संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय के साथ-साथ वाह्य न्यायालय कुंडा ,लालगंज एवं सभी राजस्व व अन्य न्यायालयों में होने जा रहा है, जिसमें लोग अपने वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिला जज राजीव रंजन, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश एस सी एस टी हेमंत कुमार, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत अंकिता दुबे, अपर जिला जज राम लाल द्वितीय, आतिफ समीम स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट, सीजेएम कुमुद उपाध्याय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय सहित न्यायिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## खरीफ में बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग पोर्टल पर 10 मई तक ऑनलाइन बुकिंग करें

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि खरीफ-2026 में समस्त फसलो हेतु निःशुल्क मिनीकिट, सामान्य/प्रमाणित एवं संकर बीज अनुदान पर प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर आनॅलाइन आवेदन/बुकिंग 22 अप्रैल से प्रारम्भ है। ऑनलाइन आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में आनॅलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित कृषकों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज वितरित कराया जायेगा।

इच्छुक कृषक निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर अपना ऑनलाइन 10 मई तक आवेदन अवश्य करें।

# पदोन्नति पाकर पुलिस उपाधीक्षक बनीं निरीक्षक नमिता सिंह



**पुलिस अधीक्षक ने कंधे पर 'सिल्वर स्टार' लगाकर दी शुभकामनाएं**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा बुधवार को जनपद में तैनात महिला निरीक्षक नागरिक पुलिस श्रीमती नमिता सिंह को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर बधाई दी गई। पुलिस अधीक्षक ने महिला सहायता प्रकोष्ठ में कार्यरत श्रीमती नमिता सिंह के कंधे पर सिल्वर स्टार लगाकर उन्हें इस नई उपलब्धि की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय भी उपस्थित रहे और पदोन्नत अधिकारी को सफल कार्यकाल हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# जंगल से निकले तेंदुए ने मचाया आतंक: महिला समेत तीन को किया घायल

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

महराजगंज के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के वनग्राम अचलगढ़ के दक्षिणी हिस्से में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल की ओर गए ग्रामीणों पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकलने से डरने लगे। घायलों को सीएचसी लक्ष्मीपुर में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर पहुंची वन कर्मियों की टीम तेंदुए की टोह में लग गई है। **घटना का विवरण-** लक्ष्मीपुर रेंज के वनग्राम अचलगढ़ निवासिनी ईशा (20 वर्ष) पत्नी मंगरू बुधवार की सुबह गांव के पास जंगल की तरह गई थी। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर झपट्टा मार दिया। ईशा के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए। इसी बीच ईशा को घायल करने के बाद तेंदुआ झाड़ियों में छिप गया। इसी दौरान पास में मौजूद नीरज (16 वर्ष) पुत्र शौकीलाल भी तेंदुए की चपेट में आ गया। तेंदुए ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीण कुछ समझ पाते, इससे पहले तेंदुआ तेजी से भागते हुए गांव के ही मुरलीधर (69 वर्ष) पुत्र स्व. सुमेर पर भी हमला कर घायल कर दिया। अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। **ग्रामीणों के शोर मचाने पर जंगल की ओर भागा-** हमले में तीन लोगों के घायल होने के बाद ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया। ग्रामीणों के शोर मचाने और लोगों के जुटने के बाद तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। वह घने इलाके में जाकर छिप गया। घटना की सूचना कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त हो गया। महिलाएं और बच्चे खास तौर पर सहमे हुए हैं। कई लोगों ने जंगल और खेतों की तरफ जाना बंद कर दिया है। **घायलों को पहुंचाया गया लक्ष्मीपुर सीएचसी-** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने घायल तीनों लोगों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज शुरू किया।

# नवागत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने पदभार संभाला



**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।** महराजगंज के नवागत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व में वे यहां सीडीओ के तौर पर कार्य कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर जरूरी निर्देश दिया। योजनाओं की डिलीवरी पर फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनोन्मुखी योजनाओं को धरातल पर लागू करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनआरएलएम में लखपति दीदी योजना महत्वपूर्ण है। कहा कि पूरी कोशिश रहेगी कि महराजगंज जनपद नगर विकास में बेहतर प्रदर्शन करे।

निर्देश दिया कि स्वच्छ सर्वेक्षण को प्रभावी तरीके से लागू करें। जल संचय जन भागीदारी को जन अभियान बनाने का प्रयास करें। राजस्व वादों का शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाय। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई कर समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करें।

# महराजगंज एसपी ने पैरोकारों संग की बैठक अभियोजन कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**

महराजगंज में अभियोजन कार्यों को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह गोष्ठी पुलिस कार्यालय महराजगंज के तथागत सभागार में आयोजित की गई, जिसमें सभी थानों के सत्र न्यायालय और अवर न्यायालय के पैरोकार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वर्ष 2025 और 2026 की काज लिस्ट तथा पैरवी रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने न्यायालयों में लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अभियोजन साक्ष्यों की समय पर उपलब्धता, गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने और मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने सभी पैरोकारों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और उत्तरदायित्व के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालयी कार्यवाही में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, अभिलेखों के अद्यतन रख-रखाव और समुचित अनुश्रवण पर विशेष बल दिया गया। गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियोजन कार्यों में और अधिक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया।

**लंबित मामलों की पैरवी पर जोर दिया**